संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

02 नवंबर 2025, रविवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 041

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## धर्मेंद्र आईसीयू में भर्ती



**मुंबई ।** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को हाल ही में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसके बाद से उनके चाहने वालों के बीच चिंता का माहौल है। बॉलीवुड के इस प्यारे सितारे की तबीयत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई थीं, लेकिन अब उनके करीबी सूत्रों ने जानकारी दी है कि चिंता की कोई बात नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### देवघर एम्स के नए निदेशक नितिन गांगेय ने पदभार ग्रहण किया



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर के देवीपुर एम्स के नए निदेशक नितिन गांगेय ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया और पदभार ग्रहण करते ही सभी अधिकारियों से मुलाकात कर एम्स की स्थिति के बारे में जाना। देवघर एम्स के नए निदेशक से खास बातचीत वही एम्स के नए निदेशक डॉ नितिन गांगेय ने कहा कि पिछले 4 वर्षों में एम्स एक बेहतर जगह पर पहुंचा है और पूर्व के निदेशक डॉक्टर सौरभ वार्ष्णेय ने बेहतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यहां पर ट्रांसपोर्ट की समस्या है, लेकिन आने वाले समय में सरकार की तरफ से इस समस्या का भी निदान हो जाएगा।

### भ्रामक विज्ञापन पर दो कोचिंग संस्थानों पर आठ-आठ लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने दीक्षांत आईएएस और अभिनव आईएएस को झूठे और भ्रामक विज्ञापन चलाने के लिए आठ-आठ लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। दोनों संस्थानों पर यह कार्रवाई उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन और अनुचित व्यापारिक तरीके अपनाने के मामले में की गई है। सीसीपीए के मुताबिक, इन दोनों कोचिंग संस्थानों ने अपने विज्ञापनों में सफल यूपीएससी उम्मीदवारों के नाम और फोटो बिना इजाजत के इस्तेमाल किए। उन्होंने अपनी कोचिंग की झूठी सफलता दिखाने के लिए ऐसे दावे किए जो हकीकत से बहुत अलग थे।

## राजद के डीएनए में अभी भी हत्या, डकैती और गुंडागर्दी : नड्डा

एजेंसी

**पटना ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को बिहार के मुख्य विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर जमकर हमला बोला। मुजफ्फरपुर के औराई में आयोजित जनसभा को वर्चुअली संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

औराई विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार राम निषाद के पक्ष में चुनावी जनसभा को वर्चुअली सम्बोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि राजद का डीएनए आज भी नहीं बदला, उसके डीएनए में आज



भी हत्या, लूट और बलात्कार ही है। जेपी नड्डा ने कहा कि अगर उजाले का मजा लेना है, तो काले दिन को भी याद रखिएगा। जिस तरह से बिहार को राजद के द्वारा रखा जा रहा था, उसे उजाले में तब्दील करने में राजग सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगवाई में काम की है। उन्होंने कहा कि राजद का डीएनए आज भी नहीं बदला है। राजद वालों के डीएनए में आज भी हत्या, लूट, अपहरण और गुंडागर्दी है। इसका जीता जागता उदाहरण शहाबुद्दीन के बेटे को टिकट देना है। सिवान से सांसद रहे शहाबुद्दीन के बारे में उन्होंने कहा कि एक भाजपा कार्यकर्ता, जो अपने घर पर झंडा लगाया था, उसे मार दिया था। साथ ही चांद बाबू के दोनों बेटों को सिवान में तेजाब से नहलाया गया था।

जेपी नड्डा ने कहा कि अभी हाल ही में दो दिन पहले पटना के दानापुर से विधायक रीतलाल यादव को उच्च न्यायालय से जमानत नहीं दिया गया। रीत लाल यादव राजद के विधायक हैं। ऐसे ही लोग गुंडागर्दी कर काला साम्राज्य वाले राजद के सहयोगी है।

## एनडीए सरकार ने बिहार को गरीबी, बेरोजगारी में धकेल दिया : प्रियंका

एजेंसी

**बेगूसराय ।** एनडीए सरकार ने बिहार को गरीबी, बेरोजगारी व पलायन की विभीषिका में धकेल दिया। 20 साल से प्रदेश की सत्ता में बैठी पार्टी ने आपके लिए कुछ नहीं किया। आपको सिर्फ गरीबी, बेरोजगारी और पलायन दिया है। आज वे आपको बरगलाने में लगे हैं। भविष्य और अतीत की बातों में आपको उलझाते हैं लेकिन आपके संघर्षशील वर्तमान की बातें नहीं करते। सोच समझकर अपने भविष्य का फैसला ?कीजिए और ऐसी सरकार चुनिए जो आपके वर्तमान के लिए काम करे। यह बात शनिवार को बिहार के बेगूसराय जिले के बछवाड़ा में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कही। उन्होंने कहा कि बिहार की धरती ने



आजादी आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाई। इस आंदोलन ने हमें हमारा संविधान और वोट का अधिकार दिया। आज नरेंद्र मोदी और एनडीए की सरकार इसी अधिकार को छीन रही है। बिहार में एसआईआर के तहत लाखों वोट काट दिए गए। 20 साल से चल रही एनडीए सरकार ने बिहार को गरीबी, बेरोजगारी व पलायन की विभीषिका में धकेल दिया है और अब जनता का वोट चोरी करके सत्ता बचाने की कोशिश कर रही है।

## झामुमो का प्रचार कार्यक्रम जारी, हेमंत व कल्पना की होंगी ताबड़तोड़ सभाएं

### घाटशिला उपचुनाव



संवाददाता

**रांची ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने विधानसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों का भ्रमण कार्यक्रम जारी कर दिया है। कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन 3 नवंबर से 8 नवंबर 2025 तक पूर्वी सिंहभूम और आसपास के क्षेत्रों में चुनावी सभाएं और रोड शो करेंगे।कार्यक्रम की शुरुआत 3 नवंबर को मुसाबनी के कुईलीसूता मार्शल ग्राउंड से होगी, जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दोपहर 1 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद 4 नवंबर को कल्पना सोरेन घाटशिला के गालूडीह आंचलिक मैदान में दोपहर 12 बजे और गुड़ाबंदा के सिंहपुरा जयघंटापुर मैदान में दोपहर ढाई बजे सभा करेंगी। 6 नवंबर को हेमंत सोरेन दामपाड़ा में, 7 नवंबर को धालभूमगढ़ में और 8 नवंबर को घाटशिला के ताम्र प्रतिभा मैदान में दोपहर 1 बजे सभा करेंगे। आठ नवंबर को ही कल्पना सोरेन मऊभंडार में सभा के साथ जादुगोड़ा से मुसाबनी तक रोड शो करेंगी। इस दौरान सिदो-कान्हू चौक, सुरदा क्रॉसिंग और मुसाबनी बस स्टैंड पर नुक्कड़ सभाएं होंगी।

## मोंथा चक्रवात से प्रभावित किसानों का कृषि मंत्री ने लिया जायजा, तीन दिन में रिपोर्ट देने का निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** धान की फसल में रहस्यमय बीमारी फैलने और मोंथा चक्रवात के कारण फसलों एवं सब्जियों को हुए भारी नुकसान का जायजा लेने शनिवार को कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की देवघर जिले के सारवां प्रखंड पहुंचीं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ जियाखांड़ा पंचायत के रामपुर गांव का दौरा कर खेतों की वास्तविक स्थिति देखी। मंत्री ने प्रभावित किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और उन्हें बीमा योजना के तहत मुआवजा



प्राप्त करने से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आपदा प्रबंधन विभाग के सहयोग से किसानों को त्वरित राहत दिलाने की बात कही। साथ ही विभागीय अधिकारियों, विशेषकर अंचल अधिकारी को तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट समेटकर जिला प्रशासन को सौंपने का निर्देश दिया। मौके पर मंत्री ने कहा कि सरकार किसानों के साथ है और हर संभव सहायता दी जाएगी। फसल क्षति का सटीक आकलन कर उचित मुआवजा सुनिश्चित किया जाएगा ताकि किसानों को आर्थिक राहत मिल सके। देवघर आगमन पर मंत्री का स्वागत कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकुंद दास के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो. उदय प्रकाश, जिला महासचिव सह प्रवक्ता दिनेश कुमार मंडल, प्रखंड अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ गुलाब यादव, गोपाल मंडल सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## वेंकटेश्वर मंदिर में मची भगदड़ से 10 लोगों की मौत, एकादशी पर उमड़े थे श्रद्धालु

एजेंसी

**श्रीकाकुलम ।** आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में स्थित काशीबुग्गा वेंकटेश्वर मंदिर में शनिवार सुबह श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच भगदड़ मच गई। इस दर्दनाक हादसे में करीब 10 लोगों की मौत हो गयी , जबकि कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों में ज्यादातर महिलाएं बताई गई हैं।

घटना के संबंध में प्राप्त प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एकादशी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे थे, तभी अचानक रेलिंग गिरने से अफरातफरी मच गई और लोग एक-दूसरे पर गिरते चले गए। ऐसे में भगदढ़ मच गई और कई लोग गिरने और पैरों के नीचे आने से गंभीर रुप से घायल हो गए। प्रारंभिक तौर पर बताया जा रहा है कि इस दर्दनाक हादसे में करीब 10लोगों की मौत हो गई, जबकि अनेक लोग घायल हुए हैं। स्थानीय प्रशासन



और पुलिस ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया। घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिला प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को मुआवजे की घोषणा की है। अधिकारियों को आशंका है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

## पाकुड़ में पत्थर व्यवसायी की गोली मारकर हत्या,एक आरोपी गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**पाकुड़ ।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव में शुक्रवार देर रात पत्थर व्यवसायी मगबूल शेख उर्फ शेखू (45 )वर्ष की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार, रात में वे अपने घर के पास स्थित चाय दुकान पर चाय पीने गए थे। उस दौरान बारिश शुरू हो जाने से वे वहीं रुक गए। देर रात जब बारिश थमी और वे घर लौटने लगे तभी रास्ते में पहले से घात लगाए छह लोगों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों में से एक ने उनकी पीठ पर गोली मार दी। जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। गोली चलने की आवाज सुनकर घरवाले बाहर दौड़े, लेकिन तब तक सभी हमलावर मौके से फरार हो गया।घायल अवस्था में मगबूल शेख को परिजन और ग्रामीणों की मदद से सोनाजोड़ी सदर अस्पताल



पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।परिजन उन्हें इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के एक अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना की खबर फैलते ही गांव में मातम छा गया।

मृतक अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मगबूल शेख एक शांत स्वभाव के व्यक्ति थे। गांव में पत्थर कारोबार के लिए जाने जाते थे। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। उधर घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना प्रभारी गौरव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। मृतक के पुत्र जमाल शेख ने गांव के ही दानारुल शेख, उसके पुत्र लालून शेख और चार अन्य लोगों पर हमला करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि वर्ष 2023 में दानारुल शेख से उनके पिता का विवाद हुआ था। उसी रंजिश में यह हत्या की गई। जमाल ने बताया कि लालून शेख ने ही गोली चलाई थी, जो पीठ में लगी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।एसपी के निर्देश पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए शनिवार को पत्थर व्यवसायी की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी ललन शेख को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

## देवघर : शादी के पहले घर में मातम, बीच-बचाव करने गए अधेड़ की गोली मारकर हत्या

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** कुंडा थाना क्षेत्र के करनीबाग सखुआ जंगल के पास शनिवार की शाम दो गुटों के बीच हुए झगड़े ने खूनी रूप ले लिया। इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे 40 वर्षीय कारू राउत की गोली लगने से मौत हो गई। मृतक करनीबाग सखुआ जंगल का ही निवासी था। जानकारी के अनुसार, शाम के समय दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी और मारपीट हो रही थी। इसी बीच घर से कुछ दूरी पर हो रहे इस हंगामे की आवाज सुनकर कारू राउत मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास करने लगे। तभी अचानक भीड़ में से किसी ने गोली चला दी, जो उनके पेट के बाएं ऊपरी हिस्से में जा लगी। गोली लगते ही घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन व



ग्रामीण आनन-फानन में घायल कारू को देवघर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया गया कि मृतक की बेटी की शादी आगामी 7 नवंबर को होने वाली थी और घर में तैयारी चल रही थी। लेकिन अचानक हुई इस दर्दनाक घटना से पूरे परिवार में मातम पसर गया है। घटना की सूचना मिलते ही कुंडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है तथा दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## साहिबगंज : आभूषण दुकान में सेंधमारी कर 8-10 लाख के आभूषण की चोरी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**साहिबगंज ।** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित भगत मुहल्ला में शुक्रवार की देर रात अज्ञात चोरों ने एक आभूषण दुकान में सेंध लगाकर लाखों रुपये के गहनों की चोरी कर ली. घटना से पूरे बाजार में सनसनी फैल गई है. जानकारी के अनुसार पीड़ित दुकानदार अरुण स्वर्णकार की दुकान में चोरों ने ईंट की दीवार काटकर प्रवेश किया और शटर खोलकर अंदर रखे लगभग 8 से 10 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और करीब 10 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए.

चोरी हुए सामान में करीब चार किलो चांदी और लगभग 25 ग्राम सोना शामिल है. घटना की सूचना मिलते ही दुकानदार ने तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे को मामले की



सूचना दी. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन शुरू कर दिया .वहीं राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए.

उन्होंने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और कहा कि पुलिस जल्द ही इस वारदात में शामिल चोरों को गिरफ्तार कर लेगी. घटना के बाद स्थानीय दुकानदारों ने कुछ देर के लिए सड़क जाम कर दिया था.पुलिस के समझाने बुझाने के बाद सड़क जाम हटाया गया.वही हुई घटना से व्यापारी के बीच भारी रोष व्याप्त है. व्यापारी वर्ग ने बाजार में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने और दोषियों को शीघ्र पकड़ने की मांग की है.

## धनबाद में सभी 10 ब्लड बैंकों की हो रही जांच, तीन टीमों को सौंपी गई जिम्मेदारी

संवाददाता

**धनबाद ।** झारखंड के चाईबासा में चार बच्चों को एचआईवी संक्रमित इंजेक्शन दिए जाने की घटना के बाद राज्य सरकार पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई है। सरकार ने सभी जिलों के स्वास्थ्य विभाग से ब्लड बैंकों की जांच रिपोर्ट तलब की है। इसी क्रम में धनबाद जिला प्रशासन और सिविल सर्जन कार्यालय को भी विस्तृत रिपोर्ट भेजने का निर्देश मिला है।धनबाद सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि जिले में कुल 10 ब्लड बैंक हैं, जिनमें एसएनएमएमसीएच, सदर अस्पताल और विभिन्न निजी अस्पतालों के ब्लड बैंक शामिल हैं। सभी ब्लड बैंकों की गहन जांच की जा रही है। इसके लिए चिकित्सकों की तीन टीमें बनाई गई हैं, जो ब्लड से जुड़ी 35 बिंदुओं पर जांच कर रही हैं।उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट जल्द ही तैयार कर रांची भेजी जाएगी। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रतिबंध की धमकी से नहीं डरते : होसबाले

एजेंसी

**जबलपुर ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के संघ पर प्रतिबंध लगाने की बात कहे जाने के बाद कड़ा जवाब दिया है। होसबाले ने कहा कि कांग्रेस पहले भी संघ पर तीन बार प्रतिबंध लगाने का प्रयास कर चुकी है, अब चाहे तो चौथी बार भी कोशिश



कर ले। उन्होंने कहा कि किसी संगठन पर प्रतिबंध लगाने के लिए कारण होना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लगातार राष्ट्र निर्माण में जुटा है और जनता ने उसे स्वीकार किया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सभी पार्टियों का है। सरकार्यवाह होसबाले शनिवार को जबलपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक के बाबत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

## देवघर की बेटी स्नेहा ने केबीसी के मंच पर चमकाया जिले का नाम

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** देवघर की होनहार बेटी और केसरवानी समाज की गर्वित सदस्य स्नेहा केशरी ने लोकप्रिय टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति के मंच पर पहुँचकर पूरे देवघर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी मेहनत, आत्मविश्वास और अद्भुत प्रतिभा ने यह साबित कर दिया कि अगर लगन सच्ची हो, तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं होती। स्नेहा ने अपने ज्ञान और संयम से न केवल देवघर बल्कि पूरे झारखंड का गौरव बढ़ाया है। उनकी सफलता ने देवघर की युवा पीढ़ी, विशेषकर बेटियों को यह प्रेरणा दी है कि अवसरों की कोई कमी नहीं, बस आवश्यकता है



दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास की। इसी उपलब्धि के उपलक्ष्य में समाजसेवी सूरज झा ने स्नेहा केशरी को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि स्नेहा जैसी प्रतिभाशाली बेटियां समाज और जिले का गौरव हैं, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बन रही हैं।

## नगर निकाय चुनाव के लिए झारखंड कितना तैयार ?

चन्दन मिश्र

झारखंड में नगर निकाय चुनाव पर झारखंड सरकार जल्द फैसला ले सकती है। नगर निकाय चुनाव को लेकर झारखंड हाईकोर्ट लगातार मामले की मॉनिटरिंग कर रहा है। राज्य सरकार पर हाईकोर्ट की माइंटरिंग का दबाव है। 10 नवंबर को होनेवाली हाईकोर्ट में अगली सुनवाई के पहले सरकार कैबिनेट से मंजूरी लेकर राज्य निर्वाचन आयोग को अनुमति भेज सकती है। झारखंड हाईकोर्ट के सख्त रुख के बाद राज्य सरकार नगर निकाय चुनाव को जल्द कराने का लगभग निर्णय ले चुकी है।

जिला स्तर शहरी निकायों के वार्ड एवं अन्य पदों पर आरक्षण के निर्धारण को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिला स्तर से आरक्षण का निर्धारण होने के बाद राज्य निर्वाचन को इसे भेजा जाएगा। उधर पिछड़े वर्ग को चुनाव में आरक्षण देने का तकनीकी पहलु सुलझा लिया है। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट आने के पूरे राज्य में पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण का निर्धारण हो चुका है। झारखंड सरकार ने नगर निकाय चुनावों में ओबीसी वर्ग के लिए 14प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी दी है।

राज्य में 48 शहरी निकाय क्षेत्र हैं जहां ओबीसी ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट के बाद पहली बार बीसी-1 और बीसी-2 के लिए सीटें निर्धारित होंगी। पिछड़ा वर्ग आयोग के अनुशंसा पर शहरी निकाय क्षेत्र में अधिकतम आरक्षण 50त्न होगा जिसमें एससी, एसटी और बीसी-1, बीसी-2 के लिए सीटें निर्धारित होगी। मेयर, वार्ड पार्षद जैसे पदों का आरक्षण चक्रीय होगा। लगभग तीन वर्षों से निकाय चुनाव नहीं होने की वजह से राज्य में शहरी निकाय का कामकाज अधिकारियों पर है।

### राज्य और राजनीति

### झारखंड में कुल 49 शहरी निकाय क्षेत्र

राज्य में 49 शहरी निकाय क्षेत्र हैं, जहां ओबीसी ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट के बाद पहली बार बीसी-1 और बीसी-2 के लिए सीट आरक्षित होंगी। राज्य में नगर निकाय चुनाव गैरदलीय आधार पर होंगे। यह अलग बात है निकाय चुनाव में राजनीतिक दलों का प्रत्यक्ष कोई भूमिका नहीं होती, लेकिन अप्रत्यक्ष भूमिका होती है। हर उम्मीदवार प्रयास करता है कि वह किसी न किसी दल से समर्थित हो। झारखंड सरकार में शामिल राजनीतिक दल हों या विपक्ष की पार्टियां निकाय चुनाव को लेकर सकारात्मक रुख अपनाते हुए अपनी अपनी बेहतर तैयारी का दावा कर रही हैं। उधर प्रमुख विपक्षी दल भाजपा और आजसू पार्टी ने भी नगर निकाय चुनाव को लेकर अपने समर्थक उम्मीदवारों की पीठ ठोंकना शुरू कर दिया है। ऐसी राजनीतिक पार्टियों को उम्मीद है कि झारखंड में जल्द ही नगर निकाय चुनाव होंगे। राज्य के निर्वाचन आयोग ने अपनी ओर से तैयारी शुरू कर दी है। राज्य निर्वाचन आयुक्त का पद कई महीनों से खाली पड़ा था। राज्य सरकार ने अक्तूबर के पहले सप्ताह में ही नए निर्वाचन आयुक्त के पद पर पूर्व मुख्य सचिव अलका तिवारी की नियुक्ति कर चुनावी तैयारी के लिए रास्ता प्रशस्त कर दिया है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति और ओबीसी ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट की मंजूरी मिलने के बाद राज्य में शहरी निकाय चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। वैसे भी निकाय चुनाव को लेकर सरकार पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। राज्य में निकाय चुनाव को लेकर सक्रियता तेज हो गई है। चुनाव लड़ने वालों ने सक्रियता बढ़ा दी है। राज्य के नगर निकायों में 2020 से ही चुनाव लंबित है।

### झारखंड में 49 नगर निकाय

झारखंड में नौ नगर निगम हैं, जिनमें रांची नगर निगम सबसे बड़ा है और इसकी स्थापना 1979 में हुई थी। झारखंड राज्य बनने के बाद एक-एक कर आठ नए नगर निगम का गठन किया गया। राज्य के सभी प्रमुख नगरों में नगर निगम का गठन कर दिया गया है।

**नौ नगर निगम :** झारखंड का सबसे बड़ा नगर निगम, जो शहर के नागरिक प्रशासन के लिए जिम्मेदार है और 1979 में स्थापित हुआ था। रांची के अलावा हजारीबाग, चास, देवघर, मेदिनीनगर, धनबाद, गिरिडीह, आदित्यपुर और मानगो नगर निगम में चुनाव होने हैं।

**राज्य में 20 नगर परिषद –** विश्रामपुर, चाईबासा, चक्रधरपुर, चतरा, चिरकुंडा,दुमका, गढ़वा, गोड्डा, झुमरीतिलैया, जुगसलाई, लोहरदगा, कपाली, मधुपुर, मिहिजाम,पाकुड़, फुसरो, रामगढ़, साहिबगंज और सिमडेगा नगर परिषद।

**20 नगर पंचायत–** बचरा, बड़की सरैया, बरहरवा, बासुकीनाथ, बुंडू, चाकुलिया,छतरपुर, धनवार, डोमचांच, हरिहरगंज, हुसैनाबाद, जामताड़ा, खूंटी, कोडरमा,लातेहार, महगामा, मंझिआंव,नगर उटारी, राजमहल और सरायकेला नगर पंचायत में वोट डाले जाएंगे।

**Dev Sangha Institute of Professional Studies and Educational Research**
Dev Sangha, Bompas Town, Deoghar, Jharkhand - 814114

(NCTE Recognized, UGC Recognized {u/s (2/f)}, JAC Affiliated, SKMU Affiliated and NAAC Accredited)
[ADVT. NO. DIPSER/ADVT/25-26/D/03 Dated 29.10.2025]

RECRUITMENT NOTIFICATION

Dev Sangha Institute of Professional Studies and Educational Research invites Applications for the Posts of :

| Associate Professor | Assistant Professors |
|---|---|

For further details, visit our website www.dipsercollege.info and click the Notice Tab under the title Recruitment Notification for further information. Interested Candidates may apply within 21 Days of this Advertisement.

In case of query, contact us at - 7908886884 or 7908165784

- Secretary, DSSP & DIPSER

# बाइक सवार अपराधियों ने युवक को मारी गोली

**संताल एक्सप्रेस /पलामू।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक युवक को दो बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार दी। घटना सुबह लगभग 9 बजे हैदरनगर हाई स्कूल के मैदान में हुई। घायल युवक की पहचान नीरज चंद्रवंशी उर्फ मंटू (22 वर्ष) के रूप में हुई है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अपराधियों ने नजदीक से फायरिंग की और गोली युवक के सीने में लगी। घायल नीरज को प्राथमिक इलाज के बाद मेदिनीनगर अस्पताल रेफर किया गया है। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।घटना के समय मैदान में कुछ लोग मौजूद थे। गोली चलने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और नीरज को अस्पताल तक पहुँचाया। बताया जा रहा है कि नीरज का घर मैदान के सामने ही है और वह अक्सर सुबह के समय टहलने या खेल देखने आता था।पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच भी कर रही है। फिलहाल अपराधियों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार, दो बाइक सवार अपराधी घटना के बाद दक्षिण दिशा की ओर भाग निकले।इस घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है और संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

# जनजाति गौरव दिवस से झारखंड हुआ सम्मानित : बाबूलाल मरांडी

## जल, जंगल ,जमीन और सांस्कृतिक पहचान केलिए भगवान बिरसा मुंडा ने दी शहादत : समीर उरांव

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्षगांठ पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की कार्यशाला शनिवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित हुई। कार्यशाला की अध्यक्षता मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने की और संचालन राजेंद्र मुंडा ने किया। कार्यशाला को ऑनलाइन संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस घोषित कर के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार ने पूरे झारखंड का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि जब भी अवसर आया है भाजपा ने झारखंड




का और जनजाति समाज का गौरव बढ़ाया है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अलग झारखंड राज्य गठन की तिथि भी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को ही निर्धारित किया। उन्होंने कहा कि झारखंड के लिए यह दिन दोहरे खुशी का दिन है। राज्य स्थापना दिवस के साथ जनजाति गौरव दिवस का उपहार झारखंड को मिला है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद आदित्य साहू ने कहा कि झारखंड का सौभाग्य है कि झारखंड और जनजाति गौरव दिवस का गहरा नाता है। हम सभी उसी भूमि के निवासी हैं, जहां 150 वर्ष पूर्व भगवान बिरसा मुंडा ने जन्म लिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 60 वर्षों तक आदिवासी महानायकों को सम्मानित नहीं किया। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कार्यशाला को ऑनलाइन संबोधित करते हुए जनजाति गौरव दिवस के कार्यक्रमों को सफल एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिया।मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने स्वागत भाषण करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा रखी। उन्होंने कहा कि आगामी 4, 5 और 6 नवंबर को सभी जिलों में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित होगी।

# सउदी में पुलिस फायरिंग में भारतीय युवककी मौत

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** सऊदी अरब में पुलिस और जबरियां वसूली करने वालों के बीच हुई गोलीबारी में एक भारतीय युवक को गोली लग गई । इसमें झांरखंड के 26 वर्षीय विजय कुमार महतो की मौत हो गई। झारखंड के श्रम विभाग ने सऊदी अरब में भारतीय दूतावास से संपर्क कर गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड के युवक विजय का शव वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विजय कुमार महतो की 16 अक्टूबर को जेद्दा में पुलिस और एक्सटॉर्शन गैंग के बीच हुई फायरिंग में मौत हो गई थी।श्रम विभाग के तहत माइग्रेंट कंट्रोल सेल की टीम का नेतृत्व करने वाली शिखा लाकड़ा ने बताया कि विभाग को गिरिडीह से सऊदी अरब में एक प्रवासी श्रमिक की मौत की सूचना मिली थी और उसका शव वापस लाने का अनुरोध प्राप्त हुआ है। लाकड़ा ने कहा कि हमने तुरंत भारतीय दूतावास से संपर्क किया। हम जेद्दा पुलिस अधिकारियों से औपचारिकताएं पूरी करने के लिए संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि शव को झारखंड में उसके पैतृक स्थान पर लाया जा सके। प्रवासी श्रमिकों के मुद्दों पर काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली ने बताया कि गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड के मध गोपाली पंचायत के दुधपनिया गांव का रहने वाला विजय कुमार महतो पिछले नौ महीने से साऊदी अरब की एक निजी कंपनी में काम कर रहा था।

# अपनी हार सामने देखकर बौखलाई जेएमएम अब फ़ज़ीवाड़े का सहारा ले रही है : अजय साह

**जमशेदपुर ।** घाटशिला विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के खिलाफ सोशल मीडिया पर जानबूझकर वायरल किए गए ढ्ढ-जनित फ़ज़ी पोस्ट के मामले में पुलिस ने संज्ञान लिया है। घाटशिला थाने में कांड संख्या 75/2025 के तहत विभिन्न गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया गया है कि इन पोस्ट्स में न केवल बाबूलाल सोरेन की छवि को नुकसान पहुँचाने का प्रयास किया गया, बल्कि मतदाताओं को गुमराह कर चुनावी माहौल को भटकाने की भी साजिश थी। स्वयं प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन ने स्पष्ट कहा है कि यह सब एक सोची-समझी चाल के तहत किया जा रहा है ताकि जनता के बीच उनके बढ़ते समर्थन को रोका जा सके। इस घटनाक्रम पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि घाटशिला में अपनी आने वाली हार को देखते हुए जेएमएम अब राजनीति के सबसे निम्न स्तर पर उतर आई है। जेएमएम के आईटी सेल और उससे प्रायोजित कई फर्जी सोशल मीडिया हैंडल्स के जरिए निरंतर बाबूलाल सोरेन जी के खिलाफ दुष्प्रचार फैलाया जा रहा है। जिस पार्टी के पास अपने काम गिनाने को कुछ नहीं होता ।

# स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल का किया निरीक्षण, सुपरिटेंडेंट और सिविल सर्जन को लगाई फटकार

संताल एक्सप्रेस

हजारीबाग।झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी शनिवार को हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्ड, ब्लड बैंक, इमरजेंसी, दवा वितरण कक्ष और ओपीडी का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर अव्यवस्था और लापरवाही देखी गई, जिस पर मंत्री ने नाराजगी जाहिर की। मंत्री डॉ. अंसारी ने अस्पताल के सुपरिटेंडेंट और सिविल सर्जन को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि मरीजों के इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य



सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्रयासरत है, लेकिन यदि जिलों के अधिकारी और कर्मचारी समय पर सुधार नहीं करेंगे, तो कार्रवाई अनिवार्य है। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अस्पताल परिसर की पार्किंग व्यवस्था पर भी असंतोष जताया। उन्होंने कहा, कि अस्पताल आने वाले मरीज और उनके परिजनों को पार्किंग की उचित सुविधा मिलनी चाहिए। तुरंत साफ-सुथरी और व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था करवाई जाए। ब्लड बैंक का निरीक्षण करते हुए मंत्री ने पाया कि कई मशीनें पुरानी और अनुपयोगी हो चुकी हैं। इस पर उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा, हजारीबाग ब्लड बैंक में कई उपकरण पुराने हो चुके हैं, जिन्हें बदलने की आवश्यकता है। जल्द ही नई तकनीक की अत्याधुनिक मशीनें लगाई जाएंगी, ताकि ब्लड बैंक की कार्यक्षमता बेहतर हो। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने मंत्री से शेख भिखारी की प्रतिमा लगाने की मांग की। इस पर डॉ. अंसारी ने कहा, क्या मुस्लिमों की प्रतिमा लगती है। लेकिन यदि जनता की यह मांग है, तो सरकार इस पर विचार करेगी।

# जमीन कारोबारी ने खुद को मारी गोली

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** राजधानी के पुंदाग ओपी क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक जमीन कारोबारी ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या का प्रयास किया। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।मिली जानकारी के अनुसार, जमीन कारोबार से जुड़े कैशर नामक व्यक्ति ने किसी अज्ञात कारण से यह कदम उठाया। घटना दोपहर के समय हुई, जब कैशर अकेले थे। गोली के धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े, जिन्होंने उन्हें खून से लथपथ हालत में पाया।

स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी, और घायल को राँची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।डॉक्टरों के अनुसार, कैशर की हालत गंभीर बनी हुई है, और उन्हें आईसीयू में रखा गया है। पुंदाग ओपी प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या का प्रयास ही लग रहा है, लेकिन सटीक कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों से पूछा ।

# एआई फर्जी पोस्ट पर एफआईआर, झामुमो की साजिश बेनकाब :भाजपा

**रांची।** घाटशिला विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के खिलाफ सोशल मीडिया पर वायरल किए गए एआई-जनित फर्जी पोस्ट के मामले में पुलिस ने संज्ञान लिया है। घाटशिला थाने में कांड संख्या 75/2025 के तहत विभिन्न गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया गया है कि इन पोस्ट्स के जरिए बाबूलाल सोरेन की छवि धूमिल करने और मतदाताओं को गुमराह करने की कोशिश की गई। स्वयं सोरेन ने इसे एक सोची-समझी साजिश÷ बताया, जिसका उद्देश्य जनता में बढ़ते उनके समर्थन को रोकना है। इस मामले पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी प्रवक्ता अजय साह ने शनिवार को कहा कि घाटशिला में अपनी हार को भांपकर झामुमो अब फर्जीवाड़े का सहारा ले रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) आईटी सेल और उससे जुड़े फर्जी हैंडल्स के माध्यम से निरंतर दुष्प्रचार फैलाया जा रहा है।

# गुरु नानक देवजी के प्रकाश पर्व में सिख समाज ने निकाली प्रभातफेरी

**गिरिडीह।** सिखों के पहले गुरु श्री गुरु नानक देवजी के 556वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख समाज ने शनिवार को तीसरे दिन भी प्रभातफेरी निकाली।प्रभातफेरी पंजाबी मोहल्ला गुरुद्वारा से निकलकर मकतपुर चौक, जिला परिषद, ट्रेंड्स मॉल, बरगंडा चौक होते हुए सरदार गुरदीप सिंह बग्गा के आवास पर पहुंचकर समाप्त हुई।जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों, गुरवाणी व कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया। सरदार गुरदीप सिंह बग्गा के आवास के समीप महिला संगत ने कीर्तन प्रस्तुत किया। संगत के लोग रास्ते भर 'वाहेगुरु' का जाप करते चल रहे थे। प्रभातफेरी के समापन के बाद स्टेशन रोड गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथी ने अरदास की।इस मौके पर गुरदीप सिंह बग्गा परिवार की ओर से नाश्ते की व्यवस्था की गई थी। प्रभातफेरी में सरदार अमरजीत सिंह सलूजा, नरेंद्र सिंह शम्मी, मंजीत सिंह सलूजा, हरमिंदर सिंह बग्गा, वजिंदर सिंह बग्गा, नरेंद सिंह बग्गा, जगजीत सिंह बग्गा आदि ।

# नगर निगम चुनाव के लिए पॉलीटेक्निक में बनेगा स्ट्रॉग रूम

**धनबाद।** नगर निगम चुनाव के लिए पॉलीटेक्निक परिसर में स्ट्रॉग रूम बनेगा। काउंटिंग भी यहीं होगी। पोलिंग पार्टियों को भी यहीं से रवाना किया जायेगा। इसकी व्यवस्था के लिए डीसी आदित्य रंजन तथा एसएसपी प्रभात कुमार पॉलीटेक्निक परिसर के निरीक्षण को पहुंचे। भवन को देखा, स्थितियों का जायजा लिया और आवश्यक तैयारियों के निर्देश भी दिए।शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के हर संभव उपाय अपनाने को कहा। दोनों वरीय पदाधिकारियों ने परिसर में स्ट्रांग रूम, मतगणना केंद्र, नियंत्रण कक्ष, सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रवेश-निकास द्वारों की निगरानी जैसी व्यवस्था को देखा। डीसी आदित्य रंजन ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से निर्देश दिया जा रहा है कि नगर निगम चुनाव की तैयारियां शुरू करनी हैं। एहतियातन दो-तीन स्थानों का निरीक्षण किया जाएगा ताकि जो बेहतरीन व्यवस्थाएं हो सके वो हम लोग करें। साथ ही सबसे महत्वपूर्ण है।

# आदिवासी नेत्री ने की चेन बेचकर इलाजरत लोगों की मदद

**रांची।** आदिवासी युवा नेत्री ज्योत्सना केरकेट्टा ने संवेदनशीलता का परिचय दिखाया है। वे शनिवार को रिम्स में बीते दिनों बुंडू क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल इलाजरत मरीजों से मुलाकात की और उनके परिजनों को पांच-पांच हजार रूपये की राशि सौंपी। इस अवसर पर ज्योत्सना केरकेट्टा ने कहा कि जिस दिन से घटना घटी है। समाज की दुर्दशा देखकर काफी चिंता हो रही थी। कुछ करने की चाहत में जब पैसों का इंतजाम नहीं हुआ तो उन्होंने अपने पास रखे एक सोने की चेन को बेच दिया और उससे मिले पैसे से रिम्स में इलाजरत लोगों को देकर, उन्हें छोटी सी आर्थिक मदद करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजन और घायलों की हर कोई अपने स्तर से मदद कर रहा है। उनका भी किया गया यह कार्य यदि समाज को लाभ पहुंचाता है तो आगे भी हर संभव मदद पहुंचाने का कार्य करेंगी।

# कोल इंडिया लिमिटेड एवं सीसीएल के स्थापना दिवस के अवसर पर समारोह



**रांची ।** कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि निदेशक पवन कुमार मिश्रा एवं निदेशक चंद्र शेखर तिवारी द्वारा शहीद स्मारक पर वीर शहीद कोल श्रमिकों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देने से की गई। इसके पश्चात निदेशक पवन कुमार मिश्रा द्वारा कोल इंडिया के ध्वज तथा निदेशक चंद्र शेखर तिवारी द्वारा सीसीएल के ध्वज का झंडोत्तोलन किया गया। अवसर विशेष पर सीसीएल के सभी क्षेत्रों के ध्वजों का झंडोत्तोलन भी किया गया। झंडोत्तोलन के उपरांत कोल इंडिया गीत प्रस्तुत किया गया तथा रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर ऊर्जा और एकता के प्रतीक का संदेश दिया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए निदेशक पवन कुमार मिश्रा ने सभी को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

# राज्य स्थापना दिवस पर होगा योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

**धनबाद।**राज्य स्थापना दिवस व भगवान बिरसा जयंती पर जिले में सरकारी योजनाओं को उद्घाटन व शिलान्यास होगा। नियुक्ति पत्र का भी वितरण किया जायेगा। अन्य कार्यक्रम भी होंगे। सभी की तैयारी तय समय में कर ली जाय। उक्त निर्देश डीसी आदित्य रंजन ने शनिवार को राज्य स्थापना दिवस की तैयारियों की समीक्षा बैठक में कही। समाहरणालय सभागार में शनिवार को राज्य स्थापना दिवस, भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। डीसी ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के 25वें वर्ष, भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिले में जनहितकारी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जिला खेल पदाधिकारी तथा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी इसकी जिम्मेदारी दी गई।डीसी ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की शुरुआत एलईडी वैन के फ्लैग-ऑफ से होगी, जिसके माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्ट्रीट डांस एवं फ्लैश मॉब के जरिए जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। साइकिल रैली निकाली जाएगी, जो जिले के सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों तक पहुंचेगी। इसके साथ ही वॉल पेंटिंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसमें विद्यार्थियों और स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

# बाइक सवार युवक पिस्टल और गोली के साथ गिरफ्तार

**धनबाद ।** वाहन चेकिंग के दौरान शुक्रवार की देर रात झारिया के बोर्रागढ़ ओपी क्षेत्र स्थित भूतगढिया चौक के समीप से पुलिस ने एक बाइक सवार युवक को पिस्टल और गोली के साथ गिरफ्तार किया है। युवक किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में था। शनिवार को धनबाद के जोड़ापोखर थाना में एक प्रेस वार्ता के दौरान सिंदरी डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की देर रात वाहन चेकिंग के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि कोई अपराधी किसी किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। इसी दौरान वाहन चेकिंग के क्रम में (जेएच 10सीजेड2849) नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल को रोका गया।बाइक पर बोर्रागढ़ ओपी क्षेत्र के होरलाडीह निवासी राजा कुमार (24) सवार था। जब पुलिस ने राजा की तलाशी ली तो उसके पास से पुलिस ने एक पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया।

# हाथी ने रेलवे क्रॉसिंग तोड़ा, लोगों में दहशत

**कोडरमा ।** जिले के जयनगर प्रखंड के परसाबाद में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहले खेतों में लगी फसल रौंदा कई घरों को नुकसान पहुंचाया। अब हाथियों ने रेलवे संपत्ति को निशाना बनाया है। शुक्रवार रात धनबाद गया रेलखंड के परसाबाद रेलवे क्रॉसिंग पर हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। झुंड ने रेलवे फाटक के लोहे को तोड़ दिया इससे कुछ देर के लिए रेल परिचालन बाधित होने की आशंका बनी, हालांकि समय रहते स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया और किसी की जनहानि नहीं हुई। यह क्रॉसिंग ग्रामीण सड़क पर स्थित है, रात्रि का समय होने के कारण मार्ग पर कोई बड़ी बाधा नहीं आई। हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन के आरपीएफ प्रभारी विश्वनाथ कुमार ने शनिवार को बताया कि उन्हें देर रात्रि परसाबाद स्टेशन के पास स्थित गडगी रेलवे क्रॉसिंग के दक्षिणी छोर पर लोहे के क्रासिंग के टूटने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंचे और क्रॉसिंग को तत्काल लोहे की जंजीर से घेर कर सुरक्षित किया। किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। लेकिन ऐसी घटनाएं सुरक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर संकेत दे रहा है। वन विभाग के अनुसार 22 अक्टूबर की रात्रि जयनगर के परसाबाद इलाके में लगभग 40 हाथियों का झुंड देखा गया था। जिसको वन विभाग के सुरक्षा कर्मियों की और भगाया गया था।

# सीसीएल ने आयोजित किया जागरूकता मार्च



**रांची ।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' के अंतर्गत आज एक भव्य सतर्कता जागरूकता मार्च का आयोजन किया गया। यह मार्च सीसीएल की विजिलेंस टीम द्वारा डी.ए.वी. गांधीनगर स्कूल के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के 250 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मार्च को स्कूल के शिक्षकों तथा विजिलेंस विभाग के अधिकारियों ने मिलकर सफल बनाया। इस जागरूकता मार्च का उद्देश्य युवाओं में ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक आचरण के मूल्यों को प्रोत्साहित करना था। विद्यार्थियों ने पूरे जोश और ऊर्जा के साथ समाज में सतर्कता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार-मुक्त संस्कृति को बढ़ावा देने का संदेश दिया। कार्यक्रम ने यह सशक्त संदेश दिया कि सतर्कता केवल एक सप्ताह का अभियान नहीं, बल्कि एक निरंतर जिम्मेदारी है, जिसे समाज के हर वर्ग को अपनाना चाहिए।

# रांची में पत्नी की हत्या का आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** रांची में गोंदा थाना क्षेत्र के मिसिरगोंदा स्थित लोहरा कोचा बस्ती में एक पति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। जांच-पड़ताल और स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के भेज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शिबू कच्छप और उसकी पत्नी राहिल कच्छप के बीच कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। शिबू को अपनी पत्नी पर ही शक था। शुक्रवार की देर रात पति-पत्नी में इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ, जिसके बाद गुस्से में आकर शिबू ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद शिबू अपनी बस्ती में ही छुपा रहा। शनिवार की सुबह शिबू की पत्नी की मौत की सूचना बस्ती के लोगों ने पुलिस को दी। सदर पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) संजीव बेसरा और गोंदा थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। स्थानीय लोगों से पूछताछ के दौरान पुलिस को यह जानकारी मिली कि शिबू ने ही अपनी पत्नी की हत्या की है। थोड़ी देर की खोजबीन के बाद शिबू अपनी ही बस्ती से पकड़ा गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि शिबू और राहिल की शादी साल 2011 में हुई थी। कुछ दिनों से दोनों में काफी लड़ाई झगड़ा हुआ करता था। सदर डीएसपी संजीव बेसरा ने इस बाबत बताया कि शिबू को अपनी पत्नी पर शक था कि उसका किसी अन्य से संबंध है। शक की वजह से ही उसने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी।

# देवोत्थान एकादशी पर निकाली गई निसान शोभा यात्रा



**धनबाद।** देवोत्थान एकादशी व श्याम प्रभु की जयंती पर भक्ति, आस्था और प्रेम का अद्भुत संगम देखने को मिला। हीरापुर श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति की ओर से 155 वीं श्री श्याम ध्वजा निकाली गई।यह आयोजन इस वर्ष विशेष रूप से पावन बन गया क्योंकि यह देवोत्थान एकादशी (बड़ी एकादशी) एवं तुलसी विवाह के शुभ अवसर पर आयोजित था। 1351 श्याम प्रेमियों ने निसान ध्वजा लेकर श्री श्याम मंदिर, हीरापुर से झरिया श्रीखाटू श्याम धाम तक पदयात्रा की। झरिया नगर का भ्रमण करते हुए झरिया धाम में विराजे बाबा श्याम के चरणों पर निसान अर्पित किए। पूरा नगर हारे के सहारे,खाटू श्याम हमारे और जय श्री श्याम के उदघोष से गूंज उठा। हर गली, हर चौक पर भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था,श्रद्धालु नाचते,गाते और श्याम नाम का जप करते हुए आगे बढ़ रहे थे। श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम...मेरे श्याम आएंगे सवार और रंग दे चुनरिया मेरे श्याम...जैसे भजनों की अमृतधारा से पूरा वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो गया।पूरे मार्ग में फल,शरबत,फ्रूटी, जलपान,चाय एवं प्रसाद की व्यवस्था विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं की ओर से की गई थी।रामगढ़ की सुनामी बैंड टीम ने अपनी मधुर धुनों से भक्ति के रंगों को और गाढ़ा कर दिया।

# बोकारो में बंद घर से लाखों के गहने चोरी

**बोकारो ।** बोकारो के सिटी थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर 3 ई में एक बंद घर से लाखों रुपये के गहने और कीमती सामान चोरी हो गए। यह घटना बीती रात अनिल सिंह के क्वार्टर संख्या 381 में हुई, जब वे अपने परिवार के साथ कानपुर गए हुए थे। अनिल सिंह ने घर की चाबी अपने पड़ोसी के पास रखी थी। शुक्रवार देर रात अज्ञात चोरों ने घर पर लगा ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने अलमारी में रखे गहने और अन्य कीमती सामान चुरा लिए। पड़ोसी ने तत्काल सिटी थाना को घटना की सूचना दी शनिवार सुबह जब पड़ोसी ने घर का दरवाजा खुला देखा, तो अंदर सामान बिखरा पड़ा था और ज्वेलरी बॉक्स खाली था। पड़ोसी ने तत्काल सिटी थाना को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर सिटी थाना प्रभारी सुदामा दास पुलिस बल और फिंगरप्रिंट टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बारीकी से जांच की और पड़ोसियों से पूछताछ की।

# पारस हॉस्पिटल एचईसी में स्पाइन एंड बैक पेन क्लिनिक शुरू



**रांची ।** रीढ़ की हड्डी और कमर के निचले हिस्से में दर्द से परेशान लोगों के लिए अब राहत की खबर है। पारस एचईसी हॉस्पिटल, रांची ने मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्पाइन एंड बैक पेन क्लिनिक की शुरुआत की है। इस विशेष क्लिनिक में हर शनिवार सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मरीजों को परामर्श देगी। क्लिनिक में आने वाले मरीजों को कई तरह की विशेष छूट भी दी जा रही है। परामर्श शुल्क मात्र 200 लिए जाएंगे। सीटी/एमआरआई स्कैन एवं स्पाइन टेस्ट पर 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। वहीं, फिजियोथेरेपी पर 50 प्रतिशत और सर्जरी पर 30 प्रतिशत की छूट भी मिलेगी। यह क्लिनिक उन मरीजों के लिए उपयोगी है, जिन्हें लगातार कमर या गर्दन में दर्द, हाथ-पैरों में कमजोरी, चलने या झुकने में कठिनाई, उठने-बैठने में परेशानी या रीढ़ की हड्डी में अकड़न, संतुलन में गड़बड़ी जैसी समस्याएं रहती हैं।अधिक जानकारी के लिए मरीज 78350 84932 पर संपर्क कर सकते हैं।

# पैदल घर लौट रहे 53 वर्षीय महिला को अज्ञात वाहन ठोकर मारकर भागा,मौत

**दुमका।** तालझारी थाना क्षेत्र में बाजार के पास शुक्रवार की देर शाम पैदल घर लौट रहे 53 साल के देवासी मरांडी को कोई अज्ञात वाहन ठोकर मारकर भाग गया. पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार दोपहर उसकी मौत हो गयी. नगर थाने की पुलिस ने परिजनों का बयान लेकर शव का पोस्टमार्टम कराया. तालझारी के बरमासा गांव के देवासी शुक्रवार की शाम पैदल ही बाजार गया था. वापस आने के क्रम में कोई बड़ा वाहन उसे ठोकर मारकर भाग गया. हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची. घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया. हालत अधिक नाजुक होने पर उसे पीजेएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां दोपहर को उसकी मौत हो गयी. सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और परिजनों का बयान दर्ज किया. बेटे के बयान पर अज्ञात वाहन चालक पर मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया.

# भारत रत्न सरदार पटेल की जन्म समारोह पर वृक्षारोपण कार्यक्रम

संताल एक्सप्रेस

**रांची ।** शुक्रवार को भारत रत्न सरदार पटेल की 150 वीं जन्म वर्ष गांठ जम्मू कश्मीर के पुलवामा में जिला पुलिस लाइन में एकता दिवस के परेड एकता शपथ समारोह सह वृक्षारोपण कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व डीआईजी सुबोध प्रसाद व उनकी पुत्री पुलवामा के एसएसपी तनुश्री ने सपरिवारभाग लिया। । इस अवसर पर सुबोध प्रसाद ने कहा कि सबसे खुशी और गौरव की बात यह है कि अति आतंकवादी गतिविधियों का केंद्र रहे पुलवामा में हमारी बेटी तनुश्री कार्यरत है और उसके नेतृत्व में हमारे प्रिय महान युगदृष्टा अखंड भारत के निर्माता सरदार पटेल के सभी कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर



प्राप्त हुआ है । उन्होंने वहां उपस्थित पुलिस बल व लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दिन सरदार पटेल के आदर्शों और बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का ऐतिहासिक दिन है। सरदार पटेल के बताए रास्ते पर चलकर ही यह देश अखंड भारत बन सकता है। हमें भारत को अखंड बनाने और आतंकवादियों को जबाव देने के लिए सरदार पटेल के बताए मार्गों पर चलना होगा।

## मानिकपुर गांव में एक महीने पहले बना नाला ढ़हा



**महागामा ।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खादहरामाल पंचायत के मानिकपुर गांव में सरकारी योजना के तहत निर्मित नाला महज एक महीने के भीतर ही धाराशाही हो गया। नाले का ढांचा टूटकर नाले में ही दब गया, जिससे आसपास के ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। नाले का यह हाल देखकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, हनुमान मंदिर से लेकर ग्रामीण निवासी राहुल कुमार के घर के समीप नाला निर्माण का कार्य हाल ही में संपन्न हुआ था। लेकिन कुछ ही दिनों की हल्की बारिश और मिट्टी के दबाव से नाले की दीवारें गिर गईं। इससे गांव में जलजमाव और गंदगी की समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि काम पूरा हुए अभी 30 दिन भी नहीं बीते हैं और नाला टूट गया।

## राजमहल के क्षेत्रीय महाप्रबंधक को मिला श्रेष्ठ क्षेत्रीय महाप्रबंधक का सम्मान




**गोड्डा ।** कोल इंडिया लिमिटेड के 51वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर राजमहल क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक अरूपानंद नायक को उनकी उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता के लिए श्रेष्ठ क्षेत्रीय महाप्रबंधक के पुरस्कार से स मानित किया गया। यह स मान कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद और निदेशक मंडल की उपस्थिति में दिया गया। नायक के नेतृत्व में राजमहल परियोजना ने न केवल रिकॉर्ड उत्पादन हासिल किया, बल्कि कर्मचारियों के कल्याण, पदोन्नति और मनोबल वृद्धि के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। उनके कार्यकाल में उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ स्थानीय प्रभावित और विस्थापित समुदायों के हितों की रक्षा के लिए भी कई सराहनीय कदम उठाए गए।

## स्प्रिंग गणना के सफल संचालन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**गोड्डा ।** उपायुक्त के दिशा -निर्देश के आलोक में शनिवार को प्रखंड सभागार में सातवीं लघु सिंचाई गणना, द्वितीय जल निकाय गणना और प्रथम स्प्रिंग गणना के सफल संचालन को लेकर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड विकास पदाधिकारी दयानंद जयसवाल के द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान सप्तम लघु सिंचाई जनगणना के संबंध में कनीय अभियंता वीरेश प्रताप सिंह, लघु सिंचाई विभाग, गोड्डा के द्वारा उपस्थित प्रगणक एवं पर्यवेक्षक को प्रखंड अंतर्गत विभिन्न प्रकार के जल समिति की गणना ऐप के माध्यम से करने हेतु विस्तृत जानकारियां प्रदान की गई। साथ ही उक्त गणना कार्य के क्रियान्वयन से संबंधित विस्तृत जानकारियां प्रदान की गई।

## विस चुनाव को लेकर सघन वाहन जांच अभियान

**बसंतराय ।** बिहार विधानसभा चुनाव की हलचल तेज होते ही सीमावर्ती इलाकों में पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चौकन्नी हो गई है। इसी क्रम में बसंतराय थाना क्षेत्र के कोरियाना चेकपोस्ट पर पुलिस द्वारा विशेष वाहन जांच अभियान जारी है। यह चेकपोस्ट झारखंड- बिहार की सीमा पर स्थित है, जहां से अक्सर वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। सुबह- शाम- रात लगातार ही वरीय पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस की टीम द्वारा दोपहिया, तीनपहिया और चारपहिया सभी वाहनों की गहनता से जांच जारी है। वहीं वाहन जांच के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा सभी प्रकार के वाहनों को रोककर उसके कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, ट्रांसपोर्ट परमिट और गाड़ियों में रखे सामानों की बारीकी से तलाशी ली जा रही है।

## सिखों ने निकाली प्रभात फेरी



**मिहिजाम।** सिख समुदाय के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज का 556वां प्रकाश पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पर्व की तैयारियों के तहत प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली जा रही है, जिसमें सिख समाज के महिला-पुरुष और बच्चे श्रद्धा के साथ भाग ले रहे हैं। शनिवार को प्रभात फेरी का तीसरा दिन रहा, लेकिन इस बार मिहिजाम की सड़कों पर फैली गंदगी के कारण आयोजन स्थल बदलकर चित्तरंजन से फेरी निकाली गई।गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सचिव गुरमीत सिंह ने नगर परिषद की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि मिहिजाम बाजार क्षेत्र में कचरे का अंबार लगा है, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है।उन्होंने प्रशासन से सफाई व्यवस्था सुधारने की मांग की ताकि प्रकाश पर्व स्वच्छ वातावरण में मनाया जा सके। इस मौके पर अध्यक्ष जगजीत सिंह, दलजीत सिंह, अमरजीत सिंह समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## श्याम बाबा जन्मोत्सव, शोभायात्रा



**संताल एक्सप्रेस /जामताड़ा।** शनिवार को श्याम बाबा के पावन जन्मोत्सव पर जामताड़ा शहर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से सराबोर नजर आया। सुबह से ही मुख्य मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जैसे ही विशाल श्याम शोभायात्रा निकली, पूरा नगर जय श्री श्याम के जयकारों से गूंज उठा और गलियां धार्मिक उल्लास से भर गईं। शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया। भगवान श्री श्याम के जीवन से जुड़े पौराणिक प्रसंगों को सुंदर झांकियों और जीवंत प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। ढोल-नगाड़ों की थाप, भक्ति गीतों की स्वर लहरियों और कीर्तन मंडलियों की धुनों ने माहौल को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। बच्चे, महिलाएं और पुरुष सभी झूमते हुए शोभायात्रा में आगे बढ़ते रहे। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, प्रसाद वितरण और सुरक्षा व्यवस्था के विशेष प्रबंध किए थे। जगह-जगह स्वयंसेवक सेवा में जुटे रहे और भक्तों की सहायता करते नजर आए। आयोजन की सादगी और अनुशासन ने हर किसी का मन जीत लिया।

## देश मांझी परगना वाईसी की बैठक

**नाला (जामताड़ा)।** नाला के नेताजी स्टेडियम में शनिवार अपराह्न लगभग 2 बजे देश मांझी परगना वाईसी की बैठक उकील बेसरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के सशक्त संचालन, संथाल समाज की उन्नति, तथा परंपरागत रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही संथाल परगना क्षेत्र के परंपरागत स्वशासन व्यवस्था, सीएनटी एवं एसपीटी एक्ट के अक्षरशः पालन तथा उन्हें जमीनी स्तर पर लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। बैठक में संथाल परगना जामताड़ा जिला अंतर्गत डाक बंगला की वापसी को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। छूटे हुए संथाल समाज के पदधारकों का सम्मान राशि भुगतान करने की मांग सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई

# बेहतर समन्वय स्थापित कर निर्धारित समय-सीमा में परियोजनाओं को करें पूर्ण : डीसी

संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में जिला के सभी कार्यकारी एजेंसी के साथ शिलान्यास, उद्घाटन, परिसम्पति वितरण हेतु समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा संबंधित विभागों से अपने-अपने विभाग के अंतर्गत शिलान्यास, उद्घाटन एवं परिसंपत्तियों के संबंध में विचार -विमर्श किया गया। साथ ही साथ रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।



बैठक के दौरान कक्षा दसवीं एवं 11वीं के छात्र एवं छात्राओं को जाति निवासी एवं आय प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। वहीं बैठक में जिले में चलाए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति के अलावा शिलान्यास और उद्घाटन से संबंधित परियोजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन किया गया एवं लाभार्थियों को परिसंपत्तियों के वितरण की प्रक्रिया की समीक्षा की गई तथा परिसंपत्ति वितरण सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने सभी कार्यकारी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय और निर्धारित समय-सीमा में परियोजनाओं को पूर्ण करने हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।

मौके पर अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू, अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश कुमार पूर्णेन्दु, जिला योजना पदाधिकारी फैजान सरवर, नगर प्रशासक सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अरविंद प्रसाद अग्रवाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार सहित संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंतागण सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

**गोड्डा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर शनिवार को पीएमश्री मध्य विद्यालय, गोड्डा (बालक) के सभागार में विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डालसा की टीम ने बाल मजदूरी, बाल व नशा उन्मूलन, पोक्सो सहित विविध जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से गठित टीम में शामिल अधिकार मित्र नवीन कुमार, मो. हसीब आदि ने बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि बाल मजदूरी अभिशाप है और बच्चों से मजदूरी करवाना पाप है। सरकार हर हाथ में किताब देखना चाहती है, न कि फावड़ा और कुदाल। इस अधिनियम के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से कार्य लेना सामाजिक कुरीति ही नहीं कानूनन अपराध है।

## कल्चरल काउचर फैशन वीक के तहत ऑडिशन विद्यापति भवन में कल

**गोड्डा ।** विक्टर किंगडम एवं पी.एस. फैशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रसिद्ध कोरियोग्राफर जामताड़ा निवासी विजय सिंह एवं डिंपल गुप्ता के निदेशन व बॉबी एंटरटेनमेंट, रांची के निदेशक मृत्युंजय कुमार द्वारा एसोसिएटेड तथा डीजे ऋश व सुकू कुमार द्वारा पॉवर्ड कल्चरल काउचर फैशन वीक अर्थात परिधान की परंपरा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसका ग्रैंड फिनाले जामताड़ा में फैशन शो के तौर पर 6 दिसंबर को होना है। प्रतियोगिता के तहत मॉडलिंग, फैशन डिजाइनर एवं मेकअप आर्टिस्ट की प्रतियोगिताएं होंगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला कला - संस्कृति संयोजक सुरजीत झा ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता के लिए गोड्डा, दुमका, देवघर सहित अनेक शहर में ऑडिशन रखा गया है। गोड्डा के प्रतिभागियों के लिए ऑडिशन की तिथि 3 नवंबर तथा स्थान विद्यापति भवन शिवपुर तय किया गया है। श्री झा ने बताया कि ग्रैंड फिनाले के विजेताओं को रांची में प्रस्तावित स्टेट लेवल कंपीटीशन में हिस्सा लेने का अवसर प्राप्त होगा।

## बीएलओ तथा सुपरवाइजर को दी गई एसआईआर से संबंधित प्रशिक्षण




**नाला (जामताड़ा) ।** अपर समाहर्ता जामताड़ा के निर्देशानुसार एसआईआर से संबंधीत बैठक बीएलओ तथा सुपरवाइजर के साथ संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी आकांक्षा कुमारी ने की।बैठक में एसआईआर से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं – मतदाताओं की मैपिंग, सर्वेक्षण तथा श्रेणीवार वर्गीकरण – पर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। निर्वाचन कार्यालय के राजेंद्र बेसरा ने सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को एसआईआर कार्य से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के अद्यतन हेतु वर्ष 2003 एवं 2025 की वोटर लिस्ट के आधार पर वंशज मैपिंग की जानी है। इसके तहत बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र के वर्तमान मतदाताओं का 2003 की सूची से मिलान करेंगे।

## दिव्यांग युवक को अब तक नहीं मिला आवास

**बोआरीजोर ।** प्रखंड अंतर्गत राजाभीठा पंचायत के ऊपरबंधा गाँव के दिव्यांग युवक योगेंद्र साह आज भी सरकारी आवास योजना के लाभ से वचित हैं। बचपन से ही शारीरिक रूप से दिव्यांग योगेंद्र साह अपने वृद्ध माता-पिता के सहारे जीवन यापन कर रहे हैं। गरीबी और असमर्थता के कारण परिवार को रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में भी काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। योगेंद्र का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन दिया, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर उनकी सुनवाई नहीं हुई। मकान जर्जर स्थिति में है और बरसात के समय छप्पर से पानी टपकता है, जिससे घर में रहना दूभर हो जाता है। बावजूद इसके उन्हें अब तक कोई सरकारी सहायता नहीं मिल पाई है।

## धान कीड़े से क्षतिग्रस्त किसानों ने फसल मुआवजा के लिए बीडीओ को दिया आवेदन

**कुंडहित (जामताड़ा)।** कुंडहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में पकते धान को कीड़े द्वारा क्षतिग्रस्त करने पर शनिवार को दर्जनों किसानों बीडीओ को आवेदन देकर फसल मुआवजा की मांग की। किसानों ने बताया प्रखंड के कुंडहित,पालाजोड़ी, गड़जोड़ी,गायपाथर, बाबूपुर खजूरी, अमलादही सहित सभी पंचायत क्षेत्र के खेतों में व्यापक परिमाण धान खेतों में सफेद रंग की छोटे छोटे कीड़े द्वारा फसल को दो तीन दिन के अंदर धान को बर्बाद कर दे रहे हैं। देखते ही देखते धान के वाली सुख कर मर जा रहा है। किसानों ने बताया साल भर का मेहनत का फसल कीड़ों ने बर्बाद कर दिया। हम गरीब किसान कृषि पर निर्भर है । मौके पर किसान प्रभात मान्ना, जगत मान्ना, जगत मान्ना, षष्टपद मान्ना, धनंजय मान्ना, मारुती मान्ना, फटिक मान्ना, जयश्वर मुर्मू, तरुण वाली, सुजित वाउरी, लोचन मान्ना, मुक्ति घोष सहित 60 किसानों ने बीडीओ को आवेदन देते हुए बताएं खेत में कीड़े लगने के कारण पूरी धान बर्बाद हो गया। अब सालभर परिवार का कैसे भरण-पोषण कर पायेंगे।

## पी एंड टीएस कर्मियों ने जताई नाराजगी 14 नवंबर को धरने की चेतावनी

**चित्तरंजन।**चिरेका के पावर एंड टाउन सप्लाई विभाग में ओवरटाइम भत्ता के भुगतान में हो रही देरी से कर्मचारियों में रोष बढ़ता जा रहा है। चित्तरंजन रेलवेमेंस कांग्रेस ने 1 नवंबर को उप मुख्य विद्युत अभियंता को पत्र लिखकर तत्काल भुगतान और 15 हजार की ओटी सीमा समाप्त करने की मांग की है। सीआरएमसी महासचिव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि स्टाफ की कमी के बावजूद कर्मचारी त्योहारों और अवकाश के दौरान भी निरंतर कार्यरत रहे, फिर भी अक्टूबर माह का ओवरटाइम अब तक नहीं मिला। उन्होंने कहा कि अकाउंट्स विभाग द्वारा तय की गई राशि सीमा रेलवे बोर्ड के नियमों के विपरीत है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि 14 नवंबर तक भुगतान नहीं किया गया, तो पी एंड टीएस कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। मामले की प्रति उच्च अधिकारियों को भी भेजी गई है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में सहिया साथी की समीक्षात्मक बैठक



**नाला( जामताड़ा)।** नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में सहिया साथी की समीक्षात्मक बैठक हुई ।बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ समीर कुमार मुर्मू ने की। बैठक में डीपीसी विपिन कुमार, डीपीएम प्रदीप कुमार महतो तथा एसटीटी लक्ष्मी मंडल मुख्य रूप से मौजूद थी। इस दौरान पीएलए बैठक की समीक्षा की गई साथ ही 10 नवंबर से 26 नवंबर तक संचालित होने वाले एलसीडीसी कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।इस दौरान परिवार नियोजन,एचबीवाईसी, एचबीएनसी बाइक ,नियमित टीकाकरण ड्यू लिस्ट, आदि पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान डीपीसी विपिन कुमार ने सभी सहिया साथी को परिवार नियोजन के लिए महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी का उपलब्धि बढ़ाने के लिए निर्देश दिया गया साथ ही उन्होंने कहा कि नाला की उपलब्धि बहुत कम है इसलिए भी सभी सहिया साथी 5 नवंबर को होने वाले कैंप में बंध्याकरण कराने वाले लाभुकों को अस्पताल तक लाने की कोशिश करें साथ ही बीटीटी को सूची जमा करें। एमटीसी में बच्ची बच्चे को भर्ती करने के लिए सभी सहिया को गांव-गांव भ्रमण कर कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर सूची तैयार करते हुए नाला एमटीसी में भर्ती कराने के लिए निर्देशित किया।

## नशामुक्ति, बाल विवाह व घरेलू हिंसा के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम



**जामताड़ा।** कुशवेदिया पंचायत के भागा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में शनिवार को बदलाव फाउंडेशन की ओर से संविधान फेलोशिप कार्यक्रम और जेम्स प्रोजेक्ट के तहत जन-जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समाज में नशामुक्ति, बाल विवाह की रोकथाम और घरेलू हिंसा के प्रति चेतना फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग नुक्कड़ नाटक और रैली से हुई, जिसमें बच्चों व ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली में नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो और बेटी की शादी समय पर करो जैसे नारों से गांव गूंज उठा। मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक बीरेंद्र पंडित, शिक्षिका पद्मावती हांसदा, आंगनबाड़ी सेविका नयनतारा सोरेन, सहायिका दुलाली मुर्मू, सक्रिय महिला विनीता सोरेन तथा महिला सभा की दीदियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक नाजीका रूजदी ने किया, जबकि फेलोज़ मुकेश मंडल, मेरी दास, मिलन बाउरी, रीबीका दास, नमिता हेंब्रम, मिरुदी हेंब्रम, सूकसेन हांसदा, सुदर्शन हेंब्रम, श्रीमान हांसदा और रवींद्र हेंब्रम ने सक्रिय योगदान दिया।

## केनरा बैंक में मनाई गई तिमाही उपलब्धि साइबर सुरक्षा पर दी जागरूकता



**मिहिजाम।** मिहिजाम स्थित केनरा बैंक शाखा में तिमाही सफलता के उपलक्ष्य में उत्सव का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंधक विशाल कुमार सिंह के नेतृत्व में हुए इस समारोह में ग्राहकों, व्यापारियों और बैंक कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थापक के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ हुई, जिसके बाद केक काटकर उपलब्धि का जश्न मनाया गया। शाखा प्रबंधक ने बताया कि बैंक ने इस तिमाही में जमा, ऋण वितरण और डिजिटल लेनदेन में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने ग्राहकों को साइबर सुरक्षा के प्रति सचेत रहने का आग्रह करते हुए कहा कि किसी के साथ ओटीपी या बैंक विवरण साझा न करें। कार्यक्रम में ग्राहकों ने बैंक के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में और बेहतर सेवाओं की अपेक्षा जताई। अंत में मिठाई वितरण के साथ समारोह संपन्न हुआ।

## कृषि निदेशक ने बीज भंडार का निरीक्षण किया

**कुंडहित ( जामताड़ा)।** संथाल परगना संयुक्त कृषि निदेशक सत्यप्रकाश चौधरी कुंडहित स्थित बीज भंडार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री चौधरी ने कुंडहित मॉडल लैंप्स में गेहूं एवं चना बीज का विस्तार से निरीक्षण किया । निरीक्ष ाण के क्रम में मॉडल लैंप्स के संचालक नदिया नंद मंडल से बीज भंडार के विस्तार जानकारी ि लया । संचालक नदिया नंद मंडल ने बताया वित्तीय वर्ष 2025- 26 में रबी बीज गेंहू 900 क्विंटल एवं चना बीज 50 क्विंटल की राज्य बीज भंडार से उठाया गया था। जहां तीन लैम्पस में 230 क्विंटल गेहूं बीज का वितरण किया गया। शेष 670 क्विंटल गेहूं बीज भंडार में स्टॉक है। जबकि 50 क्विंटल चना बीज स्टॉक है।

## सविता मुर्मू ने 46.43 मीटर भाला फेंककर झारखंड में जीता स्वर्ण



**मिहिजाम।** मिहिजाम की होनहार खिलाड़ी सविता मुर्मू ने खेलो झारखंड स्कूल स्टेट मीट में जेवेलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। बिरसा मुंडा स्टेडियम, रांची में हुई प्रतियोगिता में सविता ने 46.43 मीटर का भाला फेंककर सबको चौंका दिया। आर.के. प्लस टू हाई स्कूल की कक्षा 11 की छात्रा सविता पिछले पाँच वर्षों से कोच छोटे लाल कामत के मार्गदर्शन में निरंतर अभ्यास कर रही हैं। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर अब उनका चयन एसजेएफआई अंडर-19 नेशनल मीट (हरियाणा) के लिए हुआ है।

सविता की इस सफलता से मिहिजाम में खुशी की लहर है, और लोग उन्हें प्यार से भाला क्वीन कहकर सम्मानित कर रहे हैं।

## साहित्य समागम ने दी लौह पुरुष को काव्यांजलि



**गोड्डा ।** भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार शाम साहित्य समागम भारत की गोड्डा जिला शाखा द्वारा एक साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन कर देश के प्रथम गृह मंत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि देवघर से पधारे संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि शंकर साह, विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन की राष्ट्रीय सचिव गीता मिश्रा एवं प्रतिभागी कवियों द्वारा लौह पुरुष के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। संस्था के जिलाध्यक्ष डॉ. ब्रह्मदेव कुमार की अध्यक्षता सह संचालन में आयोजित कार्यक्रम में स्वागत संबोधन संस्था के जिला सचिव सोनू कुमार झा ने किया। मुख्य अतिथि साह ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल ने जिस निस्वार्थ और समर्पण की भावना से देश की सेवा की हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। साहित्यकारों की तो यह महती जिम्मेवारी है की उनके सपनों के भारत को बनाने में अपना योगदान दें।विषय प्रवेश करते हुए बीज वक्ता के तौर पर उपाध्यक्ष सुरजीत झा ने सरदार पटेल के जीवन वृत्त एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को अविस्मरणीय एवं सदैव वंदनीय बताया। साथ ही उन्होंने शहादत दिवस पर देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्व. इंदिरा गांधी जी को भी याद करते हुए संस्था की तरफ से शब्द - श्रद्धांजलि दी। अन्य वक्ताओं में गीता मिश्रा, अरविंद सिन्हा एवं शैलेंद्र राम ने अपने - अपने विचार रखे और सरदार पटेल को एक श्रेष्ठ जन नायक की संज्ञा दी।कार्यक्रम के दूसरे चरण में आयोजित काव्यांजलि में नवोदित कवियित्री अनामिका मिश्रा की प्रस्तुति हे सरदार नमन करती हूं एवं हां हां मैं नारी हूं विनीता प्रियदर्शिनी की छठ पर्व हमें सिखाता एवं बाल कविता दादा जी का चश्मा टूटा।

## जश्न- ए- दस्तारबन्दी आज, खराब मौसम के बावजूद तैयारियां जोरों पर

**बसंतराय ।** प्रखंड क्षेत्र के राहा पंचायत अंतर्गत मदरसा मदीना तुल इल्म राहा में रविवार को जश्न- ए- दस्तार- हिफ्ज और रदा- ए- करअत का कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। इसके साथ ही रविवार की सुबह में पांचवा इस्लामिक क्वीज मुकाबला भी आयोजित होगा जिसमें कई मदरसा के छात्रों के द्वारा क्विज कार्यक्रम में हिस्सा लिया जाएगा। रविवार की रात्रि में ईशा की नमाज के बाद इस कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित इस्लामी विद्वान और शायर शिरकत करेंगे। रात्रि में हाफिज का दीक्षांत समारोह अर्थात दस्तारबंदी होगा जिन्होंने मदरसा मदीनातुल इल्म में कुरान शरीफ को जुबानी याद किया है। मुस्लिम छात्राओं के द्वारा कुरान शरीफ का करअत पूर्ण करने के उपलक्ष्य में लड़कियों के लिए रदा- ए- करअत का भी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस्लामी क्विज मुकाबले और दस्तारबंदी समारोह का पुरस्कार अब्दुल हमीद आजाद मिल्ली फाउंडेशन राहा की ओर से डॉक्टर मु0 इफ्तिखार अहमद (मर्सी हॉस्पिटल गिरिडीह), मो0 मुजाहिद उल इस्लाम, डॉक्टर अब्दुल मन्नान हाशमी, डॉक्टर मु0 सैफुल इस्लाम (रिम्स रांची), डॉक्टर नाजिम रजा (मुंबई), डॉक्टर मुजफ्फर तस्नीम आजाद (रिम्स, रांची), इंजीनियर आबसार मखदूमी (कोलकाता), इंजीनियर तौसीफ रजा आजाद (दुर्गापुर) और शायर शम्स परवाना की ओर से पुरस्कार प्रायोजित किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी अब्दुल हमीद आजाद मिल्ली फाउंडेशन के संस्थापक एवं मदरसा मदीनातुल इल्म के को-ऑर्डिनेटर मु सुलैमान जहांगीर आजाद ने दिया। दस्तारबंदी कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्य, राहा के ग्रामवासी एवं मदरसा मदीनातुल इल्म राहा के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक गण लगातार मेहनत कर रहे हैं।

## इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा



**मिहिजाम।** शुक्रवार की शाम मिहिजाम में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की 41वीं पुण्यतिथि पर भावनाओं से भरा श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। मिहिजाम कांग्रेस कमेटी की ओर से इंदिरा गांधी प्रतिमा परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम स्थल को मोमबत्तियों और पुष्प सज्जा से अलंकृत किया गया था। श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत माल्यार्पण और दो मिनट के मौन रखकर हुई। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित हिन्दुस्तान पीपल्स पार्टी डेमोक्रेटिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप यादव ने कहा कि इंदिरा गांधी भारतीय राजनीति की सबसे मजबूत और निर्णायक नेता थीं, जिन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित किया।उन्होंने कहा कि आज भी उनके विचार और नारी शक्ति का आदर्श नई पीढ़ी को प्रेरित करता है। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष अरुण दास, परवेज रहमान, दानिश रहमान, रफीक अंसारी, टिंकू खान, यासर नवाज, सिद्धू दास, संजय गुप्ता, बंटी और मुनेश्वर चौहान सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मनाई गई सरदार पटेल की जयंती



**चित्तरंजन।** चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना के बदवार हॉल में शुक्रवार देर शाम को राष्ट्रीय एकता सप्ताह के समापन अवसर पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का माहौल देशभक्ति, एकता और उत्साह से सराबोर रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीसीएमएम ए.के. मेश्राम ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता को अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और नेतृत्व क्षमता से साकार किया। उनके आदर्श आज भी राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरक हैं।मंच पर सीपीओ रंजन कुमार मोहंती, एपीओ बी.पी. नाईक, एपीओ मुकेश प्रसाद और टीटीसी प्रिंसिपल शंकर शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

## हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन



**फतेहपुर (जामताड़ा)।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर सह राजकीय यूनानी औषधालय फतेहपुर के चिकित्सक डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद मेहता द्वारा झारखण्ड राज्य बालिका आवासीय विद्यालय फतेहपुर में हेल्थ चेक कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें छात्राएं, शिक्षिकाओं एवं अन्य कर्मियों का हेल्थ चेकअप किया गया। इस हेल्थ चेकअप कार्यक्रम में स्वास्थ्य सहिया प्रतिमा कुमारी, टुम्पा सामंत एवं रोजनी बीबी आदि उपस्थित रहे।

## जानलेवा प्रदूषण, सरकारों की शर्मनाक नाकामी

भारत की वायु में जहर घुल चुका है। हाल ही में चिकित्सा जनरल में प्रकाशित एक अध्ययन ने यह निष्कर्ष दिया है कि 2010 की तुलना में 2022 में हवा में जानलेवा साबित होने वाले पीएम 2.5 कणों की मात्रा 38 प्रतिशत बढ़ चुकी है। इस वृद्धि का परिणाम यह हुआ कि भारत में सत्रह लाख से अधिक लोगों की अकाल मृत्यु वायु प्रदूषण के कारण हुई। यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं, बल्कि मानवता की उस सांस का हिसाब है जो हमारे शहरों, गांवों और जीवन से हर दिन छीनी जा रही है। प्रदूषण अब केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं रह गया है, यह हमारे विकास, अर्थव्यवस्था और सामाजिक न्याय के ढांचे पर गहरी चोट कर रहा है। यह भी सहज ही समझा जा सकता है कि 2022 की तुलना में अब वायु प्रदूषण ने और गंभीर रूप लेते हुए जानेलेवा हो गया है, क्योंकि बीते तीन वर्षों में इस समस्या के समाधान के लिए ठोस उपाय किए ही नहीं गए। इसका प्रमाण यह है कि इन दिनों दिल्ली समेत देश के अनेक शहर बुरी तरह प्रदूषण की चपेट में हैं। यह न केवल सरकार की शर्मनाक नाकामी है बल्कि भयावह और बेहद दर्दनाक भी है।'द लेंसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ ऐंड क्लाइमेट चेंज 2025' रिपोर्ट केवल तथ्य नहीं, एक गंभीर चेतावनी है। लैंसेट की रिपोर्ट ही नहीं, अलग-अलग वर्षों में विभिन्न संस्थाओं के अध्ययनों ने भी कुछ इसी तरह के चिन्ताजनक आंकड़े पेश किए हैं। भारत की विशाल आबादी के कारण भी यह संख्या बड़ी हो सकती है, मगर यह समस्या गंभीर चिंतन और तत्काल निवारक कदम उठाए जाने की मांग करती है। भारत में प्रदूषण केवल औद्योगिक उत्पादन या वाहनों की बढ़ती संख्या से नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली, असंतुलित शहरीकरण और अनियोजित निर्माण से भी बढ़ रहा है। हर शहर में धूल, धुआं और अव्यवस्था की परतें जमी हैं। निर्माण स्थलों से उठने वाली धूल, खेतों में पराली जलाने की आदत, घरेलू ईंधनों का अंधाधुंध उपयोग और बढ़ते वाहनों की भीड़-ये सब मिलकर वातावरण को घुटनभरा एवं जानलेवा बना रहे हैं। हमारे शहर अब सांसों के शत्रु बन गए हैं। बढ़ते प्रदूषण की पीड़ा नीति-निर्धारकों से नहीं, उन लोगों से पूछिए, जो खांसते-खांसते बेदम हो जाते हैं और आखिरकार कई के फेफड़े-हृदय उनका साथ देना बंद कर देते हैं। विडंबना यह है कि इनमें से ज्यादातर उस गलती की सजा भुगतने को अभिशप्त हैं, जो उन्होंने नहीं की।वायु में मौजूद सूक्ष्म कण अब हर सांस में जहर बनकर प्रवेश कर रहे हैं। इस प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता है। कोयला, पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों ने न केवल हवा को जहरीला बनाया है बल्कि हमारे अस्तित्व की नींव को भी कमजोर कर दिया है। इन स्रोतों से होने वाले उत्सर्जन के कारण लाखों लोग असमय काल के ग्रास बन रहे हैं, लेकिन ऊर्जा नीति में सुधार की गति अत्यंत धीमी है। सरकारें बार-बार स्वच्छ ऊर्जा की बात करती हैं, योजनाएं बनाती हैं, लक्ष्य घोषित करती हैं, पर उनका क्रियान्वयन न के बराबर होता है।

# सबकी निगाहें बिहार विधानसभा चुनाव पर

**कुमार कृष्णन**

सबकी नजर बिहार विधानसभा चुनाव पर टिकी है। बिहार की राजनीति केंद्र की सियासत की भी धुरी बनी हुई है।बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर राजनीतिक दल सक्रिय हैं। सभी पार्टियां उन मतदाताओं को आकर्षित करने का प्रयास कर रही हैं जो निर्णायक साबित हो सकते हैं। युवा और महिला मतदाताओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। दलित और पिछड़े वर्गों को लुभाने के लिए घोषणाएं की जा रही है। पार्टियां 2020 के चुनाव के आंकड़ों का विश्लेषण कर रणनीति बना रही हैं। बिहार इलेक्शन 2025 में कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है।राज्य में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ एनडीए और विपक्षी महागठबंधन के बीच है। दोनों ही गठबंधन इस बार महिला वोट बैंक को साधने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। ध्यान देने वाली बात यह है कि बिहार में करीब 3.5 करोड़ महिला वोटर्स हैं। ऐसे में ये महिला वोटर्स इतनी ताकत रखती हैं कि वो एकतरफा ही किसी भी गठबंधन को सत्ता तक पहुंचा दें। इसीलिए इन वोटर्स को लुभाने के लिए राजनीतिक पार्टियों बड़े-बड़े वादे और दावे कर रही हैं।राजद नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के नेतृत्व में विपक्षी दलों के महागठबंधन ने सबसे पहले अपना घोषणा पत्र 'तेजस्वी पत्र' के नाम से जारी किया था। इसमें महिलाओं के लिए कई योजनाओं का ऐलान किया गया था। कुछ इसी तरह शुक्रवार, 31 अक्टूबर को सत्तारूढ़ गठबंधन यानी राजग ने भी अपना घोषणा पत्र 'संकल्प पत्र' जारी किया। उन्होंने भी अपने घोषणा पत्र से इस बात के स्पष्ट संकेत दे दिए हैं कि वे भी महिला वोट बैंक को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं।

बिहार में पहला विधानसभा चुनाव 1951 में हुआ और तब से लेकर अब तक 17 बार विधानसभा के चुनाव का गवाह बिहार रहा है। यह प्रदेश का 18वां चुनाव है। इन चुनावों के दौरान बिहार के राजनीतिक परिदृश्य में कई बदलाव आए और कई दलों ने अपनी पहचान बनाई। प्रदेश में 1951 से लेकर 1962 तक सत्ता पर कांग्रेस का दबदबा रहा। लेकिन, 1967 के विधानसभा चुनाव में यहां कांग्रेस को पूर्ण बहुमत नहीं मिल पाया। यहीं से बिहार में गठबंधन की राजनीति की शुरुआत मानी जाती है। यह वही बिहार है, जहां महामाया प्रसाद सिन्हा, कर्पूरी ठाकुर और भोला पासवान शास्त्री जैसे नेताओं के नेतृत्व में अल्पकालिक सरकारें बनीं और बिहार में राजनीतिक अनिश्चितता का दौर भी यहीं से शुरू हुआ।

हालांकि, 1977 का साल आया और बिहार में जनता पार्टी ने चुनाव में 214 सीटों पर जीत दर्ज की और कांग्रेस की करारी हार हुई। एक बार फिर सत्ता में कर्पूरी ठाकुर के नेतृत्व की वापसी हुई। यह सरकार भी ज्यादा दिन तक नहीं चली और फिर रामसुंदर दास के हाथों में सत्ता की कमान आ गई।

1980 में कांग्रेस ने बिहार की सत्ता में फिर से वापसी की और तब जगन्नाथ मिश्र बिहार के मुख्यमंत्री बने, 1985 में भी कांग्रेस ने अपना प्रदर्शन दोहराया और एक बार फिर सत्ता पर अधिकार कर लिया। इसके बाद का दौर लालू यादव का आया। 1990 में जनता दल की सरकार बनी और लालू मुख्यमंत्री बने। फिर 1995 में भी जनता दल की सरकार बनी और कमान लालू यादव के हाथ ही रही। लेकिन, तब तक बिहार में समता पार्टी और भाजपा उभरती ताकतें बन चुकी थीं। 2000 में राबड़ी देवी ने बिहार में कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनाई। इसके बाद दौर आया 2005 का जब बिहार में दो बार विधानसभा चुनाव हुए। फरवरी 2005 में हुए चुनाव में किसी पार्टी को प्रदेश में बहुमत नहीं मिला और यहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। इसके बाद अक्टूबर-नवंबर में फिर से चुनाव हुए और जेडीयू-बीजेपी गठबंधन को बहुमत हासिल हुआ और नीतीश कुमार प्रदेश के मुख्यमंत्री बने।

यहीं से बिहार की राजनीति में नीतीश युग का आगमन हुआ और बीच में एक बार जीतन राम मांझी के अल्पकाल को छोड़ दें तो बिहार में सत्ता के शिखर पर नीतीश कुमार ही काबिज हैं।

अब एक बार बिहार की कुछ ऐसी सीटों पर नजर डालते हैं, जिन पर सबकी नजरें टिकी रहती हैं। बिहार की राजनीति में सोनपुर विधानसभा सीट सबसे अहम मानी जाती है। सारण जिले के अंतर्गत आने वाली इस सीट से चुनकर केवल दिग्गज नेता ही विधानसभा तक नहीं पहुंचे, बल्कि इस सीट से राज्य को दो मुख्यमंत्री भी मिले। रामसुंदर दास और लालू प्रसाद यादव ने इसी सीट से जीत दर्ज की और बिहार की सत्ता के सिंहासन पर बतौर मुख्यमंत्री काबिज हुए। ये वही सीट है, जिस पर 2010 में राबड़ी देवी को हार का सामना करना पड़ा था।

इसके साथ बिहार के सबसे खूबसूरत जिले कैमूर में एक ऐसी विधानसभा सीट भी है, जहां पिछले 20 साल से जो नेता भी विधायक बना उसे बिहार सरकार में मंत्री जरूर बनाया गया। हालांकि, इस सीट पर कोई भी पार्टी अपना दबदबा नहीं बना पाई है। यह है कैमूर जिले के अंदर आने वाली चैनपुर विधानसभा सीट। इस सीट से जीते अलग-अलग पार्टी के चार विधायक बिहार सरकार में मंत्री रहे हैं। इसमें भाजपा के लाल मुनी चौबे, राजद के महाबली सिंह, भाजपा के बृजकिशोर बिंद और बसपा छोड़कर जदयू में आए मोहम्मद जमां खां का नाम शामिल है। इसी जिले में रामगढ़ विधानसभा सीट भी आती है, जिससे राजद नेता जगदानंद सिंह जीतते रहे और लालू यादव और राबड़ी देवी की सरकार में 15 सालों तक लगातार मंत्री रहे।

अब बिहार की कुछ और हॉट सीट पर निगाह डालते हैं, जिनमें दरभंगा ग्रामीण, समस्तीपुर, हसनपुर, मोरवा, विभूतिपुर, मधुबनी और लौकहा शामिल हैं। फिलहाल इनमें से छह सीटों पर राजद और एक पर माकपा का कब्जा है। दरभंगा ग्रामीण से राजद के ललित कुमार यादव, समस्तीपुर से अख्तारूल इस्लाम, हसनपुर से तेजप्रताप यादव, मोरवा से रंजय कुमार साह, विभूतिपुर से माकपा के अजय कुमार, मधुबनी से समीर कुमार महासेठ और लौकहा से भरत भूषण मंडल विधायक हैं। सारी 7 सीटें मिथिलांचल क्षेत्र में आती हैं। मिथिलांचल में कुल 30 विधानसभा सीटें हैं, जिनमें से 23 पर एनडीए का कब्जा है, लेकिन ये 7 सीटें विपक्षी गठबंधन के पास हैं। वहीं, बिहार के लखीसराय का सूर्यगढ़ा सीट है, जिस पर अब तक हुए चुनाव में कभी भी जदयू को जीत हासिल नहीं हुई है। वैसे यह विधानसभा सीट मुंगेर लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। 1990 तक इस सीट पर कांग्रेस और वाम दलों का कब्जा रहा। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में इस सीट पर राजद ने कब्जा किया। हालांकि, इस सीट पर भाजपा के प्रत्याशी ने भी जीत हासिल की है। यह वही सूर्यगढ़ा क्षेत्र है जहां का 'सूरजगढ़ा का युद्ध' आज भी सबको याद होगा। 1534 में शेरशाह सूरी और हुमायूं के बीच यहां ऐतिहासिक युद्ध हुआ था। इस युद्ध में शेरशाह सूरी ने हुमायूं को हराकर दिल्ली की गद्दी हासिल की थी। यहीं भगवान बुद्ध ने पास की एक पहाड़ी पर तीन साल तक तपस्या की थी। इसके साथ ही बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में पड़ने वाली एक हॉट सीट है, जहां भारतीय जनता पार्टी पिछले 20 सालों से अजेय है। पूर्वी चंपारण जिले की मोतिहारी सीट जहां से बीजेपी से पहले 2 अन्य दल अपनी जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। कांग्रेस को तो इस सीट पर जीत का स्वाद चखे 45 साल हो गए हैं। इस सीट पर राजद को लगातार 5 बार हार का स्वाद चखना पड़ा है।वहीं, हिलसा, बरबीघा, मटिहानी, भोरे, सिकटा, कल्याणपुर, बाजपट्टी, किशनगंज, बखरी, खगड़िया, राजापाकर, भागलपुर, डेहरी आन सोन, औरंगाबाद, अलौली, महाराजगंज, सिवान, सिमरी बख्तियारपुर, सुगौली, परिहार, रानीगंज, प्राणपुर, अलीनगर, बहादुरपुर, सकरा, हाजीपुर, बछवाड़ा, परबत्ता, मुंगेर, आरा, टिकारी, झाझा, कुड़हनी, चकाई के साथ रामगढ़ विधानसभा सीट ऐसी हैं, जिसमें हार-जीत का अंतर 12 से 3,000 वोट के बीच का था और इस बार इन सीटों पर दोनों गठबंधन की नजरें टिकी हुई हैं। इसमें से कुछ सीटें एनडीए के पास हैं तो कुछ पर महागठबंधन का कब्जा है।



## पाकुड़ के बेलपहाड़ी खदान विवाद एवं गोलीबारी में दो गिरफ्तार



**पाकुड़ सं।** झारखंड की पाकुड़ पुलिस ने बेलपहाड़ी स्थित खदान विवाद में हुई फायरिंग और मारपीट के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक पाकुड़ द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा की गई। पाकुड़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) दयानंद आजाद ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि पाकुड़ जिला के बेलपहाड़ी गांव में खदान संचालन को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस घटना में मनोहर यादव और अन्य स्थानीय ग्रामीणों पर जानलेवा हमला किया गया। हमलावरों ने लाठी-डंडे और हथियारों से हमला करने के साथ-साथ फायरिंग भी की। घटना के संबंध में हिरणपुर थाना कांड संख्या (105/25) दर्ज किया गया है। इसमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के साथ-साथ आर्म्स एक्ट और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 1908 की धाराएं भी शामिल हैं।उन्होंने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए पाकुड़ के पुलिस अधीक्षक ने मामले के उद्भेदन के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) एवं छापेमारी टीम का गठन किया। छापेमारी दल ने तकनीकी साक्ष्य और गुप्त सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में उनसारूल शेख उर्फ अरूण (22 ) और दिलवर हुसैन (26)शामिल है। दोनों पाकुड़ के ही निवासी हैं। हिरणपुर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।हिरणपुर थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम में अनुसंधानकर्ता गोपाल कुमार महतो, गौरी शंकर प्रसाद, गौतम कुमार, संजीव कुमार झा (तकनीकी शाखा), दिलीप कुमार, किशोर कुमार टुडू, सनातन मांझी, सुरेश उरांव और रिजर्व गार्डों की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ जारी है और अन्य संदिग्धों की तलाश में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन ने क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर स्थिति पर नियंत्रण बनाए हुए है।

## मोंथा चक्रवात तूफ़ान ने बरपाया कहर ,खेत बने तालाब ,किसानों की सालभर की मेहनत पर फिरा पानी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



पाकुड़। तीन दिन की लगातार बारिश और मोंथा चक्रवात के कहर ने पाकुड़ में तबाही मचा दी है। आसमान से बरसे पानी ने धरती का चेहरा ही बदल दिया है। जो खेत कुछ दिन पहले तक हरी-भरी फसलों से लहलहा रहे थे, अब तालाब बन चुके हैं। किसानों की सालभर की मेहनत पर सचमुच पानी फिर गया है।लगातार मूसलाधार बारिश ने के पाकुड़ जिले के पाकुड़ सहित महेशपुर ,आमड़ापाड़ा ,पाकुड़िया लिट्टीपाड़ा व हिरणपुर प्रखंडो और दर्जनों गांवों में धान की तैयार फसल को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। कई जगहों पर कटी हुई फसल खेतों में सड़ने लगी है, वहीं कई इलाकों से यह खबरें भी आ रही हैं कि डूबे हुए धान में अंकुर फूटने लगे हैं। और कला भी हो गया है। इसका मतलब है न तो इस साल की खेती बची, और न अगली रबी फसल की कोई उम्मीद रह गई।

किसानों की आंखों में अब सिर्फ़ लाचारी और दर्द दिखाई दे रहा है। वे अपनी डूबती फसलों को देख रहे हैं, मगर कुछ कर पाने की स्थिति में नहीं हैं। किसी की बीघों ज़मीन पर खड़ी फसल बर्बाद हुई, तो किसी की कटी हुई उपज बह गई। जिन खेतों से आमदनी की उम्मीद थी, वहीं अब सिर्फ़ कीचड़ और निराशा बची है। उधर हिरणपुर प्रखंड के रानीपुर स्थित परगला नदी में पानी की तेज धार में नदी किनारे लगे खेतो के धान के अलावे कोभी, ब्रोकली ,आदि सब्जी को भी बहा ले गया। स्थानीय किसान मंटु रवानी, अजित सिंह, सुशिल मंडल, कैलाश सिंह, आशुतोष मंडल आदि बताते हैं हम लोग तो बरबाद हो गए।

धान का एक दाना भी नहीं बचा। अब अगली फसल कैसे बोएँगे, कुछ समझ में नहीं आ रहा।लोग अब सवाल उठा रहे हैं कि क्या सरकार इन किसानों की सुध लेगी? क्या मुआवज़ा या राहत राशि दी जाएगी? या फिर हमेशा की तरह इस बार भी किसानों की पीड़ा सरकारी फाइलों में ही दबकर रह जाएगी?

जिला मुख्यालय के ग्रामीण इलाकों में स्थिति गंभीर है नवादा, मदनमोहनपुर, जमशेरपुर,मनिरामपुर आदि क्षेत्र में सैकड़ों बीघा धान की फसल के अलावा लसुन,प्याज आदि फसल पूरी तरह चौपट हो चुकी है। किसानों का कहना है कि अगर जल्द मुआवज़े की घोषणा और सहायता राशि नहीं दी गई, तो अगली खेती शुरू करना भी मुश्किल हो जाएगा।

मोंथा चक्रवात ने सिर्फ़ फसलों को नहीं, बल्कि उम्मीदों को भी डुबो दिया है। खेतों में खामोशी पसरी है और उस खामोशी में सुनाई दे रही है किसानों की टूटी हुई उम्मीदों की आवाज़।

## पत्थर व्यवसायी मकबूल शेख को गोली मारने वाला अपराधी गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़ । जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित किस्मत लखनपुर में अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा मकबुल शेख को शुक्रवार देर रात को गोली मारकर हत्या कर दी थी। उक्त घटना के उद्भेदन घटना में संलिप्त अपराधकर्मी की गिरफ्तारी हेतु एसपी निधि द्विवेदी द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आयनन्द आजाद के नेतृत्व में आईएसटी छापामारी दल का गठन किया गया। गठित छापामारी दल द्वारा गुप्तचरों व तकनीकी साक्ष्य के आधार पर घटना में संलिप्त अपराधकर्मी ललन शेख उर्फ सादिरूल शेख, दनारूल शेख, लखनपुर,को गिरफ्तार किया गया है। इस संदर्भ में मुफस्सिल थाना बी0एन0एस0 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इनके पास से 01.07एमएम का पिस्टन, 02.05 चक्र गोली भी बरामद किया गयाहै।इस संबंध में एसपी ने शनिवार को प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि किस्मत लखनपुर गांव में शुक्रवार की देर रात हुई गोली कांड में 55 वर्षीय मकबूल शेख उर्फ शंकु शेख पत्थर व्यवसाई को की मृत्यु हो गई । इन लोगों की आपसी विवाद और पुरानी रंजिश थी। ललन शेख ने कसम खाई थी कि वह उसे जिंदा नहीं छोड़ेगा। शुक्रवार को रात भारी बारिश के बाद चाय दुकान के समीप खड़ा था।तभी ललन शेख़ व दानारुल शेख़ संयुक्त रूप से मौका पाकर गोली चला दी। घायल अवस्था में उसे ग्रामीणों द्वारा सदर अस्पताल ले जाया गया, स्थिति को गंभीरता देख उसे पश्चिम बंगाल की जंगीपुर इलाज के लिए ले जाया गया ।जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक ने घायल अवस्था मे घटना की सारी जानकारी ग्रामीण और परिवारों को दी थी। घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सीडीपीओ के नेतृत्व में अपराधी को बंगाल की सीमा से गिरफ्तार कर लिया है ।और घटना में इस्तेमाल हथियार को भी बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी इन दोनों के खिलाफ ललन शेख पर पाकुड़ (मु0) में मामला दर्ज हे । छापामारी दल में मुफस्सिल थाना प्रभारी गौरव कुमार, हिरणपुर थाना रंजन कुमार सिंह,मालपहाड़ी, ओपी प्रभारी राहुल गुप्ता,संजीव कुमार झा, अजय कुमार उपाध्याय, अनन्त साहा, आदि पुलिस बल शामिल थे।

## समीक्षात्मक बैठक का आयोजन

महेशपुर (पाकुड़ )प्रखंड सभागार में शनिवार को बीडीओ डॉ.सिद्धार्थ शंकर यादव की अध्यक्षता में एक विशेष समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया है। इस बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और जन प्रतिनिधि मौजूद थे। इस बैठक के मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य आयुष्मान आरोग्य मंदिर का नियमित निरीक्षण और आवश्यक सुधार,शिक्षा बच्चों के एनपीसीआई मैपिंग में आ रही समस्या का समाधान,आंगन बाड़ी केन्द्र में आधारभूत संरचना और सैम बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार,मनरेगा योजना में जॉब कार्ड, मानव दिवस कार्यों में महिला भागीदारी और अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा,आवास अबुआ योजना की अद्यतन स्थिति और प्रधानमंत्री जनमन योजना की समीक्षा, 15वें वित्त आयोग की राशि से संचालित योजनाओं की जानकारी,कल्याण सरना घेराबंदी, साइकिल वितरण योजना और मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना पर विस्तृत चर्चा, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा,सरकार आपके द्वार प्रखंड स्तरीय जन शिकायत निवारण दिवस के संबंध में समीक्षा एवं पंचायत स्तरीय कैंप जिसमे जन्म/मृत्यु, आयुष्मान कार्ड और अन्य योजनाओं की समीक्षा किया गया।

**बीएलओ के साथ किया बैठक** महेशपुर प्रखंड सभागार में शनिवार को बीडीओ डॉ.सिद्धार्थ शंकर यादव की उपस्थिति में बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) को एसआईआर (स्पेशल इलेक्शन रजिस्ट्रेशन) के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बीएलओ को एसआईआर के बारे में जानकारी देना और उन्हें अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से करने के लिए तैयार करना है।इस मौके पर बीडीओ डॉ.सिद्धार्थ शंकर यादव ने बताया की प्रशिक्षण में बीएलओ को एसआईआर के नियमों और प्रक्रियाओं के बारे में बताया गया। उन्हें यह भी बताया गया कि कैसे वे अपने क्षेत्र में एसआईआर को लागू कर सकते हैं और मतदाता सूची को अद्यतन कर सकते हैं।यह प्रशिक्षण उनके लिए बहुत उपयोगी है और इससे उन्हें अपने कार्यों को बेहतर ढंग से करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि वे अपने क्षेत्र में एसआईआर को लागू करने के लिए तैयार हैं और मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए काम करेंगे।

## भारी बारिश से मिट्टी के दो घर गिरे



हिरणपुर (पाकुड़)। शुक्रवार शाम से हुई भारी बारिश से बरमसिया व सुंदरपुर गांव में मिट्टी से बने दो घर ढह गया। वही कई घरों को नुकसान पहुंचा है। शाम पांच से हुई मूसलधार बारिश से सुंदरपुर स्थित शोभा देवी की मिट्टी व खपरैल से बने घर रात नो बजे ढह गया। जिससे उनके हाथ व पैर में चोट आई। काफी गरीबी से जूझ रहे इस परिवार को अब कोई आश्रय नही बचा है। जो अब निकट के पुराने पंचायत भवन में रहने को मजबूर है। जिसे अभी तक कोई सरकारी लाभ तक नही मिल पाया है। स्थानीय लोगो ने बीडीओ व पंचायत सचिव को इसकी जानकारी दे दी है। पीड़ित महिला ने बताई की अभी तक हमे सरकारी लाभ न मिल पाने के कारण टूटे फूटे मिट्टी के घर मे रहते आ रहे थे , जो बारिश के कारण पूरी तरह नष्ट हो गया। उधर बरमसिया स्थित नागेंद्र साहा की मिट्टी की घर भी भारी बारिश के कारण रात करीब 10 बजे गिर गया। जिससे परिवार के लोग बाल बाल बच गया। इस सम्बंध में अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवार को तत्काल सप्ताह भर के राशन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद गिरे घर की स्थलीय जांच कर आकलन किया जाएगा। इसके बाद सहयोग राशि पीड़ित परिवार को दी जाएगी।

## प्रशासन को सौंपे 50 आधुनिक ट्रैफिक बैरियर



संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़।जिले में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज डीबीएल कोल कंपनी द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (ष्टस्क्र) मद के अंतर्गत कुल 50 आधुनिक ट्रैफिक बैरियर जिला प्रशासन, पाकुड़ को प्रदान किए गए। यह पहल जिले में सुचारू एवं सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।डीसी मनीष कुमार ने डीबीएल कंपनी के इस सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इन ट्रैफिक बैरियर्स की सहायता से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात नियंत्रण को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा। यह संसाधन पुलिस प्रशासन के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाएगा तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम में भी सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने आगे कहा कि यह सहयोग जिला प्रशासन और निजी संस्थाओं के बीच सार्वजनिक हित में समन्वित प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण है। सभी ट्रैफिक बैरियर्स को प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं संवेदनशील स्थलों पर स्थापित किया जाएगा ताकि यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित बनाया जा सके।इस अवसर पर एसपी निधि द्विवेदी,डीबीएल कोल कंपनी के स्पोरजेक्ट बृजेश कुमार , एचआर मैनेजर प्रिंस कुमार कोल कंपनी के प्रतिनिधि समेत अन्य उपस्थित थे।

## गरीब छात्रों के लिए सिटी ट्रेनिंग सेंटर में निःशुल्क कंप्यूटर कोर्स शुरू

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। लुत्फल हक एक समाजसेवी है। निःशुल्क भोजन, आर्थिक मदद, वस्त्र दान जैसे सामाजिक कार्यों के बाद अब उनका फोकस तकनीकी शिक्षा पर टिकी है। इसके लिए उन्होंने पहल भी शुरू कर दिया है। शहर के बैंक कॉलोनी में संचालित सिटी ट्रेनिंग सेंटर में गरीब परिवार से आने वाले छात्रों को अब कंप्यूटर कोर्स के लिए मदद करेंगे। शुक्रवार को निःशुल्क कंप्यूटर ट्रेनिंग की शुरुआत भी कर दी गई। इस अवसर पर समारोह के रूप में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें लुत्फल हक मुख्य अतिथि शामिल हुए। उनके साथ बैंक के कई पूर्व अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। आयोजित कार्यक्रम में निःशुल्क कंप्यूटर ट्रेनिंग का लाभ लेने वाले छात्र-छात्राओं को भी शामिल किया गया। कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर के डायरेक्टर हैदर अली ने कोर्स के बारे में अतिथियों और छात्रों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाजसेवी लुत्फल हक एवं सिटी ट्रेनिंग सेंटर के सौजन्य से पाकुड़ में पहली बार शत प्रतिशत स्कॉलरशिप के साथ एक साल का निःशुल्क एडीसीए कंप्यूटर कोर्स की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसमें एमएस ऑफिस, टैली जीएसटी, हिंदी एवं अंग्रेजी टाइपिंग, इंटरनेट, फोटोशॉप, डिजाइनिंग, विंडो आदि सिखाए जाएंगे। निदेशक हैदर अली ने कहा कि बेसिक से लेकर एडवांस तक 1 साल का प्रशिक्षण है। जाएंगे। अनुभवी ट्रेनर के द्वारा प्रैक्टिकल और थ्योरी के क्लास होंगे। कोर्स पूरा होने के बाद सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा। कोर्स पूरा होने के बाद रोजगार के अवसर भी दिए जाएंगे।

## मुंबई में हुई निर्मम हत्या से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर

उधवा- राधानगर थाना क्षेत्र के कटहलबाड़ी गांव के मीर कासिम नदाब उम्र 22 वर्ष की मुंबई में हुई निर्मम हत्या से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है. शुक्रवार देर रात राजमहल के निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सह झामुमो नेता केताबुद्दीन शेख मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे.उन्होंने शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया. जानकारी के अनुसार मुंबई के गोवंडी थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात मीर कासिम की अज्ञात अपराधियों ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी. बताया जाता है कि मीर कासिम मुंबई में नारियल का थोक व्यवसाय करते थे. गुरुवार अहले सुबह करीब 5 बजे स्थानीय लोग नारियल लेने के लिए उनके कमरे पर पहुंचे तो देखा कि मीर कासिम का शव कमरे के बाहर खून से लथपथ पड़ा हुआ था. उनके गले और पेट पर धारदार हथियार से कई वार किए गए थे.घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया.झामुमो वही नेता केताबुद्दीन शेख ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह बेहद दर्दनाक और अमानवीय कृत्य है. उन्होंने महाराष्ट्र सरकार और स्थानीय प्रशासन से जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है. ग्रामीणों ने भी एकजुट होकर प्रशासन से न्याय की मांग की है. ग्रामीणों ने बताया कि मृतक मीर कासिम मेहनती और मिलनसार स्वभाव के युवक थे. उनके असमय निधन से गांव के लोग सदमे में हैं.

## सड़क दुर्घटना में चार घायल

राजमहल-राजमहल थाना क्षेत्र के मटियाल मुख्य सड़क पर सड़क दुर्घटना में एक किशोरी सहित चार लोग घायल हो गए. घायलो को परिजनों व राहगीरो ने राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल लाया.जहां चिकित्सक ने घायलो का इलाज प्रारंभ कर दिया.मिली जानकारी के अनुसार राजमहल फुलवरिया मुख्य सड़क के मटियाल के पास फुलवरिया की ओर से आ रहे टोटो चालक बकरी बचाने के दौरान अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया. जिसमें थाना क्षेत्र के गोरिया टोली निवासी रमजानी शेख उम्र 45 वर्ष पिता नजीर शेख, पुन्नीटोला निवासी अनवर हुसैन उम्र 55 वर्ष, राधानगर थाना क्षेत्र के बालूग्राम निवासी रुस्तम शेख उम्र 56 वर्ष, बालूग्राम निवासी सलीम शेख के तीन वर्षीय पुत्री नूरहवा खातून गंभीर रूप से घायल हो गया. वही आनन-फानन में परिजनों एवं राहगीरो द्वारा राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जहां मौके पर चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद अनवर हुसैन को गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया.

## 08 टोटो एवं 12 बाइक से 18,500 जुर्माने की राशि की गई वसूल

पाकुड़। मुफस्सिल थाना क्षेत्र में अवैध टोटो/ऑटो परिवहन एवं ड्राइविंग लाइसेंस बनाने को बढ़ावा देने एवं सड़क दुर्घटनाओं मैं अंकुश लगाने हेतु विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया । जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी ने बताया कि जिला अंतर्गत परिचालित होने वाले सभी ऑटो टोटो को सभी दस्तावेज पूर्ण करने, ड्राइविंग लाइसेंस बनाने तथा (टोटो के लिए नीला एवं टैम्पो के लिए खाकी ) रंग का ड्रेस बनाने एवं वाहन का रजिस्ट्रेशन कराने की तिथि 31 अक्टूबर को समाप्त हो गई। नियमों का उल्लंघन करने के मामले में दंड की राशि वसूल करने का प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, इसी क्रम शनिवार को 07 टोटो बिना नम्बर, बिना ड्राइविंग लाइसेंस एवं 12 मोटर साइकिल बिना हेलमेट के पकड़े गए । सभी संबंधित वाहनों से दंडात्मक कार्रवाई करते हुए कुल 18,500 रूपये ऑनलाइन जुर्माने की राशि वसूली की गई।वाहन जांच के क्रम मे जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक एवं सड़क सुरक्षा के अन्य कर्मी एवं मुफ्फसिल थाना के पुलिस बल एवं अन्य उपलब्ध रहे ।

## इलाकों में जल जमाव बनी समस्या, समाधान के लिए गुमानी बराज पहुंचे बरकतुल्लाह खान

संताल एक्सप्रेस बरहेट-जिले मे लगातार झमाझम हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है. शुक्रवार को जहां बरहेट का साप्ताहिक हाट और रक्सी का जगधात्री मेला प्रभावित हुआ.वहीं लोगों का जनजीवन प्रभावित है.इसी मामले को लेकर शनिवार को कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान उर्फ बरकत खान ने गुमानी बराज का निरीक्षण किया.उन्होंने बताया कि बराज का सभी फाटक के खोल दिए जाने के कारण बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति बन जाती है तथा फसलों को भी नुकसान पहुंचता है. निरीक्षण के दौरान जिला अध्यक्ष ने पाया कि गुमानी बराज के सभी पांच फाटक खुले थे.सभी फाटक के खुले होने को देख कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान ने सिंचाई विभाग परियोजना के अधिकारी से मौके पर बात की.तथा एक फाटक को बंद कराया .बता दें की लगातार वर्षा के कारण गुमानी नदी में पानी का जलस्तर तेजी से बढ रहा है.

## विशेष लोक अदालत में बिजली मामलों का होगा समाधान

साहिबगंज - झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अखिल कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा बिजली मामलों के निपटारे हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन दिनांक 29 नवम्बर, 2025 किया जा रहा है.इस संबंध में शनिवार को एक बैठक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अखिल कुमार की अध्यक्षता में हुई.बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम शेखर कुमार, प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत तथा झारखण्ड राज्य विद्युत वितरण निगम लिमिटेड साहिबगंज के अभियंता उपस्थित थे.यह विशेष लोक अदालत 29 नवम्बर 2025 को मासिक लोक अदालत के साथ आयोजित की जाएगी. इसका मुख्य उद्देश्य बिजली से संबंधित विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान करना, उपभोक्ताओं और सेवा प्रदाताओं के बीच विश्वास एवं सद्भाव स्थापित करना तथा लंबित मुकदमों की संख्या को कम करना है.

## राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता में देवघर के खिलाड़ियों का जलवा, जीते 10 पदक




**देवघर।** राजधानी रांची के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोराबादी में आयोजित राज्यस्तरीय एसजीएफआई खेल प्रतियोगिता 2025-26 में देवघर जिले के एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक आयोजित हुई, जिसमें देवघर की टीम ने कुल 10 पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में बालक अंडर-14 वर्ग के रजी खान ने 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर देवघर का परचम लहराया। वहीं, बालक अंडर-19 वर्ग के अमन कुमार ने 400 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण और 110 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक हासिल किया। भाला फेंक स्पर्धा में बालक अंडर-17 वर्ग के विष्णु मुर्मू ने रजत, जबकि हैमर थ्रो में कांस्य पदक प्राप्त किया। बालिका वर्ग में अंडर-17 हैमर थ्रो में तहजीब खान ने रजत पदक जीता, जबकि अंडर-19 वर्ग में सुप्रिया कसेरा ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इसी क्रम में बालक अंडर-19 वर्ग में विक्रम कुमार ने 100 मीटर दौड़, दीपक कुमार यादव ने 3000 मीटर दौड़ और शिवम कुमार ने डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक अर्जित किया। देवघर के खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन पर जिला शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक मधुकर कुमार, जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, झारखंड शिक्षा परियोजना देवघर के एडीपीओ संजय कापड़ी, परियोजना के एपीओ, बीपीओ, फील्ड मैनेजर राम सागर सिंह, एमआईएस संतोष कुमार वर्मा सहित सभी कोच और टीम मैनेजरों ने खिलाड़ियों को बधाई दी। टीम को प्रशिक्षित करने और खिलाड़ियों के प्रदर्शन को निखारने में खेलो इंडिया प्रशिक्षक दीपक कुमार और गौरव कुमार का विशेष योगदान रहा। देवघर जिले की यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए गर्व का विषय है, बल्कि भविष्य में खेल क्षेत्र में नई प्रेरणा भी प्रदान करेगी।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती मनायी गयी



**मधुपुर।** शहर के हाजी गली स्थित मदरसा इस्लामिया में देश के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मदरसा के अध्यक्ष प्रिंस समद, सचिव सरफराज अहमद और प्रधानाचार्य कुतुबुर रहमान सहित छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उस्ताद मोहम्मद अनवर और मोहम्मद शमी ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक थे। आजादी के बाद देश को एक सूत्र में पिरोने का जो ऐतिहासिक कार्य उन्होंने किया, वह इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। प्रधानाचार्य कुतुबुर रहमान ने युवाओं से सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर देश सेवा की भावना को अपनाने का आह्वान किया।

## देवघर की सेपकटकरा टीम रांची के लिए रवाना



**देवघर संताल एक्सप्रेस।** रांची में आज से झारखंड सेपकटकरा संघ के तत्वावधान में आयोजित 8वीं झारखंड राज्यस्तरीय सब-जूनियर सेपकटकरा चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए देवघर की टीम दुमका इंटरसिटी से रवाना हुई। टीम में सात खिलाड़ी – निकिता सोरेन, सोनी मरांडी, सिमरन हांसदा, रक्षा वर्मा, रति कुकरी, दीप प्रिया कुमारी और निशा कुमारी – के साथ कोच निधि रानी शामिल हैं। देवघर की सेपकटकरा टीम का प्रदर्शन लगातार उत्कृष्ट रहा है। यहां की कई बच्चियां राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुकी हैं। इसी वर्ष धनबाद में आयोजित राज्यस्तरीय चैंपियनशिप में देवघर की सीनियर और जूनियर महिला टीमें राज्य चैंपियन बनी थीं। देवघर जिला सेपकटकरा संघ के अध्यक्ष आशीष झा ने बताया कि अब खिलाड़ियों को इनडोर स्टेडियम में प्रतिदिन तीन घंटे अभ्यास का समय दिया गया है। हाल ही में राज्यस्तरीय कोच द्वारा प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया था और जल्द ही एक और प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी राज्यस्तरीय खिलाड़ियों को जूते और टी-शर्ट जिला संघ की ओर से उपलब्ध कराए जाएंगे।

## लकड़ी उतारने के दौरान छत से गिरा व्यक्ति

**देवघर।** दुमका जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के लोधरा गांव निवासी हरीशंकर सिंह शुक्रवार को छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद परिजनों ने उन्हें तत्काल इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। परिजनों के अनुसार, हरीशंकर सिंह घर की छत पर रखी लकड़ी उतारने के लिए ऊपर गए थे। उसी दौरान पैर फिसल जाने से वे नीचे आ गिरे और उनके दाहिने पैर में गंभीर चोट लग गई। गिरने की आवाज सुनते ही परिवार के लोग दौड़कर पहुंचे और उन्हें घायल अवस्था में उठाकर सरैयाहाट स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल में चिकित्सक उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि घरों की छत पर फिसलन और असावधानी के कारण इस तरह की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। वहीं चिकित्सकों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है, खासकर बरसात के मौसम में या छत पर काम करते समय।

## रात्रि रक्तपट्ट संग्रह कार्यक्रम में करें सहयोग



**मधुपुर।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एमएफ (माइक्रोफाइलेरिया) सर्वे हेतु रात्रि रक्तपट्ट संग्रह ग्राम सासर तथा धमनी में किया जाना है। इस कार्यक्रम के सफल संचालन एवं संपादन के लिए अनुमंडलीय अस्पताल मधुपुर के सभागार में ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग की भूमिका संबंधी निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। प्रखंड प्रमुख पद्मिनी देवी ने संबंधित ग्राम के जनप्रतिनिधियों, यथा- मुखिया, उपमुखिया और वार्ड सदस्यों से कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग करने की अपील की। उन्होंने उक्त ग्राम के ग्रामीणों से भी समय पर उपस्थित होकर जाँच कराने का आग्रह किया। इस बैठक में प्रखंड प्रमुख श्रीमती पद्मिनी देवी, उपाधीक्षक डॉ. मो. शाहिद, कार्यपालक पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के प्रतिनिधि, आरबीएसके चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोपाल पंडित, डॉ. दिवाकांत पंकज, पिरामल प्रतिनिधि पिंटू तिवारी, आलोक नाथ, तपन कुमार, दामोदर वर्मा, अजय कुमार दास, संजीव कुमार, तनवीर आलम, बिनोद कुमार दास और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## क्लब ग्राउंड स्थित दुकान में तीसरी बार चोरी

**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र के क्लब ग्राउंड स्थित एक दुकान में शुक्रवार देर रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुबह जब दुकानदार राजेश कुमार गुप्ता दुकान पहुंचा तो दरवाजा टूटा हुआ मिला और अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। दुकान का दृश्य देखकर वह हैरान रह गया। दुकानदार ने बताया कि इससे पहले भी उसकी दुकान में दो बार चोरी हो चुकी है। पिछली बार चोरों ने दुकान में रखी पूरी नगद राशि पर हाथ साफ किया था, जबकि इस बार दुकान का कीमती सामान चोरी कर लिया गया। लगातार तीसरी बार चोरी होने से दुकानदारों में भय और आक्रोश का माहौल है। घटना की जानकारी नगर थाना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और चोरों की पहचान के प्रयास कर रही है।

# मधुपुर : क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ मंत्री हफीजुल ने किया



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर।** स्थानीय डाक बंगला मैदान में शनिवार को आठ दिवसीय प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण एवं जल संसाधन मंत्री हाफ़िज़ुल हसन अंसारी ने किया।

टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर मंत्री ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा खेल भावना बनाए रखने की शुभकामनाएँ दीं। मंत्री हाफ़िज़ुल हसन ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, एकता और नेतृत्व की भावना विकसित करता है। उन्होंने युवाओं से नशामुक्त समाज निर्माण और खेलों में अधिक से अधिक भागीदारी करने की अपील की।

उद्घाटन के बाद मंत्री हाफ़िज़ुल हसन अंसारी ने स्वयं बल्लेबाजी करके मैच की शुरुआत की।

उद्घाटन मैच एलसीसी और स्टार-11 के बीच खेला गया, जिसमें स्टार-11 की टीम ने एलसीसी को सात विकेट से पराजित किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में खेलप्रेमी और दर्शक मौजूद रहे। कार्यक्रम में अजय सिंह, विजय कुमार सिंह, शाहिद इम्तियाज, मोहम्मद रेहान, जीशान ज़ावेद तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। आयोजन समिति ने मंत्री हाफ़िज़ुल हसन अंसारी को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया और बताया कि टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं, जिनके बीच प्रतिदिन रोमांचक मुकाबले खेले जाएँगे। टूर्नामेंट का समापन आगामी सप्ताह के अंत में फाइनल मैच के साथ होगा, जिसमें विजेता टीम को आकर्षक ट्रॉफी और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

# मधुपुर नप चुनाव की सरगर्मी तेज़, स्थानीय नेतृत्व की तलाश

**मिनहाज राही**

**मधुपुर।** झारखंड में नगर निकाय चुनाव की आधिकारिक घोषणा का इंतज़ार है, लेकिन मधुपुर शहर में चुनावी गतिविधियाँ अभी से ज़ोर पकड़ने लगी हैं। नगर परिषद क्षेत्र में स्थानीय नेतृत्व के लिए संभावित उम्मीदवारों ने ज़मीनी स्तर पर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है, जिससे चुनावी सुगबुगाहट स्पष्ट रूप से महसूस की जा सकती है। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों व चाय की चुस्कियों के साथ चुनावी चर्चा का दौर शुरू हो चुका है।

**दावेदारों की बढ़ती सक्रियता**

---

अध्यक्ष और वार्ड पार्षद पदों के लिए कई नए और पुराने चेहरे मैदान में उतरने की तैयारी में हैं। विभिन्न वार्डों में संभावित उम्मीदवार घर-घर जाकर मतदाताओं से मिल रहे हैं। छोटे-बड़े सामाजिक समारोहों और बैठकों का आयोजन तेज़ हो गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं को जानना और समर्थन जुटाना है।



उम्मीदवार समूहों में मिलकर स्थानीय समीकरणों, जातिगत गणित और क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। पर्दे के पीछे, चुनावी बिसात बिछाई जा रही है और प्रचार की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

---

**आरक्षण और मतदाता सूची का इंतज़ार**

चुनाव की तारीख से पहले, सभी दावेदारों की नज़र दो महत्वपूर्ण बिंदुओं पर टिकी है। राज्य सरकार द्वारा सीटों के समीकरण और आरक्षण की स्थिति स्पष्ट किए जाने का इंतज़ार है। रोस्टर जारी होने के बाद ही कई उम्मीदवार अपनी अंतिम रणनीति को आकार दे पाएंगे। चुनाव आयोग द्वारा संशोधित मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन पर भी ध्यान केंद्रित है, ताकि मतदाता संख्या और शक्ति का सटीक आकलन किया जा सके।

---

**स्थानीय मुद्दे होंगे हावी**

इस बार का चुनाव पूरी तरह से स्थानीय विकास और बुनियादी सुविधाओं पर केंद्रित रहने की उम्मीद है। मतदाता उन मुद्दों को प्राथमिकता दे रहे हैं जो सीधे नगर परिषद के दायरे में आते हैं। ग्रीष्मकाल में पानी की समस्या और बरसात में जल निकासी की बदहाल व्यवस्था एक प्रमुख मुद्दा है। शहर की आंतरिक सड़कों की मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था और ठोस कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने की मांग ज़ोरों पर है। बढ़ते अतिक्रमण और व्यवस्थित पार्किंग सुविधाओं का अभाव भी स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय है। जैसे-जैसे चुनाव की घोषणा नज़दीक आएगी, मधुपुर में यह सरगर्मी और बढ़ेगी और शहर को बेहतर नेतृत्व देने की दावेदारी तेज़ होगी।

# नवनिर्मित समाहरणालय भवन का डीसी ने किया निरीक्षण, एजेंसी को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने शनिवार को चरकीपहाड़ी स्थित नवनिर्मित समाहरणालय भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित एजेंसी और कार्यपालक अभियंता को स्पष्ट निर्देश दिया कि भवन के हैंडओवर से पूर्व सभी अधूरे कार्यों को पूरी तरह दुरुस्त कर लिया जाए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने नए समाहरणालय भवन को आम जनता के अनुकूल बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि भवन में आगंतुकों की सुविधा के लिए वेटिंग रूम, हेल्प डेस्क, पर्याप्त विद्युत व्यवस्था और सुरक्षा के सभी उपाय सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने परिसर में सौंदर्यीकरण और पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षारोपण कार्य को भी प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। डीसी ने भवन के विभिन्न तलों पर बने कार्यालय कक्षों, मीटिंग हॉल और अन्य हिस्सों का भी निरीक्षण किया तथा कार्यों की गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि डीपीआर के अनुरूप सभी निर्माण कार्य पूरे किए जाएं और किसी भी प्रकार की तकनीकी कमी नहीं रहनी चाहिए। गौरतलब है कि नए समाहरणालय भवन के लिए मोहनपुर अंचल के बरमोरिया मौजा में 39 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है, जहां एक ही परिसर में कई सरकारी कार्यालय स्थापित किए जाएंगे। भवन में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए तीन तरफ सीढ़ियों और लिफ्ट की व्यवस्था की गई है।

## आसनसोल-आद्रा मेमू ट्रेन 9 नवंबर को रद्द, कई ट्रेनों के समय में बदलाव

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में 3 से 9 नवंबर 2025 तक एक सप्ताह के संयुक्त रोलिंग ब्लॉक के कार्यान्वयन के कारण कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रभावित ट्रेनों की जानकारी जारी की है। जारी अधिसूचना के अनुसार, 9 नवंबर को चलने वाली 68046/68045 आसनसोल आद्रा आसनसोल मेमू ट्रेन की यात्रा रद्द रहेगी। वहीं, 4 नवंबर को 68056/68060 टाटा आसनसोल-बाराभूम मेमू ट्रेन की यात्रा आद्रा स्टेशन पर संक्षिप्त रूप से समाप्त होगी तथा वहीं से पुनः प्रारंभ की जाएगी। इस दौरान आद्रा से आसनसोल के बीच ट्रेन सेवा रद्द रहेगी। इसी प्रकार, 13503/13504 बर्द्धमान हटिया बर्द्धमान मेमू एक्सप्रेस की 4 और 7 नवंबर को निर्धारित यात्राएं गोमो स्टेशन पर संक्षिप्त रूप से समाप्त होंगी और वहीं से पुनः प्रारंभ होंगी। इस अवधि में गोमो हटिया गोमो के बीच ट्रेन परिचालन रद्द रहेगा। रेलवे ने बताया कि 9 नवंबर को चलने वाली 18184 बक्सर टाटानगर एक्सप्रेस का प्रस्थान समय बक्सर से 90 मिनट विलंब से पुनर्निर्धारित किया गया है।

# जनता दरबार में सुनी गई समस्याएं, कई मामलों का ऑन द स्पॉट समाधान



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर शनिवार को सूचना भवन परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अपर समाहर्ता हीरा कुमार ने की। इस दौरान जिलास्तरीय अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे, ताकि आम जनता की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा सके। जनता दरबार में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएँ अपर समाहर्ता के समक्ष रखीं। इनमें भू-अर्जन और मुआवजा भुगतान, अनुकंपा नियुक्ति, बिजली बिल माफी, झारखंड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन तथा आवास जैसी समस्याएँ प्रमुख रहीं। अपर समाहर्ता ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुना और उपस्थित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर शिकायत की भौतिक जांच कराते हुए उसका समाधान शीघ्र किया जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके। कार्यक्रम के दौरान कई मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा भी किया गया। अपर समाहर्ता ने निर्देश दिया कि लंबित आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के भीतर प्रतिवेदन उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए, जिससे समाधान की प्रगति की निगरानी की जा सके। जनता दरबार में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे और उन्होंने जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ की। इस पहल को लेकर उपस्थित लोगों ने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे आयोजन से आम जनता की समस्याओं का निवारण तेज़ी से हो रहा है।


## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, साहेबगंज

**मंडरो अंचल के २० राजस्व तालाब/जलकरों का खुले डाक द्वारा अल्पकालीन बंदोवस्ती की सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय परिपत्र सं0–114 दिनांक–18.01.1992 के आलोक में मंडरो अंचल अंतर्गत कुल–20 राजस्व तालाब/जलकरों की अल्पकालीन बन्दोवस्ती वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2027–28 तक के लिए खुले डाक के माध्यम से किये जाने हेतु खुला डाक की तिथि निर्धारित की जाती हैः–

प्रथम तिथि :– 07.11.2025
द्वितीय तिथि :– 14.11.2025
तृतीय तिथि :– 21.11.2025
डाक का समयः– मध्याह्न 12:00 बजे
डाक का स्थानः– जिला मत्स्य कार्यालय, साहेबगंज।

डाक में भाग लेने हेतु शर्तेंः–

1– खुला डाक में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति अपना आधार कार्ड मूल प्रति के साथ भाग लेंगे एवं वार्षिक सुरक्षित जमा राशि का दस प्रतिशत रकम प्रतिभूति राशि के रूप में जमा कराकर डाक में भाग लेने की अनुमति दी जायेगी।
2– उच्चतम डाकवक्ता द्वारा डाकी गयी राशि के आलोक में राशि जमा करना होगा।
3– बंदोवस्ती के उपरांत उच्चतम डाकवक्ता को डाक राशि का निबंधन शुल्क एवं स्टाम्प शुल्क नियमानुसार जमा करना होगा।
4– खुले डाक से संबंधित विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
5– यदि बंदोवस्ती अवधि के दौरान नियमानुसार किसी तालाब/जलकरों में सुरक्षित जमा राशि में बढ़ोतरी होती है, तो बंदोवस्तधारी को बढ़ोतरी राशि जमा करना होगा।
6– अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार सुरक्षित होगा कि बिना कारण बताये डाक को अस्वीकृत अथवा रद्द कर सकते है।

**वर्ष 2025–26 से 2027–28 तक खुली डाक द्वारा अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु तालाबों/जलकरों की सूची।**

| क्र0 | तालाब/जलकर का नाम | दाग नं0 | रकवा (एकड़ में) | वार्षिक सुरक्षित जमा की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | अम्बाडीहा बॉध | 511 | 1.19 | 2,500.00 |
| 2 | नीमगाछी बॉध | 538 | 2.02 | 4,500.00 |
| 3 | तेतरिया बॉध | 368 | 0.25 | 1,000.00 |
| 4 | फुलोलक्ष्मी पोखर नं0–01 | 195 | 4.04 | 5,000.00 |
| 5 | फुलोलक्ष्मी पोखर नं0–02 | 12 | 1.50 | 3,500.00 |
| 6 | छोटासोल बॅधा | 05 | 3.43 | 5,000.00 |
| 7 | पोलमा बॉध | 18 | 1.04 | 2,500.00 |
| 8 | भीमचक अनपा पोखर | 61 | 1.82 | 3,000.00 |
| 9 | भीमचक दुबराजा पोखर | 02 | 2.86 | 3,000.00 |
| 10 | भीमचक पोखर | 71 | 0.20 | 1,500.00 |
| 11 | विशनपुर पोखर | 05 | 0.73 | 2,000.00 |
| 12 | मिर्जाचौकी बाजार पोखर | 18 | 0.82 | 2,000.00 |
| 13 | कोहबरा पोखर | 848 | 7.36 | 6,000.00 |
| 14 | बड़तल्ला बॉध | 61 | 2.85 | 3,000.00 |
| 15 | बड़ा देवदाड़ बॉध | 170 | 1.13 | 1,500.00 |
| 16 | बड़खोरी पोखर | 135 | 0.30 | 2,500.00 |
| 17 | बॉसकोडीह बॉध | 150 | 2.23 | 2,500.00 |
| 18 | झगरूचौकी तालाब | 69 | 1.45 | 4,000.00 |
| 19 | धनबासा पोखर नं0–02 | 161 | 1.23 | 2,500.00 |
| 20 | धनबासा पोखर नं0–01 | 355 | 5.50 | 5,000.00 |

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, साहेबगंज

PR 365051 Fish (25-26)_D

## कार्यालय–कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, साहेबगंज।

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

अति अल्पकालीन ई0–निविदा संख्या–19/2025–26/NREP/Sahibganj

| Sl | Tendering Package | Name of Scheme | Sanction Cost | Package Cost | Earnest Money | Time of completion | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NREP/Sahibganj/01/2025-26 | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय धमधमिया में अतिरिक्त प्रथम वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | 19830948.00 | 400000.00 | 10000 | 12माह |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय धमधमिया में अतिरिक्त दूतीय वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय धमधमिया में अतिरिक्त तृतीय वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय धमधमिया में अतिरिक्त चतुर्थ वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय धमधमिया में अतिरिक्त पंचम वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय धमधमिया में षष्ठम वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| 2 | NREP/Sahibganj/02/2025-26 | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय अमबेरी में अतिरिक्त प्रथम वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | 19830948.00 | 400000.00 | 10000 | 12माह |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय अमबेरी में अतिरिक्त दूतीय वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय अमबेरी में अतिरिक्त तृतीय वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय अमबेरी में अतिरिक्त चतुर्थ वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय अमबेरी में अतिरिक्त पंचम वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय अमबेरी में षशठम वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय अमबेरी में अतिरिक्त षष्ठम वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| 3 | NREP/Sahibganj/03/2025-26 | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय अरगोरी में अतिरिक्त प्रथम वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | 19830948.00 | 400000.00 | 10000 | 12माह |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय अरगोरी में अतिरिक्त दूतीय वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय अरगोरी में अतिरिक्त तृतीय वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय अरगोरी में अतिरिक्त चतुर्थ वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय अरगोरी में अतिरिक्त पंचम वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय अरगोरी में अतिरिक्त षष्ठम वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| 4 | NREP/Sahibganj/04/2025-26 | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय चॉदवासी में अतिरिक्त प्रथम वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | 19830948.00 | 400000.00 | 10000 | 12माह |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय चॉदवासी में अतिरिक्त दूतीय वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय चॉदवासी में अतिरिक्त तृतीय वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय चॉदवासी में अतिरिक्त चतुर्थ वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय चॉदवासी में अतिरिक्त पंचम वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय चॉदवासी में अतिरिक्त षष्ठम वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| 5 | NREP/Sahibganj/05/2025-26 | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय अदरो में अतिरिक्त प्रथम वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | 19830948.00 | 400000.00 | 10000 | 12माह |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय अदरो में अतिरिक्त दूतीय वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय अदरो में अतिरिक्त तृतीय वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय अदरो में अतिरिक्त चतुर्थ वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय अदरो में अतिरिक्त पंचम वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय अदरो में अतिरिक्त षष्ठम वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| 6 | NREP/Sahibganj/06/2025-26 | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय ढिबरीकोल में अतिरिक्त प्रथम वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | 19830948.00 | 400000.00 | 10000 | 12माह |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय ढिबरीकोल में अतिरिक्त दूतीय वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय ढिबरीकोल में अतिरिक्त तृतीय वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय ढिबरीकोल में अतिरिक्त चतुर्थ वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय ढिबरीकोल में अतिरिक्त पंचम वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |
| | | कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालय ढिबरीकोल में अतिरिक्त षष्ठम वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 3305158.00 | | | | |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि– 08.11.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–17.11.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 18.11.2025 अपराह्न 3.00 बजे।
4. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
5. ग्रामीण कार्य विभाग एवं भवन निर्माण विभाग के समुचित श्रेणी के संवेदक ही निविदा में भाग लेंगे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, साहेबगंज।
7. निविदा संबंधी जानकारी विशेष जानकारी हेतु मोबाइल न०–7870217090 पर कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट https://www:jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0,
साहेबगंज।

PR 365047 (NREP) 25-26 (D)

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पाकुड़

—:शुद्धि पत्र:—

इस कार्यालय द्वारा निकाले गए अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 16/2025-26 जिसका PR No-364709 Rural development (2025-26) है में आंशिक सशोधन किया जाता है। ग्रुप संख्या–01 से 18 तक में प्राक्कलित राशि 12,00,000.00 (बारह लाख) के स्थान पर 13,51,700.00 (तेरह लाख एकावन हजार सात सौ रुपये) मात्र एवं अग्रधन की राशि 24000.00 (चौबीस हजार रुपये) के स्थान पर 28,000.00 (अठाईस हजार रुपये) मात्र पढ़ा जाय। **शेष क्रमांक एवं सभी शर्ते यथावत् रहेगें।**

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पाकुड़।

PR 365015 (Rural Work Department) 25-26 (D)

# आभूषण चोरी मामले में खोजी कुत्ता मोमो दुमका से पहुंचा तीनपहाड़

संताल एक्सप्रेस संवाददाता तीनपहाड़ -साहिबगंज जिले के तीनपहाड़ मुख्य बाजार में आभूषण व्यवसायी अरुण स्वर्णकार के ज्वेलरी दुकान में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर लगभग 8-10 लाख हजार का सोने व चांदी के आभूषण की चोरी कर लिया .वही इस घटना के बाद दुकानदारों की मांग पर तीनपहाड़ थाना पुलिस ने खोजी कुत्ता दुमका से मंगवाया.खोजी कुत्ता शनिवार की देर शाम तीनपहाड़ पहुंचा. खोजी कुत्ता मोमो ने पहले दुकान में सूंघने के बाद भगत मुहल्ला गली होते हुए रेल लाइन पार किया और विवाह भवन के रास्ते बाबू पाडा की तरफ गया.वही एसआई दिवाकर कुमार ने बताया कि अभी तक कुछ पता नही चल पाया है. मौके पर थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे एस आई महेंद्र कुमार मौजूद थे.

# डीसी हेमंत सती ने किया आरएनआर कॉलोनी निर्माण कार्य का निरीक्षण



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज -जिला दंडाधिकारी सह डीसी हेमंत सती ने शनिवार को आरएनआर कॉलोनी के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान डीसी ने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित कॉन्ट्रैक्टरों को निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्यो को गुणवत्ता एवं मानक के साथ पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया.उन्होंने निर्माण एजेंसी से कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा. डीसी ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पर प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी.इसके उपरांत डीसी स्पेशल डिवीजन एवं पशुपालन कार्यालय का भी दौरा किया. दौरे के क्रम में उन्होंने विभागीय अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट ली एवं कार्यों में गति और पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया

# पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



संताल एक्सप्रेस साहिबगंज-न्यू झारखंड युवा क्लब के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव के नेतृत्व में शनिवार को यमुना दास चौधरी बालिका हाई स्कूल पुरानी साहिबगंज में शहीद नायक सुबोध सिंह की स्मृति में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में दर्जनों स्कूली छात्राओं ने देशभक्ति,कला और समाज के प्रति अपनी भावनाओं को रंगों के माध्यम से उकेरा.मुख्य अतिथि पूर्व वार्ड पार्षद गोपाल चोखानी सहित अन्य थे. निर्णायक मंडली में ज्योति कुमारी,श्रुति कुमारी,यमुनादास बालिका हाई स्कूल प्राचार्य मो यूसुफ,शिक्षिका बबीता कुमारी थी.पेंटिंग में प्रथम अदिति राज, कक्षा दशम,पीएम श्री उत्कर्ष नगर पालिका उच्च विद्यालय,द्वितीय काजल कुमारी कक्षा दशम यमुना दास बालिका हाई स्कूल,तृतीय श्रुति कुमारी कक्षा दशम यमुना दास बालिका हाई स्कूल, चतुर्थ सौम्या शर्मा कक्षा नौ यमुना दास बालिका हाई स्कूल,पांचवे स्थान में लक्ष्मी यादव,कक्षा नौ यमुना दास बालिका हाई स्कूल,छठे स्थान में शीतल कुमारी,कक्षा नौ,सातवें स्थान में मुस्कान कुमारी,कक्षा दशम,आठवें स्थान

# जियाना ने गोवा नेशनल में जीता ब्रॉन्ज मेडल, साहिबगंज नाम किया रोशन



संताल एक्सप्रेस बरहेट-मनोहर पर्रिकर इंदौर स्टेडियम मडगांव गोवा में 28 से 31 अक्टूबर तक आयोजित31वीं सब-जूनियर एवं सीनियर राष्ट्रीय थांग-टा प्रतियोगिता में जिले के बरहेट प्रखंड के फूलभंगा गांव की बेटी जियाना परवीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीतकर साहिबगंज जिला और बरहेट प्रखंड का नाम रोशन किया है.जियाना परवीन ने -29 किलोग्राम वर्ग में तीसरा स्थान हासिल की है. वह पहली बार नेशनल स्तर पर इस प्रतियोगिता में शामिल हुई. जियाना बिहार केपीएम श्री केंद्रीय विद्यालय अररिया के वर्ग 8 की छात्रा हैं और अररिया जिला थांग-टा संघ की ओर से प्रतियोगिता में शामिल हुई थी. आयोजित प्रतियोगिता में संघ के अन्य खिलाड़ियों ने कुल आठ पदक हासिल किए. जिनमें एक रजत और सात कांस्य शामिल हैं.जियाना की इस उपलब्धि पर उनके परिवार और गांव में खुशी की लहर है. उनके पिता मोहम्मद सैफ उर्फ लबली, माता नीलुफर परवीन, दादी रजिया सुल्ताना, चाचा प्रो. नजरुल इस्लाम,नाहिद उर्फ बबली,एवं युनुस आलम ने जियाना की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है.जियाना के कुशल प्रदर्शन के लिए थांग-टा संघ अररिया बिहार के महासचिव विकास कुमार झा, अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष कन्हैया मिश्रा, जिला खेल पदाधिकारी सान्याल , प्रो. डॉ. नीतू कुमारी, डॉ. अलका, कोच संतोष कुमार, राहुल कुमार, पप्पू कुमार ने भी जियाना को बधाई दी है.

# श्री श्याम जन्म उत्सव पर पूजा अर्चना व भजन कीर्तन का आयोजन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता मंडरो- मिर्जाचौकी धर्मशाला परिसर में देवउठानी एकादशी के अवसर पर खाटु श्याम जी का जन्म उत्सव शनिवार की देर शाम जन्म दिन मनाया गया. जिसमें तरह तरह के व्यंजन पकवान बनाकर श्याम जी को भोग लगाया गया. वहीं श्याम भक्त भोल्टू चौधरी एवं उनकी धर्मपत्नी ने श्याम बाबा का विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कर आरती किया. इस संबंध में भोल्टू चौधरी ने बताया कि बाबा हारे के सहारा हैं. इन्हें जो हृदय से पुकारा है बाबा सहारा देने के लिए पहुंचते हैं. जबकि दीन, दुखिया, आपत्ति, व कष्ट में पड़े हुए भक्त पर हमेशा उनका सहारा रहता है. श्याम बाबा कलियुग में भी साक्षात सहारा बनकर सहायता करते हैं.जो हृदय से पुकारा वो कभी नहीं हारा है.वहीं मिर्जाचौकी दूर्गा मंदिर परिसर एवं धर्मशाला परिसर में हजारों की भीड़ खाटु श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर उमड़ पड़ी है.जबकि देर शाम तक श्याम जी की भक्ति संगीत पर भक्तों ने खुब झुम-झुम कर नाचते दिखे. मौके पर भोलू उर्फ भोल्टू चौधरी, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष राजीव जयसवाल,पूजा समिति सचिव निरंजन कुमारजयसवाल, सुनील चौधरी,चंदन वर्णवाल, बालेश्वर भगत, गणेश चौधरी अजय चौधरी, प्रमोद गुप्ता सहित हजारों की संख्या में श्याम भक्त उपस्थित थे.

# खेलो झारखंड एथलेटिक्स में जिले के एथलीटों ने जीते 06 स्वर्ण,08 रजत,06 कांस्य पदक सहित 20 पदक




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
साहिबगंज - झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची द्वारा बिरसा मुंडा स्टेडियम मोराबादी रांची में 30 अक्टूबर से 01 नवंबर तक आयोजित खेलो झारखंड राज्य स्तरीय स्कूली (एस.जी.एफ.आई) एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जिले के एथलीटों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए. कुल 06 स्वर्ण,08 रजत,06 कांस्य सहित 20 पदक जीता.
जिले की टीम बालक 21 अंक के साथ अंडर 14 वर्ष में ओवर ऑल विजेता बनीं
स्वर्ण पदकबालक 14 वर्ष
1.संतोष मुर्मू - लंबी कूद
2.आयुष कुमार -80 मीटर हर्डल्स
बालक 17 वर्ष
3.एमानुएल किस्कू - 110 मी.हर्डल्स 4.पृथ्वी राज मंडल- जेवलिन 5.प्रेमचंद मुर्मू - हैमर
बालक 19 वर्ष
6.युवांश देव - ऊंची कूद
रजत पदक1.सन्नी कुमार - शॉट पुट
2.विशाल कुमार - डिसकस
बालिका अंडर 19 वर्ष
3.क्रांति कुमारी - क्रॉस कंट्री दौड़
4.जमशेद अंसारी- 5000 मीटर पैदल चाल
बालक अंडर 14
5.4 गुणा 100 मीटर
संतोष मुर्मू
सक्षम कुमार
विशाल कुमार
आयुष कुमार
बालक अंडर 17
6.4 गुणा 100 मीटर रीले
परमा हांसदा
चंदन रजवार
एमानुएल किस्कू
गौतम महतो
बालिका अंडर 19
7.4 गुणा 100 मीटर
चुमकी कुमारी
मेरी बास्की
नंदनी कुमारी
क्रांति कुमारी
बालिका अंडर 14
8.4 गुणा 100 मीटर शांति बेसरा रूचि कुमारी बेबी कुमारी रौशनी कुमारी कांस्य पदकबालक अंडर 14 .संतोष मुर्मू -लंबी कूद .सक्षम कुमार - ऊंची कूद
बालक अंडर 17
3.जमादार केरई - ऊंची कूद
4.चंदन रजवार - ट्रिपल जंप
5.4×400 मीटर रीले
शामू मरांडी
अमित कुमार
एमानुएल किस्कू
कृष्णा कुमार
*बालिका अंडर 17 .माही कुमारी - ट्रिपल जंप

# मधुमक्खी प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

बड़हरवा–बरहरवा प्रखण्ड अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र तथा सहायक निदेशक उद्यान के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को बड़हरवा प्रखंड क्षेत्र के कालू पंचायत में तीन दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। जिसमें गुरुवार को शुभारंभ किया गया था।रांची के वरीय विशेषज्ञ राधाकांत गिरी, कालू पंचायत के उपमुखिया मीणा देवी,मुखिया प्रतिनिधि तारक घोष,जिला उद्यान विभाग से प्रेम पासवान द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। राधाकांत गिरी ने मधुमक्खी पालन के लिए सरकार द्वारा दी जा रही उपादानों तथा किसानों के लिए मधुमक्खी पालन व्यवसाय अपनाये जाने पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मधुमक्खी पालन से किसानों को होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शहद उत्पादन के साथ-साथ फसलों के उत्पादन को बढ़ाने का भी तरकीब बताया।

कार्यालय – जिला सहकारिता पदाधिकारी देवघर ।
किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना

विगत तीन दिनों में चक्रवाती वर्षा के कारण किसानों के धान तथा अन्य फसलों के क्षति होने की सूचना प्राप्त हो रही है। अतः वैसे सभी किसान भाई जिन्होंने खरीफ 2025–26 में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अर्न्तगत धान, मक्का तथा अन्य फसलों का बीमा करवाया है तथा फसल कटाई के 14 दिनों के अन्दर ओला वृष्टि / चक्रवात / चक्रवाती वर्षा / बेमौसम बारिश / आग के कारण फसल क्षतिग्रस्त हो गया है तो नुकसान के 72 घंटे के अंदर कृषि रक्षक टोल फ्री नं 14447 पर कॉल करके शिकायत दर्ज करा कर बीमा क्षतिपूर्ति का लाभ ले सकते है। दर्ज कराते समय किसानों को बीमा संख्याा अथवा आवेदन सं0, बीमा कम्पनी का नाम (Future Generali), कषक का नाम, फसल का नाम एवं ग्रम/प्रखण्ड का उल्लेख करने की आवश्यकता है, जिससे दावे का उचित निस्तारण सुनिश्यित किया जा सके। इसके अतिरिक्त किसान क्रौप इंश्योरेंस एप पर तथा कार्यालय जिला सहकारिता पदाधिकारी, देवघर /कर्यालय जिला कृशि पदाधिकारी, देवघर के माध्यम से भी लिखित शिकायत दर्ज करा सकते है।

जिला सहकारिता पदाधिकारी,
देवघर।

PR 365050 Deoghar(25-26)D

# महिलाओ ने की तुलसी विवाह पर पूजा-अर्चना



साहिबगंज- साहिबगंज जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार की रात महिलाओं ने तुलसी विवाह का आयोजन किया. महिलाओं ने धूमधाम से तुलसी माता का विवाह संपन्न कराया. और विधि विधान के अनुसार पूजा-अर्चना की. महिलाओ ने बताया कि एकादशी के दिन तुलसी माता का विवाह धूमधाम से की जाती है. पूजा में सभी आवश्यक सामग्री चढ़ाई जाती है और मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से पूजा की जाती है.

Office of the Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Division, Deoghar

E-Procurement short Notice
Very- Very Short E-Tender reference no-08/DWSD/DEO(SP)/2025-26 (2nd Call) Date 01.11.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Work | Supply of Spare parts of deep well hand pump India Mark-II Conforming to I.S: 9301-1990 with latest amendment (may be read along with Ist amendment IS: 15500(Part 1-7) 2004 with latest amendment for spares of India Mark- II respectively) under D.W.& S. Division, Deoghar for the year 2025-26. |
| 2 | Estimated Cost (In lakh) | 5.91 Lakh |
| 3 | B.O.Q Cost (In Rs.) | 1250.00 |
| 4 | Earnest Money (In Rs.) | 11900.00 |
| 5 | Time of Completion | 15 Day |
| 6 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 03.11.2025/ 05.00 P.M. |
| 7 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 08.11.2025/ 05.00 P.M. |
| 8 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 08.11.2025/05.00 P.M. |
| 9 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 10.11.2025/ 05.00 P.M. |
| 10 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर। |
| 11 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलीफोन नं0 | 6432–355005 |
| 12 | ई–प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2480345 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Drinking water & Sanitation Division,
Deoghar

PR 365016 Drinking Water and Sanitation(25-26).D

कार्यालय नगर परिषद्, गोड्डा

अल्पकालीन कोटेशन(भाव पत्र) आमंत्रण सूचना संख्या– UDD/NPG/10/2025-26

एतद् द्वारा सूचित किया जात है कि नगर परिषद्, गोड्डा क्षेत्रान्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अन्तर्गत साफ–सफाई में कार्यरत सफाई कर्मियों को 03 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। यह प्रशिक्षण Capacity Building , Skill Development & Knowledge Management के तहत प्रदान किया जाना है।

इच्छुक निर्माणकर्त्ता/प्राधिकृत विक्रेता/आपूर्त्तिकर्त्ता, गोड्डा नगर परिषद् कार्यालय में दिनांक–10.11.2025 के 01:00 बजे अपराह्न तक जमा कर सकते है। प्राप्त कोटेशन उसी दिन अप0 02:30 बजे गोड्डा नगर परिषद् कार्यालय में Procurement समिति के समक्ष खोली जायेगी। कोटेशन/भावपत्र खोलते समय कोटेशनदाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

| क्र0 सं0 | घटक | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क (Non-refundable) | कुल लाभुकों की संख्या | प्रशिक्षण दर (प्रति लाभुक) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर परिषद्, गोड्डा क्षेत्रान्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अन्तर्गत साफ–सफाई में कार्यरत सफाई कर्मियों को 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्य। | 10,000.00 | 1,000.00 | 145 अदद | |

नियम एवं शर्ते :–
01. अग्रधन की राशि कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, गोड्डा के पदनाम से भुगतेय होगा, जो डी0डी0 के रूप में देय होगा, जो ट्रेनिंग समाप्ति के उपरांत वापस किया जाएगा।
02. निविदा दाता द्वारा Trainer Fee, Tea/Water and Lunch for Trainees/सफाई Kit आदि सहित दर उदृत करना होगा।
03. प्रशिक्षण हेतु एजेंसी का चयन झारखण्ड राज्य स्थित निकायों में अधिकतम अनुभव (कार्यादेश) के आधार पर किया जायेगा।
04. प्रशिक्षण के दौरान अग्रिम राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा।
05. किसी सरकारी संस्था से Black Listed/Debarred नहीं है का शपथ पत्र संलग्न करना होगा।
06. निविदा दाता को निविदा के साथ वैध अवधि का पैन कार्ड, अद्यतन आयकर रिटर्न GST प्रमाण–पत्र, GST अद्यतन रिटर्न, पता का प्रमाण–पत्र का स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
07. किसी भी समय निविदा का रद्ध करने का अधिकार कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, गोड्डा को सुरक्षित होगा।
08. सफाई कर्मी की संख्या घट–बढ़ सकती है।
09. किसी भी प्रकार के विवादों का निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जायेगा।

प्रशासक,
नगर परिषद्, गोड्डा

PR 365043 Urban Development and Housing (25-26)_D

# श्रीश्याम बाबा के अवतरण पर निकाली गई निशान शोभायात्रा



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
साहिबगंज - देवउठनी एकादशी और खाटूवाले श्याम बाबा के अवतरण दिवस पर साहिबगंज नगर के सभी श्री श्याम प्रेमियों ने चौक बाजार स्थित बाबा डाकीनाथ महादेव मंदिर से बाबा का निशान यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली.निशान शोभायात्रा में राजस्थानी परिवेश में महिलाएं ,पुरुष सभी ढोल नगाड़ों के साथ बाबा श्याम की जय जयकार करते झूमते नाचते हुए चल रहे थे. शोभायात्रा शहर के चौक बाजार ,बाटा रोड, महाजन पट्टी,गोपालपुर होते हुए पुरुषोत्तम गली स्थित बाबा श्याम मंदिर पहुंची कर संपन्न हुआ.इस अवसर पर श्याम बाबा के रथ को फूलों से सजाया गया था.बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर सैकड़ों श्याम भक्तो ने झमाझम बारिश के फुव्वारे के बीच श्याम बाबा की जय, हारे के सहारे की जय, सावरे सरकार की जय ,शीश के दानी की जय, नीले घोड़े वाले की जय आदि जयकारा लगा रहे थे.जिससे वातावरण भक्ति माहौल में गुंजायमान हो गया. श्याम भक्त मंडल के अध्यक्ष रवि भगत ,ओम सिंघानिया, अंकित केजरीवाल,मानव खुडानिया, अंकित सराऊफ, जगदीश नासेरिया, मोहित बेगराजका, अमित तमाकुवाला,मोनी सर्राफ, शंकर खंडेलवाल, सूरज शर्मा, गोकुल टिबरेवाल सहित दर्जनों लोगो ने बाबा श्याम के भजनों में खूब झूमा और आनंद उठाया.वही देर शाम बाबा श्री श्याम मंदिर में बाबा का भजन कीर्तन का आयोजन कोलकाता के भजन गायक चेतन जायसवाल के द्वारा किया गया .भजन में सैकड़ो लोग शामिल होकर भजन का आनंद उठाया.

कार्यालय, नगर परिषद, दुमका
e-mail – dumka.nagar.parshad@gmail.com

|| आम सूचना ||

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में दुमका, नगर परिषद शहरी क्षेत्र अन्तर्गत 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Center के संचालन हेतु 02 चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जानी हैं। चिकित्सक पद के चयन हेतु आगामी दिनांक 13.11.2025 को पूर्वाहन 11:30 बजे Walk in interview नगर परिषद कार्यालय में निर्धारित की गयी हैं। इच्छुक चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

| क्र0 | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01 | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S की डिग्री |
| 03 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा)। |
| 04 | मानदेय | रू0 63,000/– (तिरसठ हजार रूपये मात्र) |
| 05 | कुल रिक्तियां | 02 (दो पद) |

अन्य शर्ते –
1.चयनित चिकित्सकों की सेवा संविदा के आधार पर की जायगी तथा भविश्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
2.मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जायेगी।
3.कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 08 घण्टा)
4-Walk in interview में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवार को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
5-Walk in interview के लिए उम्मीदवार अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ दुमका, नगर परिषद कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, दुमका

PR 365039 (District)25-26*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, साहेबगंज।

ई – निविदा आमंत्रण सूचना

e – Tender reference no. WRD/MID/SAHIBGANJ/F2 – 04/2025-26 Date- 31.10.2025

1 विभाग का नाम:– जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग, झारखण्ड, राँची।
2. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, साहेबगंज। मो0–9693906454
3. निविदा खोलने का स्थान– ई– प्रोक्योरमेंट सेल, मुख्य अभियंता कार्यालय ,लघु सिंचाई, दुमका ।
4. कार्य की विवरणी:–

| क | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | बेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई–निविदा खोलने की तिथि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | ग्राम सनमनी में चेकडैम का निर्माण कार्य। | बरहेट | 5202837.71 | 104100 | 10000 | 10.11.2025 (पूर्वाहन् 10:30 बजे से) | 22.11.2025 (अपराहन् 5:00 बजे तक) | 24.11.2025 (अपराहन् 03:00 बजे) | 11 माह | योग्य श्रेणी |
| 2 | ग्राम राजापानी में चेकडैम का निर्माण कार्य। | बरहेट | 5202837.71 | 104100 | 10000 | | | | | |
| 3 | पोखरिया नाला में चेकडैम निर्माण कार्य। | बोरियो | 7579241.83 | 151600 | 10000 | | | | | |
| 4 | बड़ी नाला पर चेकडैम निर्माण कार्य। | बोरियो | 7855121.11 | 157200 | 10000 | | | | | |
| 5 | बड़ा कुश्मी नाला पर चेकडैम निर्माण कार्य। | बोरियो | 6545086.50 | 131000 | 10000 | | | | | |
| 6 | ग्राम बांसकोला में चेकडैम निर्माण कार्य। | पतना | 6018784.06 | 120400 | 10000 | | | | | |
| 7 | ग्राम बड़ा महगामा में चेकडैम निर्माण कार्य। | पतना | 5287111.74 | 105800 | 10000 | | | | | |

नोट:– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। अग्रघन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
3. परिमाण विपत्र एवं EMD की राशि केवल online माध्यम से ही स्वीकार होगा। online माध्यम से किये गये भुगतान की पावति बेबसाइट पर आवश्यक रुप से अपलोड करेंगे।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
5. विस्तृत जानकारी के लिए http://jharkhandtenders.gov.in_ पर लॉग ऑन करे ।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, साहेबगंज।

PR 365057 (Minor Irrigation) 25-26 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, देवघर -सह- परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी
(WDC-PMKSY 2.0)
E-mail- rwdspldgr@gmail.com

NIT NO.:- 01/2025-26 (WDC-PMKSY 2.0)
WDC-PMKSY 2.0 अन्तर्गत प्रखंड मधुपुर में अनुबंध के आधार पर WDT-Engineer Expert की नियुक्ति की सूचना
WALK –IN- INTERVIEW

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, देवघर–सह–परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी (WDC-PMKSY 2.0) द्वारा क्रियान्वित की जानेवाली परियोजना WDC-PMKSY 2.0,के तहत देवघर जिला के प्रखंड– मधुपुर में स्वीकृत परियोजनाओं के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु अनुबंध के आधार पर पूर्णत: अस्थायी तौर पर निम्नलिखित विषयों के जलछाजन विकास दल (WDT-Engineer Expert) के सदस्य की नियुक्ति हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन विहित प्रपत्र में निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 08.11.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, देवघर–सह–परियोजना क्रियान्वयन एजेसी (PIA) WDC-PMKSY 2.0 के कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें। WDT-Engineer Expert सदस्य की नियुक्ति WDC-PMKSY 2.0 के मार्गदर्शिका में उल्लेखित Criteria/विहित Score Sheet के Parameter एवं साक्षात्कार (Walk in interview) के माध्यम से किया जायेगा। साक्षात्कार (Walk in Interview) दिनांक 12.11.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, देवघर के कक्ष में आयोजित किया जायेगा।

| Sl. No. | Name of the Post | Number of the Post | Education Qualification & Experience | Honorarium |
|---|---|---|---|---|
| 1 | W.D.T. Engineering Expert | 1 | Degree/Diploma in Civil/Agriculture Engg./Soil & Water Engg./Diploma in Watershed Management with 2 Years Experience in Watershed Management Programme | PMKSY 2.0 हेतु समय–समय पर SLNA द्वारा निर्गत मार्गनिर्देशिका अनुसार |

Note :- Honorarium may be changed as per financial manual of PMKSY-WDC- 2.0
अन्य शैक्षणिक योग्यता
1- Computer Literate
2- Knowledge in Local Language/Dialect
3- Two-Wheeler Driving Skill
4. जलछाजन परियोजना में कार्य अनुभव प्राप्त (प्रमाण–पत्र अनिवार्य) अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

सेवा शर्ते :–
1. यह नियुक्ति पूर्णतया मानदेय के आधार पर होगी। ऐसी नियुक्त व्यक्तिको नियमित रूप से नियुक्त करने का विभाग का कोई दायित्व नहीं होगा।
2. यह नियुक्ति 31 मार्च 2026 तक के लिए कि जाएगी। नियमानुकूल विभागीय निर्देश के अनुसार कार्य संतोशजनक पाये जाने की स्थिति में नियुक्ति का विस्तारीकरण/नवीनीकरण किया जा सकता है।
3. यदि नियुक्ति व्यक्ति स्वत: मुक्त होना चाहेगें तो उन्हें एकमाह पूर्वलिखित सूचना देनी होगी। कार्यरतकर्मी के सेवा की आवश्यकता नहीं होने पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा एकमाह पूर्वलिखित सूचना देकर कार्यरत कर्मी की सेवा समाप्त कर दी जाएगी।
4. क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान निर्धारित यात्रा भत्ताअलग से देय होगा।
5. नियुक्ति को रद्दक रने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।
6. आयुसीमा इस कार्यक्रम के लिए आवेदक/आवेदिका की आयुसीमा– 18 से 40 (विज्ञापन तिथि) वर्ष तक होगी।
7. मानदेय का भुगतान PMKSY 2.0 (WDC ) योजनान्तर्गत पी0आई0ए0 के प्रशासनिक मद में उपलब्ध राशि से किया जाएगा।
8. नियुक्त उम्मीदवार को कार्यस्थल में रहना अनिवार्य होगा।
9. साक्षात्कार के समय मूलप्रमाण–पत्र रखना अनिवार्य होगा।
10. इच्छुक व्यक्ति अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, अंकपत्र, अनुभव प्रमाण–पत्र, अभिप्रमाणित कराकर अपना पूर्ण बायोडाटा विहितप्रपत्र में (विहितप्रपत्र www.deoghar.nic.in से Download कर) भरकर निम्नपतेपर निर्धारित समय सीमा के अंदर भेजना सुनिश्चित करें। अवधि समाप्त होने पर किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

कार्यालय का पता :– कार्यपाल कअभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, देवघर–सह–परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी (PIA), WDC-PMKSY 2.0

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, देवघर
–सह–परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी
WDC-PMKSY 2.0

PR 365024 Deoghar (25-26)_D

## आ़रीचा़ली



**- मिरूलाल टुडू**

आमाक् नोआ आ़री
फुडुक् हाण्डी चोड़ोर
फ़रिया़ लोटा दाक्
तो़बे सिड़ा़र सो़ड़ो़र।

कुमा़ङ चाहे तिञाङ
उसा़रा ताड़ी चेलाङ
बाला साका गालाङ
बा़टी तेको सामाङ।

सा़री नासे पो़रो़ब
बाबाताको गो़रो़ब
दोजा मोजा सुडुच्
कोड़ा हों बाको दो़ब।

बापला रेमा आलोम रोड़ा
आडेपासे आयमा कोड़ा
हा़नी ञेल नुई ञेपेल
जो़तोको गे आसो़ल पेड़ा।

मेला ठेला ञापाम तोरा
खारचा रेयाक् गेको जोरा
दाक् दाक् ञेपेल पेड़ा
हेड़ेम जुता़ गेको रो़ड़ा।

सालास ञापाम गाते
काथा ताको पान्ते
जाहां तिना़क्एम पो़यो़ड़
ओड़ाक् हो़ड़ दो़ बाको रो़ड़।

लाच् बीक् जो़म काते
रो़ड़ लान्दा सेबेल रे हों
मो़ने ताको खाटो़क्आ
जो़खो़न फुडुक् का़टिजो़क्आ।

# राजभवन रे आयमा पो़नो़त रेयाक्को मानाव केदा बानाधाव माहां, राज्यपाल दो़ बोगेआसे एमात्कोआ

**खोबोरिया**

**रांची।** रांची रेयाक् राजभवन रे शनिवार हिलोक् आयमा पो़नो़तको आर केंद्र शासित प्रदेश रेयाक् बानाधाव माहां रे भव्य समारोह ओराम एना। नोआ ओ़पसो़र रे राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार दो़ ओण्डेन हो़ड़ बोगेआसे एमात्कोआ। राज्यपाल दो़ ज मू कश्मीर, लद्दाख, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, अंडमान आर निकोबार द्वीप समूह, चंडीगढ़, दिल्ली, लक्षद्वीपआर पुडुचेरी रेयाक्



स्थापना दिवस समारोह रेय मेन केदा जे भारतविविधता रे एकता रेयाक् अद्वितीय पा़रतुल काना आर मिमित् पो़नो़तआयाक् खास पहचान, संस्कृति आर परंपरा ते राष्ट्र केटेच्ए बेनावेत् काना। उनी दो़ सरदार वल्लभभाई पटेलाक् जानाम माहां आर ज मू कश्मीरआर लद्दाख रेयाक् स्थापना रेयाक् ला़ई तुलुच् अनुच्छेद 370 ओ़चो़ग रेयाक् गोटाय दो़ ऐतिहासिक आर समान अधिकार रेयाक् पोंथा रेमील धिरीय ला़ई केदा। ऑपरेशन सिंदूर रेयाक् सारहाव तुलुच् उनी दो़य मेन केदा जे नोआ अभियान दो़ भारत मानवीय संवेदनाको आर तुरा़ंत कुड़पाड़ रे विश्व ता़री रेय नामडाक आकादा। राज्यपाल दो़आयमा पो़नो़त रेयाक् सांस्कृतिक, आर्थिक आर सामाजिक विशेषताको ला़ई तुलुच्ए मेन केदा जे दिसा़म रेयाक् जुदा़-जुदा़ टोठाको खो़न हेच्एन हो़ड़ झारखंड रेयाक् लाहान्ती रे जा़रूड़ा़न एनेमको एमेत्काना।

## अदाणी फाउंडेशनाक् कुरूमुटू ते आतो रेन मो़ड़े गो़टेच् जुवा़न दो़ नौकरीको ञाम केदा



**खोबोरिया**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला रेयाक् बड़कागांव रे मेनाक् गोंदुलपारा खनन परियोजना होतेते अदाणी फाउंडेशन सेच् खो़न ओरामेन रोजगार मेला रे मो़ड़े गो़टेच् जुवा़न दो़ सुरक्षा गार्ड ला़गित् तेको बाछाव केत्कोआ। बड़कागाव रे मेनाक् फाउंडेशन रेयाक् कार्यालय रे शनिवार हिलोक् नोको जुवा़न दो़ परियोजना प्रमुख पुंडरीक मिश्रा दो़ जोयनिंग लेटेरे एमावात्कोआ। बड़कागांव रे पारो़मेन दिन रेअदाणी फाउंडेशन सेच् खो़न टोठाकिया़ जुवा़न ला़गित् ते नावांओ़पसो़र आ़गुय रेयाक् जो़स ते रोजगार मेलाको ओराम केदा। ओना इया़ते परियोजना दो़ चापो़ट आकान आतो टोठा रेन मो़ड़े गो़टेच्जुवा़नको बाछाव केत्कोआ, ओनको दो़ मध्यप्रदेश रयाक् सिंगरौली परियोजना रेको पोस्टिंग केत्कोआ। बाछावकेत्को मुद रे रंजीत भोक्ता, प्रमोद गंझू, मुकेश कुमार, पवन गंझू आर चितरंजन गंझू ताको सेलेत् मेनाक्कोआ। नोको जुवा़न दो़ आकोवाक् बायोडेटा 9 सितंबर हिलोक् ओराम लेन रोजगार मेला रेको जामा लेदा।

## सरदार बल्लभ भाई पटेलाक् 150धावाक् जानाममाहां रे महाविद्यालय रेको ओराम केदा स्वच्छता अभियान

**खोबोरिया**

**रानीश्वर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1, 2, 3 आर 5 सेच् खो़न मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय रानीश्वर रे प्रभारी प्राचार्य सरदार वल्लभ भाई पटेलाक् 150 धावाक् जानाममाहां ओ़पसो़र रे महाविद्यालय रे साफा-सा़फी ला़ड़ावनाको चालाव केदा। नोआ ओ़पसो़र रे प्रभारी प्राचार्य दो़ सरदार बल्लभ भाई पटेल महापुरुष उईहा़र आंजलेये तुलुच् जो़तो़वालंटियर्स दिसा़म दुलाड़ बाबो़त रेय जागवार केत्कोआ। उनी दो़य मेन केदा जे जुमित् गे दिसा़म रेयाक् जो़तो़ खो़न माराङ दाड़े काना,आबो दो़ महापुरुषाक् उदुक् डाहार रे मित् गे तालाव चालाक् लेककान ताबोना। नोआ दिसा़म दुला़ड़ हुदिस एभेन आचो काते तेहेञ इकाई 1 कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अवर्णा रॉय, इकाई 3 कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रूपम कुमारी इकाई 5 कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर आशीष कुमार मंडल ताको दो़ तेहेञ महाविद्यालय रे वालंटियर्स सो़ंगे ते स्वच्छता अभियानको चालाव केदा। इकाई 1, 3 आर 5 रेन कार्यक्रम पदाधिकारी दो़ वालंटियर्सको ताला रे नैतिकता रेयाक् हों ओपरोमको एमात्कोआ, आबो साफा-सा़फीबोन ताहेंना तो़बे रे गे आपनारआडेपासे रेयाक् ओ़नो़रो़ल दो़ साफ़ ताहेंना।



# हा़तीको रा़पुत् केदा रेलवे क्रॉसिंग, भो़यो़न पासनावात्कोआ हो़ड़

**खोबोरिया**

**कोडरमा।** जिला रेयाक् जयनगर प्रखंड रेयाक् परसाबाद रे हा़तीकोवाक् ताहास-नाहास दो़ थिरूक् रेयाक् ञुतुम गे बाय ञुमेत् काना। लाहा दो़ खेत रे रो़हो़याकात् हो़ड़ाको लेबेत् खादबादाव केदा ओना तायो़म आयमा ओड़ाक्को रा़पुत् केदा। नित दो़ रेलवे सोमपुती सेच्को उचाड़ाकाना। जा़रूममाहां हिलोक् ञिन्दा़ धनबाद गया रेलखंड रेयाक् परसाबाद रेलवे क्रॉसिंग रे हा़तीकोवाक् झुंड दो़ जोमकावातेको ताहास-नाहास केदा। झुंड दो़ रेलवे फाटक रेयाक् मेड़हत्को रा़पुत् केदा ओनका रे थोड़ा घा़ड़िच् ला़गित् रेल गा़डी चालाव रे आनाट जानामाकानताहेंकाना, हें मेनखान सो़मो़य ताहेंन रे हालो़त दो़को ञेल जुत केदाआर नो़ते जाहांयाक् जिवी चालावाकान रेयाक् खो़बो़र दो़ बा़नुक् आकादा। नोआ क्रॉसिंग दो़ ग्रामीण सो़ड़ो़क रे मेनाक् आकादा, ञिन्दा़ गे ताहेंकान ते डाहार रे जाहांन ला़टू आनाट दो़ बाङ हेच् लेना। हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन रेन आरपीएफ प्रभारी विश्वनाथकुमार दो़ ञुहुममाहां हिलोक्ए ला़ई केदा जे उनी दो़ ढेर ञिन्दा़परसाबाद स्टेशन ठेन मेनाक् गडगी रेलवे क्रॉसिंग रेयाक् दा़खिन नाखा रे मेड़हत् रेयाक् क्रॉसिंग रा़पुत् आकान रेयाक् खो़बो़रे ञाम केदा। खो़बो़र ञाम सांवते आरपीएफ रेन टीम दो़ ओ़न्डेको सेटेरेना आर क्रॉसिंग दो़ उसा़रा ते मेड़हेत् रेयाक् सिकड़ी ते घेराव



कातेको सुरक्षित कादाक्आ, ओनका रे जाहां लेकानाक् लुकसान दो़ बाङ होय लेना। हें मेनखान नोङकानाक् घो़टना दो़ सुरक्षाबेबो़सता ला़गित् आ़डी माराङ संकेते एमो़क् काना।वन विभागाक् ला़ई लेकाते 22 अक्टूबर हिलोक् ञिन्दा़ जयनगर रेयाक् परसाबाद टोठा रे मोटामुटी 40 हा़तीकोवाक् झुंडको ञेल लेदा, जाहांय दो़ वन विभाग रेन सुरक्षा कर्मिको लागा लेत्कोआ। नित हा़तीकोवाक् झुंड दो़ दोड़हा ते नोआ टोठा रे सेटेरेना। बाडाय काथा काना जे नोआ बो़छो़र हा़ती दो़ आपनार चापो़ट रे तुरूईहो़ड़को गो़च् आकात्कोआ।

## नो-एंट्री झो़गड़ा दो़ बेनावेना जनआंदोलन, सो़ड़ो़क घो़टना रेयाक् डेटा रे राकाप् एना कुकली

**खोबोरिया**

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिला रे नो-एंट्री झो़गड़ा दो़ नित जनआंदोलन रूप बेनावेना। पारो़मेन थोड़ा दिन खो़न बाजार रेयाक् ओ़नो़रो़ल दो़ गो़रो़म गेया। सो़ड़ो़क सुरक्षा बाबो़त रे आंदो़ड़ हो़ड़ दो़ दा़बियेत् काना जे पारो़मेन मित् बो़छो़र सो़ड़ो़क घो़टना रे 155 गो़टेच् हो़ड़ाक् जिवी चालावेनताकोआ। नो़ते जिला प्रशासन दो़ नोआ दा़बिय दो़ पुरा़ आउड़ियाक् मेन तुलुच्ए मेन केदा जे जनवरी 2024 खो़न अक्टूबर 2025 सेरमा ताला जिला रे सो़ड़ो़क घो़टना ते मो़ठे 76 गो़टेच् हो़ड़को गो़च् लेन बाडाय आकाना। प्रशासन दो़ अधिकारिक प्रेस कांफ्रेंस होतेते नोआ बानाडाय दो़य सो़दो़र केदा। प्रशासन सेच् खो़न जा़रीय आकात् डेटा लेका ते हाटगमहरिया, झींगपानी, टोंटो आर मुफस्सिल थाना टोठा रे 2024 सेरमा रे जनवनी खो़न दिसंबर हा़बिच् 23 आर जनवरी खो़न जुलाई 2025 हा़बिच् ते 15 गो़टेच् हो़ड़ सो़ड़ो़क घो़टना रेको गो़च् लेना। नो़ते चाईबासा-जमशेदपुर सो़ड़ो़क रे कुजु खो़न बाईपास चौक ताला एनएच.220 रे 2024 सेरमा रे तुरूईगो़टेच् आर 2025 सेरमा रे बार हो़ड़ाक् जिवीय चालावेनताकिना। गितिलपी चौक खो़न बाईपास चौक ताला रे 2024 सेरमा रे मो़ड़े गो़टेच् आर 2025 रे बार हो़ड़किन गो़च् लेन बाडाय लेना। एन्डेखान गितिलपी चौक खो़न जैतगढ़ ताला रे 2024 सेरमा रे 12 आर 2025 रे 11 गो़टेच् हो़ड़ दो़ सो़ड़ो़क घो़टना रेको गो़च् लेना। प्रशान दो़य ला़ई केदा जे दिसंबर 2024 सेरमा खो़न लाहा चाईबासा-हाटगमहरिया एनएच-75 ई आर चाईबासा बाईपास सो़ड़ो़क रे नो-एंट्री बेबो़सताकोला़गू लेदा।

## बैंक ऑफ इंडिया रे रैली, रंगोली आर जागरूकता सो़ंगे सो़न्तो़रो़क् संदेश आँजो़मेना

**हजारीबाग।** हजारीबाग अंचल रे बैंक ऑफ इंडिया सेच् खो़नसो़न्तो़रो़क् जागवार हापता शनिवार हिलोक्को मानाव केदा। नोआ ओ़कते वॉकथॉन, गुब्बारा प्रेषण, मानव श्रृंखला, क्विज, स्लोगन आर रंगोली हापाराव घालो़क् एटाक्आक् होय एना। का़मीहो़रा रेयाक् मो़तलो़ब दो़ हो़ड़को रे ईमानदारी, पारदर्शिता आरभ्रष्टाचार-निरोध ला़गित् जागवार फयलाव ताहेंकाना। रैली होतेते बैंकका़मिया़को दो़ वी फॉर विजिलेंस रेयाक् चिन्हा़ बेनाव काते सो़न्तो़रो़क् रेयाक् संदेशको एमात्कोआ। आयमा हो़ड़ दो़ नोआ ओ़पसो़र रे सो़न्तो़र ताहेंनको एकराड़ एना आर बैंक रेयाक् पोंथाको सारहाव केदा। का़मीहो़रा रे क्षेत्रीय प्रबंधक नरेंद्र दयानंद कुमार, उप आंचलिक प्रबंधक लक्ष्मी नारायण डागरा, खिरोद चंद्र साहू, एजीएम अशोक यादव, सतर्कता अधिकारी हिमांशु गर्ग घालो़क्एटाक् आर का़मिया़कोको ताहेंकाना।

## झो़मो़र-झो़मो़र दाक् ते चासबासको चापो़ट एना, चा़सा हो़ड़को भाबनायेना

**रामगढ़।** जिला रे झो़मो़र-झो़मो़रे दाक् केत् ते आ़डी लो़कसान होय एना। चक्रवात तूफान मोंथा रेयाक् एसेर ते पारो़मेन 72 घांटा खो़न झो़मो़र-झो़मो़रे दाक्एत् काना। झो़मो़र-झो़मो़रे दाक्एत् खा़तिर ते खेत रे मेनाक् चास दो़ लो़कसान चाबायेना। मोंथातूफान दो़ चा़सीकोय भाबाना आचो केत्कोआ। रामगढ़ जिला रेयाक्गोला आर दुलमी प्रखंड दो़ चासा रेयाक् गाड़ काना। जो़तो़ खो़न ढेरदो़ नोआ जायगा रे लो़कसान होय आकाना। खेत रे बेलेवाकान हो़ड़ो़दो़ बाको गेमेर दाड़ेयादा। जाहांटाक् ओ़न बाजारको इदी लेत्, ओनाहों चा़सी दो़ आ़डीको लो़कसान एना। 56.3 एमएम झो़मो़र-झो़मो़रेदाक्को रिकॉर्ड केदा, रामगढ़ जिला रे पारो़मेन 24 घांटा रे 56.3 एमएम झो़मो़र-झो़मो़र दाक्को रिकॉर्ड केदा। मौसम वैज्ञानिकशशिकांत चौबे दो़य ला़ई केदा जे दारायकान बार दिर हा़बिच मौसमरेयाक् एसेर ताहेंना। दाक्एत् ओ़जे ते चा़सीको दो़ बिना़ गेत्आक् आर गेत् गितिच् आकात् हो़ड़ो़ दो़ चापो़ट चाबायेना।खेतको रे दाक् पेरेच्एन ते बेलेवाकान हो़ड़ो़ हों दाक् रे उनुम आकान ते अंकुरो़क् काना। जाहांय चा़सीको दो़ आकोवाक् हो़ड़ो़खेत रे रो़हो़ड़ो़क् ला़गित् तेको तासीवाकात् ताहेंन, ओना दो़ नित अंकुरो़क् काना।

## बुड़ही मायजिवाक् गो़च् मामला रेनकिन बाडायेना, बार हो़ड़ दो़को साप् केत्किना

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला रे सोनुआ थाना टोठा रेयाक् बालजोड़ी पंचायत रेयाक् घाघरासाई आतो रे मित्टेन बुड़हीमायजिवाक् गो़जे मामला रे पुलिस दो़ बारया आरोपितको साप् आकात्किना। पारो़मेन आठवार हिलोक् होयेन नोआ घो़टो़ना तायो़म गो़च्एनाक् मांड़ीं दो़ साको़ सोर खो़नको ञाम लेदा। सोनुआ रेन थाना प्रभारी दो़ शनिवार हिलोक्ए ला़ई केदा जे पुलिसाक् जांच रेको बाडाय आकाना जे यमुना उर्फ जमुना कुईआक् गो़च् मामूली झागड़ा तायो़मको गो़च् लेदेया। आसो़ल आरोपित रामेश्वर पूरती होंय आ़गो़च केदा जे यमुना आसो़ल दो़ अपशब्द मेतावाक् ताहेंना। आठवार हिलोक् हों मायजिव दो़ नाशा हालो़त रे एगेर केदा, नोआ आ़ड़िसकाते उनी दो़ ताहेंकान मेड़हेंत् रॉड साबो़ल ते बो़हो़क्ए दाल केदेया, नोआ ते ताक रेगेय गो़च् एना। इना़ तायो़म उनी दो़ आच् रेन गाते मधुसूदन कांडेयांगआक् गो़ड़ों ते मांड़ीं आतो खो़न थोड़ा फराक साको़ सोर रेको गिडीकादा, नोआ ते जे गो़च् रेयाक् सा़बुत ओको दाड़ेयाक्।

# बेबो़सायी चेतान रे हामलायकिनको साप् केत्किना

**खोबोरिया**

**खूंटी।** कर्रा थाना टोठा रेयाक् आतो छाता रे मेनाक् अखाड़ा मैदान सोर रे पदमपुर रेन शफीक मियां चेतान रे होयेन जानलेवा हामला रेयाक् बाडाय तुलुच् पुलिस दो़ बारया आरोपितको साप् आकात्किना।मियां आर मोदसीर अहमद उर्फ मो राजा खान सेलेत् मेनाक्किना। शाहिद कर्रा रेयाक् बड़ाइक टोली आर मोदसीर हैदर कॉ प्लेक्स खूंटीरेन कानाकिन। तोरपा रेन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा दो़ शनिवार प्रेस वार्ता रेय ला़ई केदा जे आदो़म आ़ना़ड़ी अपराधका़मिया़को दो़ 13 अक्टूबर हिलोक् शफीक मियांञुतुमान बेपारीको गोली ठू काते गा़हिर रूप रेय घा़ल लेना।घो़टो़ना तायो़म कर्रा थाना रे मामला ला़लिस लेना। मामला रेयाक् गा़हिरता ेल तुलुच् पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो दो़ मित् विशेष टीमको गो़ठो़न लेदा। टीम दो़ तुरा़ंत कुड़पाड़ तुलुच् शाहिद मियां आर मोह मद मोदासिर अहमद उर्फ मोह मद राजा खानको साप् केदेया। कुलीकिन रे नुकिन दो़ आ़किनाक् दो़सकिन हें मानाव केदा आरकिन ला़ई केदा जे घो़टो़ना खा़तिर रोलागुट्टू आतो रेयाक् बाजार रे मनिहारी दुकान लागाव ला़गित् शफीक आर शाहिद ताला रे झागड़ाचालाक् कान ताहेंना। आरोपिताक् निसा़नादेही रे पुलिस दो़ घो़टो़ना रे बेवहार स्कूटी आर बारया जिवा़त् का़रतूसको ञाम आकादा। सेंदराय दो़ल रे पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, कर्रा रेन थाना प्रभारी मनीष कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक निशा कुमार,जुगेश कुमार, घालो़क् सशस्त्र बल सेलेत्को ताहेंकाना।

## केरल दो़ रेंगेच्-नाचारे चाबाकेत् दिसा़म रेन पा़हिल पो़नो़ते बेनावेना : माकपा

**खोबोरिया**

**रांची ।** माकपा दो़ पो़नो़त इकाईए मेतावादा जे केरल रेयाक् वाम-जनवादी मोर्चा रेन सरकार दो़ केरल रे आ़डी रेंगेच्-नाचारचाबा कातेत् एकेन दिसा़म मो़तो दो बाङ पुरा़ दक्षिण एशिया रे नागामिया़ बेनाव ला़गित् तेय का़मी केदा। पार्टीवाक् मेमेन दो़ नोआ काना जे केरल मॉडल दो़ पुरा़ दिसा़म रेन डाहारे उदुआत्कोआ। आसो़ल काथा दो़ नोआ काना जे केंद्र रे मोदी सरकार दो़ योजनाआयोग चाबा कातेत् नीति आयोगे बेनाव केदा। नीति आयोगाक् 2021 सेरमारेयाक् रिपोर्ट लेका ते केरल रे 0.7 प्रतिशत हो़ड़ दो़ आ़डी रेंगेच् नाचारको ताहें लेना। 2021 सेरमा रे सत्ता रे हेच्एन माकपावाक् आ़युरेत्कान एलडीएफ सरकार दो़ आयाक् पा़हिल कैबिनेट दुपुड़ुप् रे चैलेंज लेका तेय नोआ गो़टा लेदा जे केरलदो़ हो़ड़ाक् रेंगेच् तेंताड़े चाबाया। नोआ दो़ गोटावाकात् सो़मो़य रे गेय पुरा़उ केदा। नोआ बाबो़त रे मित्टेन वैज्ञानिक आर सर्वसमावेशी सर्वे कातेत् पो़नो़त रेयाक् मोटामुटी 64 हजार 6 गो़टेच् आ़डी रेंगेच् नाचार घारो़ंज दो़को पाछनावकेत्कोआ। मोटामुटी ओ़डकान घारो़ंज सेलेत् मेनाक्कोआ जाहांय दो़ आ़डी रेंगेच्-नाचारको लेखा केत्कोआ जाहांय घारो़ंज दो़ जो़म-ञू, निपुट, आजीविका आर ताहेंन ला़गित् ओड़ाक् लेकानाक् तेकोमुसकिलो़क्कान ताहेंना। नोआ ला़गित् ते माइक्रो प्लान बेनाव केदा आर सरकारी तंत्र ला़ई ते वालंटियर आर हो़ड़को दो़ गोलबंद कातेत् सामाजिक ऑडिट लेका ते नोआ टारगेटको हामेट केदा। पार्टी सेच्खो़न शनिवार हिलोक् प्रेस कांफ्रेंस कातेत् ला़ई केदा जे नोआबाखरा ते केरल रेयाक् राजधानी तिरूअनंतपुरम रे सोमाज रेन जुदा़-जुदा़ जायगा खो़न सेटेर कातेत् केरल रेन सिरा़मंत्रीपिनराई विजयन दो़ एचिवमेंटे सारसादले केदा।

## भाजपा दो़ कोलकाता खो़ने एहो़प् केदा मेगा यूथ आउटरीच कैंपेन

**कोलकाता।** इंडियन कार्उसिल फॉर कल्चरल रिलेशंस, कोलकाता रेशनिवार हिलोक् भाजपा सेच् खो़न मेगा यूथ आउटरीच् कैंपेन रेयाक्ए एहो़प् केदा। नोआ ओ़कते भाजपा रेन प्रदेश अध्यक्ष आर राज्यसभा सांसद शमिक भट्टाचार्य, भारतीय जनता युवा मोर्चा रेन प्रदेश अध्यक्ष डॉ इंद्रनील खां आर त्रिपुरा रेन पूर्व मु यमंत्री आर लोकसभा सांसद बिप्लब देब दो़ मीडियाको गालमारावात्कोआ। शमिक भट्टाचार्य दो़ भारत रेयाक् प्राचीनस यता आर वैश्विक परिदृश्य रे केटेज भारत रेयाक् चारचाय तुलुच्ए मेन केदा जे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एकेन मित् ञुतुम गे बाङ, बो़रो़ङ मित् अवधारणा काना, ओ़को़य दो़ विश्व मंच रे भारतीय पहचाननावां उसूल रेय सेटेरकादा। उनी दो़ पश्चिम बंगाल रेयाक् निहा़लीराजनीतिक आर सामाजिक हालो़त रेयाक् आलोचनाय तुलुच्ए मेन केदाजे पो़नो़त रे मायजिवकोवाक् सुरक्षा, जुवा़नकोवाक् रोजगार आरप्राकृतिक आपदाको सांव सामबड़ावक् रे सरकार पुरा़उ तेय निजो़र आकाना।


**झारखण्ड सरकार**
**उद्योग विभाग**
**कार्यालय महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, दुमका**

आम सूचना

उद्यम पंजीकरण सह जागरूकता शिविर का आयोजन

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रबंध निदेशक, झारखण्ड औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड (JIIDCO), रॉची द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में एम0एस0एम0ई0 इकाईयों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से नि–शुल्क उद्यम निबंधन हेतु दिनांक 04.11.2025 को 11:30 बजे पूर्वा0 से एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन जिला उद्योग केन्द्र, दुमका (पता– इन्डोर स्टेडियम के समीप) के सभागार कक्ष में किया जा रहा है।

अतः दुमका जिले के सभी छोटे/बडे उद्यमी/व्यवसायी शिविर में आकर अपने व्यवसाय का उद्यम निबंधन कराये। निबंधन हेतु आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक, आधार से लिंक मोबाईल नं0 के साथ शिविर में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

ह0/–
महाप्रबंधक
जिला उद्योग केन्द्र, दुमका

PR 365071 (Industries)25-26*D



**कार्यालय,**
**उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी, दुमका झारखण्ड**
**(जिला खेल कार्यालय, दुमका)**

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपायुक्त, बोकारो के पत्रांक– 649/खे0 दिनांक–25.10.2025 के आलोक में बोकारो जिलान्तर्गत लुगु बुरू घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ ललपनिया गोमिया में राजकीय महोत्सव, 2025 का आयोजन दिनांक–04.11.2025 से 05.11.2025 तक निर्धारित है, जिसमें देश–विदेश के लाखों श्रद्धालुओं एवं बुद्धिजीवी, धर्मगुरूओं अनेक गणमान्य एवं कलाकारों का आगमन होता है।

अतः दुमका जिले के इच्छुक श्रद्धालु एवं बुद्धिजीवी अपने सुविधानुसार लुगु बुरू घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ ललपनिया गोमिया में राजकीय महोत्सव, 2025 में सम्मलित हो सकते है।

जिला खेल पदाधिकारी,
दुमका

PR 365022 Art Culture Sports and Youth Affairs(25-26).D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, साहेबगंज**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**
**[सं0सं0- XI-37/2025]**

–: आदेश :–

बिहार विधान सभा आम चुनाव 2025 के तिथि की घोषणा के साथ ही सर्म्पूण बिहार राज्य में आदर्श अचार संहिता प्रभावी है। राज्य के सभी 243 निर्वाचन क्षेत्रों में से 121 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रथम चरणं (दिनांक 06.11.2025) को मतदान तथा अवशेष 122 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में द्वितीय चरण (दिनांक 11.11.2025) को मतदान निर्धारित है। तद्नुसार साहेबगंज जिला के सीमावर्ती बिहार राज्य के भागलपुर, कटिहार जिला है, जहाँ द्वितीय चरण में मतदान निर्धारित है।

अर्न्तराज्यीय एवं अर्न्तजिला बैठकों में लिये गये निर्णय के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया की सुचिता बनाये रखने के उद्धेश्य से मदिरा/सुशव के परिवहन/बिक्री पर विशेष निगरानी रखने तथा मादक पदार्थों का चोरी–छूपे मतदान क्षेत्रों में न पहूँचेः के उद्धेश्य से मतदान की तिथि के 48 घंटे पूर्व एवं मतगणना की तिथि को सीमावर्त्ती जिलों में शुष्क दिवस घोषित किया जाना है।

उपरोक्त वर्णित स्थिति एवं आयुक्त उत्पाद, झारखंड, राँची के पत्रांक 1984/ दिनांक 21.10.2025 उपायुक्त उत्पाद एवं विभागिय पत्र संख्या 2011 दिनांक 29.10.2025 के आलोक में मैं हेमन्त सती, भा0प्र0से0, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, साहेबगंज, झारखण्ड, उत्पाद अधिनियम की धारा–26 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार विधान सभा आम चुनाव, 2025 के द्वितीय चरण में होने वाले मतदान के अवसर पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ग) के अन्तर्गत दिनांक 09.11.2025 के अपराह्न 6.00 बजे से मतदान की तिथि 11.11.2025 के अपराह्न 6.00 बजे तक तथा मतगणना की तिथि दिनांक 14.11.2025 को साहेबगंज जिला में शुष्क दिवस (Dry Day) घोशित करता हूँ। उक्त अवधि में सभी खुदरा उत्पाद दुकानें, रेस्तराँ एवं बार तथा झारंखझड़ राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लि0 का गोदाम बन्द रहेगी। उपरोक्त अवधि में किसी होटल, रेस्टोरेंट, बार, दुकान में अथवा अन्य किसी निजी अथवा सरकारी स्थान में कोई भी स्पिरिटयुक्त, मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति का अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जाएगा, न दिया जायगा और न वितरित किया जाएगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी, –सह–
उपायुक्त, साहेबगंज

PR 365040 Election(25-26).D



**कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी,**
**साहेबगंज वन प्रमण्डल,**
**साहेबगंज।**

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन अपराध में संलिप्त जप्त वन पदार्थ एवं वाहन के विरूद्ध न्यायालय प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी के न्यायालय में अधिहरण की कार्यवाही चल रही है। जप्त वन्य पदार्थ एवं वाहन की विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | C.C.No. | जप्ती तिथि | जप्त वन्य पदार्थ/वाहन का प्रकार एवं निबंधन संख्या एवं वन्य | घटना स्थल | अधिहरण वाद संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 501/2025 | 01.09.2025 | 178 पीस सेमल पटरा (1.2803 घ0मी0) | करमटोक पहाड़, पो0– बरमसिया, थाना– बरहेट, साहेबगंज। | 27/2025 |
| 2 | 757/2024 | 18.11.2024 | बोलेरो पिकअप भैन सं0–JH 18K 2791 सेमल बोटा–17 पीस, (1.7541 घ0मी0), सखुआ बोटा– 08 पीस (0.7859 घ0मी0) | लोहण्डा मुख्य सड़क के निकट, थाना–जिरवाबाड़ी, साहेबगंज। | 22/2024 |
| 3 | 653/2024 | 21.09.2024 | बोलेरो पिकअप भैन सं0–JH 17N/2118 सेमल चिरान पटरा–100 पीस, (0.6300 घ0मी0), सेमल चिरान चैनल –55 पीस (0.4015 घ0मी0) | बरमसिया बड़बाँध सड़क डुंगली ग्राम के निकट, साहेबगंज। | 12/2024 |
| 4 | 297/2025 | 25.05.2025 | महिन्द्रा बोलेरो मैक्स पिकअप भैन सं0–JH18M 7504, मोटर साईकिल होण्डा साईन– JH17S 6948 सेमल बोटा–21 पीस, (2.9971 घ0मी0) | कैरासोल बाँझी मुख्य सड़क पर कचौड़ी मौजा के समीप, थाना–तालझारी, साहेबगंज। | 21/2025 |
| 5 | 335/2025 | 25.06.2025 | सफेद रंग का बोलेरो पिकअप गाड़ी सं0– BR11GE 3580 सखुआ बोटा–17 पीस, (1.4948 घ0मी0) | लोहण्डा आई0टी0आई0 के समीप, थाना–जिरवाबाड़ी, साहेबगंज। | 22/2025 |
| 6 | 483/2025 | 09.08.2025 | डीजल लकड़ी नाव– 1 शीशम बोटा–12 पीस, (3.6096 घ0मी0) | मौजा–बाँसकोला गंगा घाट, पो0–सकरीगली, थाना– तालझारी, साहेबगंज। | 26/2025 |

अतः समाचार पत्र के माध्यम से निर्देश दिया जाता है कि दिनांक–13.11.2025 को 03:30 बजे अपराह्न में प्रमण्डलीय न्यायालय में उपस्थित होकर जप्त वन पदार्थ एवं वाहन के स्वामी स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से समस्त अभिलेखों के साथ अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
साहेबगंज वन प्रमण्डला,साहेबगंज।

PR 365081 Sahabganj(25-26)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,साहेबगंज**

ई – निविदा आमंत्रण सूचना

e – Tender reference no. WRD/MID/SAHIBGANJ/F2 – 05/2025-26

Date- 31.10.2025

1 विभाग का नामः– जल संसाघन (लघु सिंचाई) विभाग, झारखण्ड, राँची।
2. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, साहेबगंज। मो0–9693906454
3. निविदा खोलने का स्थान– ई– प्रोक्योरमेंट सेल, मुख्य अभियंता कार्यालय ,लघु सिंचाई, दुमका ।
4. कार्य की विवरणीः–

| क | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रघन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | बेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई–निविदा खोलने की तिथि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | सावंलापुर मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार कार्य। | तालझारी | 14707889.00 | 294200 | 10000 | 10.11.2025 (पूर्वाह्न 10:30 बजे से) | 22.11.2025 (अपराह्न 5:00 बजे तक) | 24.11.2025 (अपराह्न 03:00 बजे) | 11 माह | योग्य श्रेणी |
| 2 | ग्राम– मंडलों में जोला आहर तालाब का जीर्णोद्धार कार्य। | पतना | 6645202.70 | 133000 | 10000 | | | | | |
| 3 | ग्राम– छोटा रांगा में जोला आहर तालाब का जीर्णोद्धार कार्य। | पतना | 4721506.24 | 94500 | 5000 | | | | | |
| 4 | ग्राम– आठगामा में सरकारी डायला जोला तालाब का जीर्णोद्धार कार्य। | पतना | 5156923.19 | 103200 | 10000 | | | | | |

नोटः– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। अग्रघन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
3. परिमाण विपत्र एवं EMD की राशि केवल online माध्यम से ही स्वीकार होगा। online माध्यम से किये गये भुगतान की पावति बेबसाइट पर आवश्यक रुप से अपलोड करेंगे।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
5. विस्तृत जानकारी के लिए http://jharkhandtenders.gov.in_ पर लॉग ऑन करे ।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, साहेबगंज

PR 365058 Minor Irrigation(25-26).D

### जेएसएलपीएस के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की डीसी ने की समीक्षा

# किसानों को स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि किसान अधिक लाभ कमा सकें : डीसी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में शनिवार को जेएसएलपीएस की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त ने जेएसएलपीएस अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की तथा पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति जानी।



समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि जिले के किसानों को स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि किसान अधिक लाभ कमा सकें। उन्होंने स्ट्रॉबेरी की मार्केटिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया, ताकि किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त हो सके। उपायुक्त ने कहा कि किसानों को अदरक एवं हल्दी की खेती के लिए भी प्रेरित किया जाए तथा इसमें जेएसएलपीएस की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि दुमका एवं मसलिया प्रखंड में स्ट्रॉबेरी की सफल खेती की जा रही है, जिसे और विस्तार देने की दिशा में कार्य किया जाए। साथ ही यह भी आकलन किया जाए कि जिले के किसानों को और किन फसलों की खेती से अधिक आय प्राप्त हो सकती है। उपायुक्त ने आगे कहा कि आईएफएससी क्लस्टर के अंतर्गत वाटर बॉडीज में मत्स्य पालन अवश्य कराएं, ताकि ग्रामीण स्तर पर आय सृजन के नये अवसर विकसित हों।

इसके उपरांत उपायुक्त ने दुमका प्रखंड अंतर्गत संचालित मंईयां आजीविका सिलाई केंद्र की समीक्षा की। बताया गया कि केंद्र में अब तक 1500 स्कूल ड्रेस तैयार किए गए हैं तथा प्रतिदिन लगभग 15 महिलाएं वहां कार्यरत हैं। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिले की जो महिलाएं घर पर ही सिलाई-बुनाई का कार्य कर रही हैं, उन्हें भी जेएसएलपीएस के माध्यम से सिलाई मशीन उपलब्ध कराई जाए तथा आर-सेटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक प्रखंड में मंईयां आजीविका सिलाई केंद्र संचालित करने की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य किया जाए, ताकि यह महिलाओं के लिए आय का एक मजबूत स्रोत बन सके।

# देवघर को मिलने वाला है नया न्यायिक परिसर, निरीक्षण के बाद निर्माण योजना को मिली रफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कौशल किशोर झा और डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने संयुक्त रूप से जिले में प्रस्तावित नए सिविल कोर्ट कैंपस हेतु चिह्नित भूमि का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने स्थल की भौतिक स्थिति का जायजा लेते हुए निर्माण के लिए तैयार डीपीआर के अनुरूप किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता और एजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि निर्माण कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा हो सके। निरीक्षण के दौरान गौरा मौजा में नए कोर्ट भवन निर्माण को लेकर स्थल की उपयोगिता, अधोसंरचना और पहुंच मार्ग की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने प्रस्तावित न्यायिक आवास परिसर की योजना पर भी विचार-विमर्श किया। ज्ञात हो कि नए कोर्ट भवन के लिए कुल 20 एकड़ भूमि को चिह्नित किया गया है, जबकि अतिरिक्त 12 एकड़ भूमि न्यायिक आवास के निर्माण के लिए आरक्षित की गई है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, अंचलाधिकारी मोहनपुर संतोष चौधरी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



## अवैध बालू ले जा रहे दो ट्रैक्टर जब्त




**दुमका।** खान निरीक्षक ने दुमका-भागलपुर मुख्य पथ के हरिपुर एवं भुरभुरी पुल के समीप से शनिवार को अवैध बालू ले जाते दो ट्रैक्टर को बालू समेत जब्त किया है। बालू समेत ट्रैक्टर को सुरक्षार्थ थाना को सुपुर्द कर दिया। मामले में डीएमओ आनंद कुमार ने बताया कि अवैध बालू के परिवहन की सूचना मिलने पर खान निरीक्षक मंजीत कुमार दुबे के नेतृत्व में दुमका - भागलपुर मुख्य मार्ग के हरिपुर एवं भुरभुरी पुल के समीप वाहनों की जांच की गई, जांच के क्रम में दो ट्रैक्टर बालू ले जाते पाए गए द्य खान निरीक्षक के द्वारा ट्रैक्टर को रोक कर चालक से कागजात की मांग की गयी, लेकिन चालक के द्वारा चालान नहीं दिखाया गया। जिस पर कार्रवाई करते हुए बालू समेत दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया एवं थाना को सुपूर्द कर दिया गया। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर में लगभग 200 सीएफटी बालू लोड था। डीएमओ आनंद कुमार ने कहा कि मामले की गहनता के साथ जांच की जा रही है, वाहन चालक, मालिक एवं संलिप्त लोगों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बोलेरो वाहन पलटी, तीन घायल

**जरमुंडी ।** बासुकीनाथ- नोनीहाट मुख्य सड़क मार्ग पर जरमुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत बोगली मोड़ पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की देर रात एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस हादसे में ड्राइवर समेत तीन लोग मामूली रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की तत्परता से सभी घायलों को वाहन से सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना के संबंध में बोलेरो चालक विशेश्वर कुमार ने बताया कि तीन अज्ञात बाइक सवार उनके वाहन का पीछा कर रहे थे। पीछा छुड़ाने के प्रयास में उन्होंने गाड़ी की रफ्तार बढ़ाई, जिसके बाद वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गयी। बोलेरो सड़क किनारे एक पेड़ से टकराने के बाद वहीं फंस गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

## बीडीओ ने विशेष कैंप को लेकर की बैठक



**गोपीकांदर।** गोपीकांदर प्रखंड सभागार में बीडीओ सह सीओ विजय प्रकाश मरांडी के अध्यक्षता में शनिवार को मतदान संबंधी एक विशेष कैंप में भाग लेने हेतु एक आवश्यक बैठक की गई। आयोजित बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के द्वारा मतदाताओं की मैपिंग ई रोल 2003 से संबंधित वैसे मतदाता जिसका जंक 1950 से लेकर 1987 के बीच है उनका कैटिगरी (बी ) तथा 1987 से 2004 के बीच के जन्मतिथि वाले मतदाताओं को कैटिगरी (सी) एवं इसके बाद के जन्म तिथि वाले मतदाताओं को कैटिगरी डी में एंट्री किया जायगा। इस बैठक में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी उमेश कुमार साह, बीएलओ सुपरवाइजर सह सहायक अभियंता सलीम मरांडी, मनोज टुडू, गणेश सोरेन सहित बीएलओ सदस्य मौजूद थीं।

## गुरु गोष्ठी सह मासिक बैठक



**गोपीकांदर ।** गोपीकांदर प्रखण्ड संसाधन केंद्र में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जियारुल इस्लाम की अध्यक्षता में शनिवार को गुरु गोष्ठी सह मासिक बैठक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों की मंडली के द्वारा नवपदस्थापित बीईईओ जियारुल इस्लाम और बीपीओ समीम परवेज़ को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित सह स्वागत किया गया। इस बैठक में प्रथम पाली में कन्या मध्य विद्यालय , मध्य विद्यालय छतरचूआं, राश मध्य विद्यालय दुर्गापुर मध्य विद्यालय दलदली तथा द्वितीय पाली में मध्य एवं विद्यालय अहरिचूआं, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोल्हा मध्य विद्यालय कारीपहाड़ी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुश्चिरा संकुल क्षेत्र के विद्यालयों के सचिव शामिल हुए। बैठक में अति जर्जर विद्यालय भवन तोड़ने लायक का आवेदन फोटो कार्यालय में भेजने, प्रोजेक्ट रेल परीक्षा की स्थिति, प्रयास कार्यकरम की समीक्षा, बायोमैट्रिक उपस्थिति छात्र एवं शिक्षक युडायस पोर्टल पर छात्रों का आधार सत्यापन एवं अपार जेनेरेशन युडायस अंतर्गत नामांकन, आधार एम.बी. यु. अपडेशन कैंप, एक पेड़ मां के नाम की विद्यालय वार उपलब्धि, मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार ,इको क्लब गठन की स्थिति, विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रशिक्षण की स्थति, विद्यालय प्रमाणीकरण की स्थिति पर चर्चा, स्मार्ट क्लास एवं आई.सी.लैब से संबंधित आई. एफ.ए. टैबलेट वितरण, पोशाक 25-26 का उपयोगिता प्रमाण पत्र, सहायक अध्यापक का अनुपस्थिति का मासिक विवरण की मांग सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में मंगल हांसदा, उमेश हेंब्रम, मृत्युजंय मरांडी, मनीष मंडल, दिलीप कुमार किस्कू, आशुतोष बास्की, उज्जवल पाल, ईसाक मरांडी, दीलिप तिवारी, अनिल हेंब्रम, सुनील कुमार पंडित सहित सैकड़ों शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# मधुपुर में धूमधाम से मनाया गया बाबा श्याम का जन्मोत्सव, निकली भव्य निशान यात्रा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**मधुपुर ।** शहर में स्थित श्री श्याम मंदिर, अग्रसेन भवन रोड और पंचमंदिर श्याम मंदिर में शनिवार को खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम और भक्तिमय माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर भव्य निशान यात्रा निकाली गई, जिसने पूरे शहर को श्याम रंग में रंग दिया।

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि यानी देवउठानी एकादशी के शुभ अवसर पर श्याम दीवानी टोली द्वारा यह भव्य आयोजन किया गया।

निशान यात्रा का शुभारंभ ठाकुरबाड़ी राम मंदिर से हुआ। 51 महिला भक्तों द्वारा संचालित इस निशान यात्रा ने गांधी चौक और हटिया रोड होते हुए कुंडू बंगला स्थित श्री श्याम मंदिर तक का सफर तय किया।

इस दौरान भक्तगण नाचते-गाते और जय श्री श्याम के जयकारे लगाते हुए नगर भ्रमण करते नजर आए, जिससे पूरा माहौल भक्ति और उल्लास से ओत-प्रोत हो गया।



बाबा श्याम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में, पूरे बाबा के दरबार और मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। इस पावन अवसर पर केक काटकर बाबा श्याम का जन्मदिन मनाया गया।

उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

यजमान राजू अग्रवाल के साथ, पुरोहितों ने संपूर्ण विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न करवाई।

संध्या के समय भजन कीर्तन का विशेष आयोजन किया गया, जहाँ स्थानीय और आमंत्रित गायकों द्वारा एक से बढ़कर एक भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर विकास डालमिया, पप्पू मरोदिया, मनोज डालमिया, सुनीता भोपालपुरिया, पायल मोदी, नीलम डालमिया, मनीषा डालमिया, रिंकी अग्रवाल, मंजू कलबलिया, अनिता कलबलिया, ज्योति डालमिया, रिद्धि सिंघनिया, रूपा शर्मा, संजू थर्ड, प्रीति टेकरीवाल, सुनीता टेकरीवाल, संगीता टेकरीवाल, सुधा गुटगुटिया, रेखा मोदी, लक्ष्मी कलबलिया, मुस्कान कलबलिया, दृष्टि पटेल समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जिले में जल्द ही 10 मोबाइल मेडिकल यूनिट होगी संचालित : डीसी



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने शनिवार को समाहरणालय परिसर से मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि जिले के दूरदराज़ इलाकों में रहने वाले लोगों को अब प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

उपायुक्त ने बताया कि जिले में जल्द ही कुल 10 मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित की जाएंगी, जिनमें से आज पहली वैन का शुभारंभ किया गया है। प्रत्येक वैन को एक-एक ब्लॉक में टैग किया जाएगा ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

उन्होंने कहा कि मोबाइल मेडिकल यूनिट विशेष रूप से उन क्षेत्रों में भेजी जाएगी जहां लोगों को स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुँचने में कठिनाई होती है। वैन में एक एमबीबीएस डॉक्टर, एक नर्स एवं एक एएनएम हर समय मौजूद रहेंगे। यह वैन एक छोटे अस्पताल की तरह कार्य करेगी, जिसमें प्राथमिक उपचार, दवाइयां और आवश्यक जांच की सुविधा उपलब्ध होगी।

उपायुक्त ने कहा कि इस पहल से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आम लोगों तक सुनिश्चित होगी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार आएगा।

# एक ही परिवार के चार सदस्य डायरिया चपेट में, पीते थे सरकारी नल की टंकी का पानी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**गोपीकांदर।** गोपीकांदर प्रखंड के पहाड़पुर गांव के एक ही परिवार के चार सदस्य डायरिया की चपेट चपेट में आने से सभी सदस्यों का तबियत बिगड़ने से सभी इजाज हेतु शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीकांदर में भर्ती कराया गया है। बता दें कि डायरिया के हुए सभी चारो सदस्य एक की परिवार के है जोकि प्रखंड क्षेत्र के सुरजूडीह पंचायत के पहाड़पुर गांव के रहने वाले हैं चारों को सीएचसी गोपीकांदर में भर्ती करवाया गया जहा पर सभी का इलाज चल रहा है डायरिया मरीजों में चाचा 45 वर्षीय छबिलाल हांसदा, भतीजी 16 वर्षीय शिवानी हांसदा, 14 वर्षीय रोसेबेला हांसदा, तथा भतीजा 11 वर्षीय रामजीत हांसदा शामिल है। इस परिवार में कुल नौ सदस्य हैं। मरीज के तीनों भाई बहन की मां हेमंती मरांडी ने बताया कि हम सभी परिवार के लोग गांव में जल जीवन मिशन से बने जलमीनार टंकी का पानी पीते थें उन्होंने बताया कि हमारे परिवार में कुल 9 सदस्य हैं जिसमें 4 सदस्यों का तबियत बिगड़ी और बाकी 5 सदस्य वर्तमान में स्वस्थ्य है।



इस संबंध में डॉक्टर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि मरीजों का ईलाज चल रहा है। स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने आगे बताया कि गांव में बिमारी ना फैले इसलिए पीड़ित गांव पहाड़पुर में रविवार से मेडिकल कैंप लगाया जायेगा। अभी तक डायरिया

# देवोत्थान एकादशी पर भगवान ने त्यागी योगनिद्रा, अब संपन्न होंगे रूके हुए शुभकार्य



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**जरमुंडी ।** कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष की देव उठनी एकादशी तिथि पर शनिवार बासुकीनाथ मंदिर सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र में सनातन धर्मावलंबियों ने हर्षोल्लास के साथ भगवान के योगनिद्रा से जागने का उत्सव मनाया। इस अवसर पर बासुकीनाथ के पंडा, पुरोहित व स्थानीय ग्रामीणों ने कई धार्मिक अनुष्ठान का धूमधाम से आयोजन किया। देवउठनी एकादशी के उपलक्ष्य पर बासुकीनाथ मंदिर प्रांगण में दिनभर भजन कीर्तन की समा बंधी रही। देशभर के विभिन्न स्थानों से श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ की स्पर्श पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर, भक्तों ने मंदिर परिसर में कई धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न करवाए। इस अवसर पर बासुकीनाथ मंदिर परिसर स्थित भगवान विष्णु मंदिर में पुजारी दिवाकर झा, राजेश झा सारंग बाबा सहित अन्य पुरोहितों के द्वारा भगवान को योगनिद्रा से जगाकर विधिपूर्वक षोडशोपचार पूजन किया। इस क्रम में विभिन्न वाद्ययंत्रों की मंगल ध्वनि के साथ मंदिर परिसर में सामुहिक वेदमंत्र गुंजते रहे। 'उत्तिष्ठ उतिष्ठ गोविन्द त्यज्य निद्रां जगत्पते।

त्वयि सुप्ते जगन्नाथ, जगत? सुप्तं भवेदिदम्?॥'

'उत्थिते चेष्टते सर्वमुत्तिष्ठोत्तिष्ठ माधव। गतामेघा वियच्चैव निर्मलं निर्मलादिशः॥'

'शारदानि च पुष्पाणि गृहाण मम केशव।'

देवोत्थान एकादशी, देव उठनी एकादशी, देव प्रबोधिनी एकादशी भी कहा जाता है। बासुकीनाथ के पंडित आशुतोष झा कहते हैं कि शास्त्रों में इस एकादशी का सर्वाधिक महत्व बताया गया है। देव उठनी एकादशी के व्रत का विशेष महत्व है। सुख, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति के लिए यह व्रत श्रेष्ठ उपायों में एक है। क्योंकि भगवान विष्णु, योगनिद्रा त्याग कर जब शेषशैय्या से जागते हैं, तो अपने भक्तों को आशीर्वाद देने के लिए आतुर रहते हैं।

## विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति और पाठ्यक्रम पूर्णता को लेकर डीसी ने दिए आदेश

**दुमका।** जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने शनिवार को सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को आदेश दिया है कि विद्यालयों में विद्यार्थियों की 75प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नियमित उपस्थिति से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। उपायुक्त ने यह भी आदेश दिया कि जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को दी जाने वाली मॉडल प्रश्नपत्रों का वितरण सभी प्रभारी शत-प्रतिशत पूरा करना सुनिश्चित करें, ताकि विद्यार्थी आगामी परीक्षा की बेहतर तैयारी कर सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में पाठ्यक्रम पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को पुनरावृत्ति और अभ्यास का पर्याप्त समय मिल सके। उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया है कि सभी विद्यालयों में प्री टेस्ट, फॉर्म भराने से पहले कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि कमजोर विद्यार्थी की पहचान कर आवश्यक क्लास चलाया जा सके, जिससे कमजोर विद्यार्थी भी वार्षिक परीक्षा 2026 में बेहतर परिणाम पा सके।

## जीवन प्रमाण पत्र बनाने को लेकर एसबीआई मुख्य शाखा में उमड़ी भीड़



**दुमका।** एसबीआई मुख्य शाखा दुमका में जीवन प्रमाण पत्र समर्पित करने के लिए शनिवार को पेंशनरों की भीड़ शुरुआती समय से ही काफी बढ़ गई। पेंशनर समाज के अध्यक्ष लक्ष्मी कांत ठाकुर सचिव तारणि प्रसाद कामत उपाध्यक्ष रामानंद मिश्र मीडिया प्रभारी कुंदन झा एवं बैंक के मुख्य प्रबंधक वीरेंद्र कुमार पेंशन शाखा के अजीत कुमार ने सदस्यों को काफी सहयोग किया और एक जगह के बजाय दो जगह ई केवाईसी करने की व्यवस्था की गई । बैंक मैनेजर स्वयं भी लगातार पेंशनरों के बीच उपस्थित रह सहयोग प्रदान करते रहे । ज्ञातव्य हो कि समाज के मीडिया प्रभारी कुंदन झा के द्वारा रुग्ण पेंशनरों का ऑनलाइन लाइफ सर्टिफिकेट भी निःशुल्क समर्पित किया जा रहा है।इन कार्यों में मदद के लिए पेंशनर समाज के मोहम्मद अलाउद्दीन अब्दुल रशीद बाणेश्वर राय पुरन देशवाल अरविंद मिश्रा रामेश्वर तिवारी ग़नोरी प्रसाद राय राधे मिस्त्री दुर्गा प्रसाद चौरसिया शिवलाल मरांडी राम पत रविदास सनातन भूई शशि भूषण झा विजय कुमार एवं सेवारत पुलिसकर्मी आदि ने बैंक में उपस्थित रहकर काफी सहयोग प्रदान किया ।बैंक और समाज के द्वारा पूर्व में ही पेंशनरों को पांच उम्र समूह में बांट कर भीड़ को कम करने का प्रयास किया है जिस कारण भी कुछ देर के बाद भीड़ पर नियंत्रण किया जा सका । बैंक द्वारा पेंशनरों के लिए अतिरिक्त कुर्सी व्यवस्था,पेय जल उपलब्ध कराने के लिए बैंक मैनेजर को समाज के पदाधिकारियों ने धन्यवाद दिया तथा आशा व्यक्त किया कि प्रत्येक दिन जब तक जीवन प्रमाण पत्र समर्पित करने की कार्रवाई चलती रहेगी बैंक के द्वारा यह सुविधा प्राप्त होता रहे । आशा व्यक्त किया गया कि पूर्व से निर्धारित ग्रुप समूह के आधार पर अगर पेंशनर अपना जीवन प्रमाण पत्र समर्पित करें तो सेवा में सुविधा प्रदान की जा सकेगी ।आज पहले दिन ही दो शतक के लगभग पेंशनरों ने अपना जीवन प्रमाणन जमा कर पाया ।

## हरिद्वार से चल ज्योति कलश रथ यात्रा पहुंचा खरौनी बाजार, श्रद्धालुओं ने किया भव्य स्वागत



**गोपीकांदर ।** शनिवार को हरिद्वार से चल ज्योति कलश रथ यात्रा रथ गोपीकांदर प्रखंड के खरौनी बाजार पहुंचा जहां पर विहिप व बजरंग दल सदस्य और ग्रामीणों के द्वारा ज्योति कलश रथ का भव्य तरीके से खरौनी बाजार के लक्ष्मी मंदिर परिसर में स्वागत किया गया। रथ में माता भगवती देवी और परम पूज्यनीय गुरुजी और गुरू माता की मूर्ति लगी हुई है रथ को देखने और पूजा करने को लेकर ग्रामीण भक्तों भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीण भक्तों के द्वारा रथ की श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की गई। तथा हवन और गायत्री मंत्र कथा का आयोजन किया गया। रथ के साथ चल रहे साधु-संतों ने बताया कि अखण्ड ज्योति एवं वंदनीय माता भगवती देवी की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर ज्योति कलश रथ यात्रा गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से दिव्य अखंड दीप शताब्दी समारोह 1926 से 2026 के उपलक्ष्य पर निकाली गयी हैं जोकि पूरे भारतवर्ष का भ्रमण कर रही है हर एक राज्य, जिला और प्रखंडों से होकर यह ज्योति कलश रथ गुजर रही है उन्होंने आगे बताया कि दुमका जिले के गोपीकांदर प्रखंड से होकर पाकुड़िया प्रखंड के फुलझझरी और फुलझझरी में रात्री विश्राम कर अगले दिन पाकुड़िया होते हुए पाकुड़ की ओर प्रस्थान करेगी।

## तेज रफ्तार बाइक के धक्के से महिला की मौत

**सरैयाहाट ।** देवघर-हंसडीहा मुख्य माग एनएच 133 पर कोरदाहा गांव के पास सड़क दुघर्टना में 40 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गयी. महिला कोरदाहा गांव के ही मंटू मड़ैया की पत्नी सुलोचना देवी थी. सुलोचना सड़क क्रॉस कर रही थी कि अचानक तेज रफ्तार बाइक ने धक्का मारा दिया. इसके बाद वह सड़क पर गिर गयी. गंभीर चोट लगने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजेंद्र यादव दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे. बाइक को जब्त करते हुए शव को कब्जे में लेकर थाना ले आये. पंचनामा समेत अन्य कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम भेजने की तैयारी की जा रही है. ग्रामीणों ने बताया कि बाइक सवार कोठिया हाट से जमकर शराब पीकर तेजी एवं लापरवाही से बाइक चला रहा था. इस कारण घटना हुई. महिला को तीन पुत्री व एक पुत्र है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बन गया है.

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686